3 राजधानी
तीन सप्ताह और पानी की करें जांच: केजरीवाल

8 अभिमत
किशोरियों के लिए सक्रिय मीना मंच

13 विदेश
जापान में तूफान हगिबिस ने मचाई तबाही

14 स्पोर्ट्स
दूसरा टेस्ट भी हारा दक्षिण अफ्रीका



RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 7 अंक 334
नई दिल्ली, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




दीपिका डार्क रोमांटिक फिल्म की शूटिंग करेंगी

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

**महाराष्ट्र में चुनावी समर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी विपक्ष को खुली चुनौती

# दम हो तो 370 की वापसी का करो वादा

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई



महाराष्ट्र के भंडारा में चुनावी रैली में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है, प्रचार अभियान आक्रामकता बढ़ती जा रही है। भाजपा को फिर सत्ता तक पहुंचाने के लिए रविवार को जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में अनुच्छेद 370 और 35ए पर विपक्ष पर हमले बोले, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किसानों और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा। राहुल गांधी का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों को चुनौती दी कि हिम्मत है तो वे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने वाले अनुच्छेद 370 और 35ए को फिर से बहाल करने का वादा अपने घोषणा पत्र में शामिल करें।

महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर महज जमीन का टुकड़ा नहीं बल्कि भारत का ताज है। साथ ही उन्होंने कहा कि वहां पिछले 40 सालों से जो स्थिति थी, उसे सामान्य करने में चार महीने का भी समय नहीं लगेगा। न्होंने विपक्षी दलों पर अनुच्छेद 370 के मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसा लग रहा है कि अनुच्छेद 370 पर विपक्ष पड़ोसी देश की जुबान बोल रहा है। प्रधानमंत्री ने देवेंद्र फड़णवीस नीत महाराष्ट्र सरकार के पांच साल के प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यह भ्रष्टाचार मुक्त रहा तथा किसानों एवं उद्योगों समेत सभी के बीच भरोसा पैदा किया।

अनुच्छेद 370 के प्रावधान हटाने की प्रशंसा करते हुए मोदी ने कहा कि पहले यह अकल्पनीय था कि ऐसा कोई फैसला लिया जाएगा और पाया कि बीते सालों में जम्मू-कश्मीर में केवल अलगाववाद और आतंकवाद फैला है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि गरीब, महिलाओं, दलितों एवं शोषित वर्गों के विकास की संभावना क्षीण थी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में वाल्मीकि समुदाय के सदस्यों को मानवाधिकारों से भी वंचित रखा गया।

उन्होंने कहा, आज, मैं भगवान वाल्मीकि के सामने झुक कर कह सकता हूं कि मुझे उन भाइयों को अपनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मोदी ने कहा कि भाजपा नीत सरकार की कथनी-करनी में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने तीन तलाक प्रतिबंधित करने के मुद्दे को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे मुस्लिम बहनों को न्याय मिलते नहीं देख पा रहे। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने मुस्लिम ( शेष पेज 10 )

## मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रहे हैं मोदी: राहुल

**पायनियर समाचार सेवा।** लातूर



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मीडिया मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रहे है। महाराष्ट्र में लातूर जिले के औसा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि जब युवा नौकरी मांगते है तो सरकार उन्हें, इसरो के हालिया चंद्र अभियान, चंद्रयान -2 के स्पष्ट संदर्भ में, चांद देखने के लिए कहती है।

उन्होंने यह भी जानकारी देने को कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ हाल में हुई बैठक के दौरान मोदी ने क्या उनसे 2017 डोकलाम गतिरोध के बारे में पूछा। वह 2017 में भारतीय क्षेत्र में चीनी सैनिकों की कथित घुसपैठ का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने 15 अमीर लोगों का 5.5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया। गांधी ने आरोप लगाया, मीडिया, मोदी और शाह का काम मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना है। किसानों के संकट और नौकरियों की कमी पर मीडिया चुप है। मीडिया अमीर लोगों की कर्ज माफी पर भी चुप्पी साधे है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी और वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) का उद्देश्य गरीबों की जेबों से पैसा निकाल कर अमीरों को देना था। गांधी ने कहा, जब युवा नौकरियां मांगते है तो सरकार उन्हें चांद देखने के लिए कहती है। सरकार अनुच्छेद 370, चांद की बात करती है लेकिन देश की समस्याओं पर चुप है।

# दिल्ली आया पराली का धुआं, खराब श्रेणी में वायु प्रदूषण

- औसत एक्यूआई 268 पर पहुंचा, आनंद विहार, वजीरपुर और गाजियाबाद की सबसे खराब स्थिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पड़ोसी** राज्य हरियाणा और पंजाब में धान की पराली जलाने की घटनाएं बढ़ने का असर दिखने लगा है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती धुंध और धुएं के चलते रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 268 पर पहुंच गया, जो खराब श्रेणी में आता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सभी संबंधित सरकारों और एजेंसियों को मिलकर पराली के जलने पर रोक लगानी होगी अन्यथा वायु प्रदूषण रोकने के दिल्ली सरकार के सभी प्रयास बेकार चले जाएंगे।

वायु प्रदूषण के लिहाज से संवेदनशील आनंद विहार और बवाना सहित कुछ अन्य इलाकों में सूचकांक 300 अंक को पार कर गया, जिसे बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक पर आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता 327, जबकि वजीरपुर में 323, विवेक विहार में 317, मुंडका में 309, बवाना में 302 और जहांगीरपुरी में 300 के स्तर पर रही। गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, ग्रेटर नोएडा, बागपत, मुर्थल में एक्यूआई क्रमश: 320, 310, 290, 233, 280, 259 और 245 रहा। ( शेष पेज 10 )

### वायु गुणवत्ता का स्तर

**प्रदूषण** नियंत्रण विभाग के अनुसार 0 और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी का माना जाता है।

### प्रदूषण रोकने के उपाय 15 से हो सकते हैं लागू

**हवा** की दिशा भी पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी हो गई है। इससे भी हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने से धुआं और धूल के कण राजधानी के वातावरण में आकर छा जाते हैं। वायु प्रदूषण से लड़ने के लिए राजधानी-आसपास के इलाके में 15 अक्टूबर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत कड़े कदम उठाए जाएंगे। इनमें बस और मेट्रो सेवा में बढ़ोतरी की जाएगी। पार्किंग फीस में बढ़ोतरी और डीजल जेनरेटर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया ( शेष पेज 10 )

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 33.0°C (0) |
| न्यूनतम | 20.8°C (+1) |

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,127 | |
| निफ्टी | 11,305 | |
| सोना | 39,160 | /10g |
| चांदी | 46,900 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### महाराष्ट्र में नदी में डूबने से चार युवकों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में रविवार को जम्बूवंती नदी में तैराकी के दौरान चार लोगों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने आज इसकी जानकारी दी। बुलढाणा के पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना चिखली शहर मे लगभग शाम चार बजे हुई। उन्होंने बताया कि 18 से 20 साल उम्र वर्ग के छह लड़के नदी में तैरने गए। उन्होंने बताया कि उनमे से चार ने नदी मे छलांग लगा दी जबकि दो ने साहस नही किया। कुछ समय बाद चारो युवक जब पानी से बाहर नही आए और जब उनके दोस्तो ने उन्हे कही नही देखा तो उन्होने स्थानीय लोगो को इस बारे मे बताया, जिन्होने पुलिस को इसकी सूचना दी।

#### वंदे भारत में एसी और पंखे के बिना एक घंटे तक रहे यात्री

**नई दिल्ली।** वाराणसी-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में आई तकनीकी खामी की वजह से यात्रियो को करीब एक घंटे तक एसी, पंखे और प्रकाश के बिना काम चलाना पड़ा। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। ट्रेन में बिजली मुहैया कराने वाले कन्वर्टर फेल होने से यात्रियो को यह परेशानी हुई। उन्होंने बताया कि ट्रेन के एसी ने इलाहाबाद पहुंचने से 10 मिनट पहले शाम चार बजकर 50 मिनट पर काम करना बंद कर दिया। इस खामी को ठीक करने के बाद ट्रेन शाम छह बजे रवाना हुई। इस दौरान ट्रेन मे मूलभूत सुविधाएं मौजूद नही थी।

#### जाली नोट गिरोह का भंडाफोड़ चार लोग गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर मे पुलिस ने जाली नोट छापने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से 14 लाख रूपए मूल्य के जाली नोट जब्त किए गए। जाली नोट छापने वाले का पता तब चला जब शनिवार शाम को कुछ दुकानदारो ने दो व्यक्तियो को जाली नोट चलाने का प्रयास करते हुए पकड़ा और उन्हे पुलिस के हवाले कर दिया।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जल्द 120 की रफ्तार में भरेंगे फर्राटा

- स्पीड लिमिट बढ़ाने के लिए एनएचएआई लिखेगी दिल्ली पुलिस को खत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली-मेरठ** एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों को ओवरस्पीड में चालान का भय नहीं सताएगा और शीघ्र ही लोग यहां 120-100 किलोमीटर की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे। दिल्ली से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, इंदिरापुरम, गाजियाबाद और मेरठ आने-जाने की राह आसान बनाने वाले इस एक्सप्रेसवे पर वाहन चालक स्पीड का चालान कटने की शिकायतें कर रहे थे। अब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस राजमार्ग पर गति बढ़ाने के लिए दिल्ली पुलिस को पत्र लिखने का फैसला लिया है।

मौजूदा समय में 98 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 70 किमी प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 40 किमी प्रति घंटा है। वाहन चालकों की शिकायत है कि दिल्ली पुलिस उन लोगों के घर ई-चालान भेज रही है जो यहां कथित रूप से 70 की स्पीड से ऊपर वाहन चलाते हैं। बड़ी संख्या में लोगों को ऐसे चालान मिले हैं। ओवरस्पीड का जुर्माना बीते एक सितंबर से लागू हुए नए मोटर वाहन कानून में 400 रुपये से बढ़ाकर 5,000 कर दिया गया है।

आम जनता से मिल रही शिकायतों के मद्देनजर, कल्याणपुरी सर्किल के यातायात निरीक्षक (दिल्ली पुलिस) ने सितंबर में एनएचएआई को ( शेष पेज 10 )

## मोदी की भतीजी से पर्स छीनने वाला बदमाश हुआ गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- सोनीपत में की घेरेबंदी, पर्स, दोनों मोबाइल व अन्य सामान बरामद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की भतीजी का पर्स छीनकर भागने वाले झपटमारों में से एक को पुलिस ने सोनीपत से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 24 घंटे में घटना का खुलासा करते हुए कहा कि बदमाश का नाम नोनू है। उसके पास से पीड़ित दमयंती मोदी का पर्स और दोनों मोबाइल भी बरामद हो गए हैं। वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी जब्त कर ली गई है। झपटमार के साथी की तलाश जारी है। दमयंती प्रधानमंत्री मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी की बेटी हैं।

उत्तरी दिल्ली की डीसीपी मोनिका भारद्वाज ने रविवार को बताया कि झपटमारी में शामिल 21 साल के गौरव उर्फ नोनू को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया गया। दूसरे आरोपी बादल को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा। दमयंती परिवार के साथ पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से ऑटो से सिविल लाइंस स्थित गुजराती समाज भवन पहुंची थीं। यह जगह एलजी हाउस के बिलकुल करीब है और यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहते हैं।

सूरत में रहने वाली दमयंती ने बताया कि अपने पति विकास मोदी और दो बेटियों के साथ शनिवार सुबह अमृतसर से दिल्ली लौटी थीं। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से सुबह 6:30 बजे ऑटो लेकर वे लोग गुजराती समाज भवन पहुंचे थे। यहां पर उनका कमरा बुक था। मेन गेट पर ऑटो से उतरकर वह सामान संभाल ही रही थीं कि सामने से स्कूटी पर आए दो बदमाश उनका पर्स छीनकर फरार हो गए। दमयंती के बैग में करीब 56 हजार रुपये, दो मोबाइल फोन, पैन कार्ड और अन्य जरूरी कागजात थे।

शनिवार शाम 4 बजे उन्हें अहमदाबाद के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। इसके टिकट भी बैग में ही थे। बेटी के साथ लूट का पता चलते ही पिता प्रह्लाद मोदी ने घटना पर अफसोस जताया और उन्हें थाने में शिकायत देने को कहा। सिविल लाइंस पुलिस थाने में केस दर्ज हुआ। हाईप्रोफाइल मामला होने के चलते पुलिस फौरन हरकत में आ गई। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ले ली। उसमें स्कूटी सवार बदमाश साफ दिखाई दे रहे हैं। देर रात तक ही पुलिस ने आरोपियों की घेरेबंदी कर दी।

## अयोध्या विवाद में आज से अंतिम दौर की सुनवाई

- पीठ ने इस मामले मे न्यायालय की कार्यवाही पूरी करने की समय सीमा 17 अक्टूबर तय की है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**दशहरा** की हफ्ते भर की छुट्टी के बाद उच्चतम न्यायालय में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले की सुनवाई सोमवार को अंतिम चरण में प्रवेश कर जाएगी और न्यायालय की संविधान पीठ 38 वें दिन इस मामले की सुनवाई करेगी।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने इस जटिल मुद्दे का सौहार्दपूर्ण हल निकालने के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया के नाकाम होने के बाद मामले में छह अगस्त से प्रतिदिन की कार्यवाही शुरू की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2014 के फैसले के खिलाफ शीर्ष न्यायालय 14 अपीलों पर सुनवाई कर रहा है। पीठ ने इस मामले में न्यायालय की कार्यवाही पूरी करने की समय सीमा की समीक्षा की थी और इसके लिए 17 अक्टूबर की सीमा तय की है। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायामूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस ए नजीर भी शामिल हैं। न्यायालय ने अंतिम चरण की दलीलों के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए कहा था कि मुस्लिम पक्ष 14 अक्टूबर तक अपनी दलीलें पूरी करेंगे और इसके बाद हिंदू पक्षकारों को अपना प्रत्युत्तर पूरा करने के लिए 16 अक्टूबर तक दो दिन का समय दिया जाएगा।

इस मामले में 17 नवंबर तक फैसला सुनाए जाने की उम्मीद है। इसी दिन प्रधान न्यायाधीश गोगोई सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## पाक ने तोड़ा संघर्षविराम एक जवान शहीद

**एजेंसी।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से की गई गोलीबारी में रविवार को सेना का एक जवान शहीद हो गया। सेना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में बिना उकसावे के भारतीय चौकियों पर गोलीबारी करके संघर्षविराम का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में घायल सेना के जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। भारतीय सेना इस गोलीबारी का माकूल जवाब दे रही है।

दूसरी ओर जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा किए गए ग्रेनेड हमले के बाद यहां सुरक्षा और बढ़ाई गई है। शनिवार को हुए इस हमले में सात लोग घायल हो गए थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लालचौक, जहांगीर चौक, हरिसिंह हाई स्ट्रीट, रीगल चौक, टीआरसी चौक, पोला व्यू और सिटी सेंटर के आसपास के क्षेत्रों में उड़न दस्तों के साथ ही और सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। वाहनों और लोगों की तलाशी भी ली जा रही है। अधिकारी ने बताया कि सिटी सेंटर से कुछ सौ मीटर दूर हरिसिंह हाई स्ट्रीट मार्केट में शनिवार को ग्रेनेड हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि आम लोगों और रेहड़ी-पटरीवालों के मन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए प्रशासन ने कदम उठाए हैं।

# आधुनिक जमाने के साथ संघ की कदमताल

### मेट्रो शहरों में आईटी शाखाओं का तेजी से विस्तार, संख्या पहुंची 13 हजार

**दीपक कुमार उप्रेती।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ अब आधुनिक जमाने के साथ कदमताल कर रहा है। तमाम जागरूकता अभियानों के साथ-साथ एक और खास बात यह है कि संघ सूचना-प्रौद्योगिकी शाखाओं पर जोर दे रहा है। इनसे आईटी प्रोफेशनल जुड़े हैं जो संघ को रूढ़िवादी छवि से छुटकारा पाने और नई तकनीक के इस्तेमाल में मदद कर रहे हैं। ये भी इतनी लोकप्रिय हो रही हैं कि सप्ताह में एक बार लगने वाली इन शाखाओं की संख्या 13,000 के पार पहुंच चुकी है। देशभर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की 60,000 शाखाएं लगती हैं और इन में हर साल 20 प्रतिशत का इजाफा हो रहा है।

संघ की नजर तेजी से होते शहरीकरण और मेट्रो शहरों के विस्तार पर है। वह यहां आईटी क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल को अपने साथ जोड़ रहा है। संघ ने मोहन भागवत के नेतृत्व में अपने दरवाजे बाहरी दुनिया के लिए खोलने और नई पीढ़ी के आईटी प्रोफेशनल को साथ लाने पर काफी जोर दिया है ताकि संघ को लगातार बदलते आधुनिक तकनीकी दौर के साथ कदम मिलाने में सहायता मिल सके। लगभग 94 साल पुराना यह संगठन इस मोर्चे पर अब तक कमजोर रहा है।

संघ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आईटी हब पुणे, बेंगलुरू और हैदराबाद में संगठन की 13,000 शाखाएं लग रही हैं जहां बड़ी संख्या में शाम को आईटी पेशेवर आते हैं। यहां ये सुरक्षा और साफ-सफाई जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हैं। पहली आईटी शाखा 2006 में पुणे में लगी थी। उसकी सफलता के बाद से संघ ने इस तरफ ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया।

इन शाखाओं को आईटी मिलन का नाम दिया गया है और इन्हें मेट्रो शहरों के पास स्थित गांवों तक पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है। पिछले साल बेंगलुरू में कई आईटी पेशेवरों ने आठ दिन की छुट्टी ली और गांवों में आयोजित होने वाले संघ के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ जल संरक्षण, पर्यावरण और कृषि जैसे क्षेत्रों पर चर्चा की।

संघ प्रमुख इन मुद्दों के प्रति जागरूकता के लिए बहुत अधिक फोकस कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार संघ शीघ्र ही मुम्बई और उसके बाद तेलंगाना में आईटी प्रोफेशनल के लिए अति प्रभात शाखाएं शुरू करेगा। दावा किया जा रहा है कि ऐसी शाखाओं की संख्या बढ़ाकर एक लाख करने का लक्ष्य है।

## भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश: विश्वबैंक

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**वैश्विक** अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है। इससे 2019 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर कम होकर 6 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी व्यापक संभावनाओं के साथ तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्वबैंक के अर्थशास्त्री ने रविवार को यह बात कही। विश्वबैंक के मुख्य अर्थशास्त्री (दक्षिण एशिया) हंस टिम्मर ने बताया कि हालिया सुस्ती के बावजूद भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उसके आर्थिक वृद्धि के आंकड़े दुनिया के अधिकांश देशों से अधिक है। दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस के ताजा संस्करण में विश्वबैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर छह प्रतिशत कर दिया। ( विस्तृत पेज 12 )

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 14 अक्टूबर 2019



# हाईटेक शहर में पुलिस के लिए चुनौती बने बदमाश

## पिछले साल लूट, झपटमारी की हुई थी 81 वारदात, इस साल 121 घटनाएं दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर पुलिस हाई अर्ल्ट पर है। वहीं आकंड़ों की बात करें तो नोएडा में स्ट्रीट क्राइम में तेजी से इजाफा हुआ है। पिछले साल 2018 में लूट, छिनैती और स्नेचिंग की 81 घटनाएं हुई थी, जबकि इस वर्ष में अबतक 121 घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस की काफी कोशिशों के बावजूद बदमाश दिनदहाड़े सड़क पर लूट, छिनैती और स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

स्ट्रीट क्राइम रोकथाम के लिए पुलिस काफी प्रयास कर रही है काफी बदमाश एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार भी हुए हैं लेकिन, दो राज्यों और दो जिलों की सीमाओं से जुड़े होने के कारण गौतमबुद्ध नगर चेन स्नेचर और मोबाइल लूट करने वालों के लिए सबसे पसंदीदा जगह बन चुका है। यहां बदमाश आसानी से चेन स्नेचर कर सीमा पार कर जाते हैं और पुलिस लकीर पीटती रह जाती है। महिलाओं के साथ होने वाले स्ट्रीट क्राइम को रोकने के लिए दी गई शक्ति दस्ता स्कूटी अब नोएडा के थानों में धूल फांखती नजर आ रही हैं।

कारण है कि नोएडा पुलिस में महिला पुलिसबल की कमी के चलते इनको चलाने वाला कोई नहीं है। यही हश्र नोएडा पेट्रोलिंग यूनिट (एनपीयू) का है। पुलिसबल में कर्मियों की कमी के कारण भी योजनाएं दम तोड़ती नजर आती हैं। इसके अलावा दिल्ली और हरियाणा से सटे होने के कारण बदमाश आपराधिक घटनाएं करके आसानी से फरार हो जाते हैं। इसलिए भी घटनाओं को शीघ्र खुलासा नहीं हो पाता है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कई स्थान ऐसे हैं जहां सबसे ज्यादा लूट, छिनैती और स्नेचिंग की वारदातें दर्ज की गई हैं। पुलिस विभाग का कहना है कि बढ़ते अपराधों और पुलिस बल की कमी को देखते हुए तकनीक के सहारे योजना तैयार की गई है। जहां-जहां हमारे हॉट स्पॉट हैं वहां वहां फोर्स की तैनाती के अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है।

जिससे कि कैमरे में अपराधियों के सारे डिटेल मिल जाए और अपराधियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई कर सकें। उनका कहना है कि गौतमबुद्ध नगर का जो बॉर्डर है और इंटरस्टेट डिस्ट्रिक्ट बॉर्डर है। जिसके कारण अपराधियों पर अंकुश लगाने में परेशानियां आती है। हमारा प्रयास रहेगा कि आसपास के डिस्ट्रिक्ट के पुलिस के साथ हम अपना कॉर्डिनेशन बनाते हुए महत्वपूर्ण सीमाओं पर भी कैमरे लगाए और इंटरस्टेट मूवमेंट के बारे में अपनी जानकारी शेयर करें।

### नोएडा की सड़कों से गायब हुई शक्ति

9 सितंबर 2017 को नोएडा के सेक्टर 6 में हरी झंडी दिखाकर तत्कालीन एडीजी लॉ एंड आर्डर ने शहर में 20 शक्ति नाम से स्कूटी चलाई। शक्ति नाम से चलाई गई यह स्कूटी आधुनिक सुविधाओं से लैस थी जिसमें वायरलेस, हूटर के साथ ही अन्य सुविधाएं भी दी गई थीं। जिन पर दो महिला कॉन्स्टेबलों को सवार होकर अपने-अपने इलाके में महिलाओं की समस्या और उनके साथ होने वाले अपराध को रोकने का काम करना था। लेकिन, अब ये शक्ति स्कूटी सड़कों से गायब होती दिख रही हैं। अब ये स्कूटी थानों में धूल फांक रही हैं जिस पर पर कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है।

## बंद फैक्ट्रियों में चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार

**नोएडा।** बंद पड़ी फैक्ट्रियों को निशाना बनाने वाले 5 बदमाशों को पुलिस ने सालारपुर अंडरपास के नजदीक चेकिंग में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1 तमंचा, 2 कारतूस, 6 मोबाइल, 1 कार और दो बाइक समेत लाखों का सामान बरामद किया है। पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

शुक्रवार देर रात पुलिस यमुना एक्सप्रेस वे के सालारपुर अंडरपास के नजदीक चेकिंग कर रही थी। वहां से कार में सवार 5 लोग गुजर रहे थे, जिनको पुलिस ने चेकिंग की उनके पास से हथियार बरामद हुए। इनकी पहचान बुलंदशहर निवासी चांद, फैजान, अजीम, इरफान और ग्रेटर नोएडा के जलपुरा गांव निवासी आबिद के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश बंद पड़ी फैक्ट्रियों में लाखों की चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से लाखों का सामान और कार व 2 बाइक भी बरामद की है।

## नाली विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े, जमकर चले लाठी-डंडे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● चार लोग हिरासत में लिए, तीन जख्मी

मसूरी थाना क्षेत्र के डासना में नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच आपस में जमकर पत्थरबाजी भी हुई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझाने बुझाने के बाद मामले को शांत कराया।

मिली जानकारी के अनुसार डासना नगर पंचायत द्वारा कॉलोनी में बरसाती नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कुछ जगह नाली की चौड़ाई कम कर दी गई थी। इस बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में लाठी-डंडे चलने लगे। इतना ही नहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पत्थरबाजी भी की। बताया जा रहा है कि इस दौरान दोनों पक्षों के करीब 3 लोग घायल भी हुए हैं। आनन-फानन में इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों के लोगों को शांत किया और घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों ही पक्षों के 4 लोगों को हिरासत में भी लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

मसूरी थानाध्यक्ष नरेश कुमार सिंह ने बताया कि डासना के कुरैशियान मोहल्ले में नाली के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। उनमें लाठी-डंडे के साथ पथराव भी हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। झगड़े में मामूली रूप से जख्मी 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## अतिरिक्त पैसा कर चुके जमा, फिर भी नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● परेशान आवंटी लगा रहे प्राधिकरण के चक्कर

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की लापरवाही शहर के आवंटियों पर भारी पड़ रही है। प्राधिकरण ने ऐसे हजारों आवंटियों को भी एक बार फिर से 1287 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से अतिरिक्त पैसे जमा कराने के नोटिस भेजे दिए हैं जो दो-चार साल पहले ब्याज समेत पूरा पैसा जमा करा चुके हैं। लाखों रुपये दोबारा जमा कराने का नोटिस मिलने से आवंटी परेशान होकर प्राधिकरण के चक्कर लगा रहे हैं।

उनका कहना है कि नोटिस मिलने के बारे में पूछते हैं तो अधिकारी एक-दूसरे के पास भेज देते हैं। आवंटियों ने पूरे मामले की शिकायत सीईओ को पत्र भेज कर की है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 46 गांवों के किसानों को हाई कोर्ट के आदेश पर प्राधिकरण ने 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा बांट दिया है। प्राधिकरण किसानों को दिए गए अतिरिक्त मुआवजे की इस रकम को आवंटियों से वसूलेगी। हाई कोर्ट का यह फैसला 2011 में आया था।

सेक्टर ओमीक्रॉन-1ए के आवंटी योगेंद्र सिंह मावी ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के नाम भेजे गए पत्र में कहा है कि उन्होंने 2017 में 1465 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से ब्याज समेत पूरा पैसा जमा करा दिया था। प्राधिकरण ने अब दोबारा अतिरिक्त मुआवजा जमा कराने के लिए नोटिस भेज दिया है। इसी तरह ग्रेनो वेस्ट क्षेत्र के सेक्टर-2 के प्लॉट संख्या 116 के आवंटी ने बताया कि उसने भी अतिरिक्त मुआवजे का पैसा 11 जनवरी 2014 से लेकर 4 जुलाई 2015 तक चार किस्तों में जमा करा दिया है।

वह भी 14 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ। इनकी मांग है कि गलत नोटिसों को वापस लिया जाए। जिन अधिकारियों ने बगैर जांच किए नोटिस जारी किए उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।


हिंडन पर बने छठ घाटों की सीढ़ियों का मरम्मत कार्य करते मजदूर।

## सड़कों की बदहाली को लेकर किया प्रदर्शन


पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● पूछा- 'डियर वीके सिंह हाउज द रोड सर...'

जिले के लोनी क्षेत्र में रहने वाले लोग विकास कार्य नहीं कराए जाने से बेहद नाराज हैं। लोगों का कहना है कि जितनी बड़ी संख्या में लोनी इलाके में लोग रहते हैं उसके हिसाब से यहां किसी तरह का विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। जबकि लोनी नगर पालिका के चेयरमैन से लेकर विधायक सांसद भाजपा के हैं।

इसको लेकर रविवार सुबह लोनी की इंद्रपुरी कॉलोनी के निवासियों ने सड़कों की बदहाली को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर जमकर नारेबाजी भी की। इतना ही लोगों ने 'डियर वीके सिंह हाउज द रोड सर...' के बैनर लेकर सांसद से सवाल भी किया।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि 2017 से लेकर अब तक सड़कें खुदी पड़ी हैं, जिसके कारण कॉलोनी में धूल-मिट्टी की भरमार है। कॉलोनी में गंदगी के ढेर लगे पड़े हैं, लेकिन नगर पालिका इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। इसके अलावा जितनी इस क्षेत्र की आबादी है उस हिसाब से यहां यहां विकास कार्य भी नहीं कराए गए हैं। लोगों का कहना है कि वैसे तो चारों तरफ मेट्रो का जाल बिछाया जा रहा है, लेकिन लोनी बॉर्डर तक ही मेट्रो सीमित है जबकि मंडोला तक मेट्रो का विस्तार किया जाना चाहिए और इलाके में फैली गंदगी के ढेर खत्म होने चाहिए। साथ ही यहां की गली और सड़कों को भी व्यवस्थित रूप देते हुए यहां का विकास कराया जाना चाहिए।




## संक्षिप्त समाचार


लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती अवसर पर समाजसेवी अरविंद गोयल को जेपी अवाड्र्स से सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडे।

### अरविंद गोयल जेपी अवाड्र्स से सम्मानित

**गाजियाबाद।** लोकनायक जयप्रकाश की 117वीं जयंती के अवसर जयप्रकाश जी के विचारों पर एक सम्मान समारोह 'जेपी अवाड्र्स' का आयोजन दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीयमंत्री महेंद्र नाथ पाण्डेय ने की। इस अवसर पर समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में देश विदेश में अतुलनीय योगदान देने वाले गाजियाबाद के वसुंधरा निवासी अरविंद गोयल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेंद्र नाथ पाण्डेय ने कहा कि अरविंद गोयल जैसी शख्सियत ही जयप्रकाश जी के सपनों को समाज में पंख देने का काम करती हैं और ये सरकार के न्यू इंडिया के सपनों का एक रोल मॉडल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल डॉ. मृदुला सिन्हा, श्याम जाजू, फिल्ममेकर मधुर भंडारकर समेत देश की कई मशहूर हस्तियां मौजूद रहीं।

### महर्षि वाल्मीकि का प्रकाटोत्सव मनाया

**गाजियाबाद।** लोनी में महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कई कॉलोनियों में झांकियों के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। शोभा यात्राओं का समापन बंथला महल कॉलोनी स्थित आश्रम पर हुआ। उधर शहर में मुख्य बाजार स्थित रामलीला मैदान, नाईपुरा कॉलोनी, बेहटा हाजीपुर गांव में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। इस अवसर पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर, नपा चेयरमैन रंजीता धामा, सतपाल प्रधान, मनोज धामा, राजीव पाहीवाल, पिंकी चौधरी, अमित प्रजापति, सरवन चंदेल, ओंकार सिंह, राजेश गहलोत, रामें प्रधान, इंदर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


पुलिस गिरफ्त में अवैध उगाही करने वाला युवक।

### अवैध उगाही करने वाला युवक गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेज-2 पुलिस ने ऑटो ड्राइवरों को डरा धमकाकर उनसे अवैध उगाही करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक उस्मान के डर के कारण कोई भी ऑटो चालक उसके खिलाफ लिखित शिकायत करने को तैयार नहीं था। इसकी गोपनीय जांच हेतु उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह को लगाया गया तो जांच में आरोप सही मिली जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। इसके कब्जे से अवैध रूप से टेम्पो चालकों से वसूले गए रुपये भी बरामद हुए हैं। पकड़े गया उस्मान जनपद गौतमबुद्धनगर के ककराला, फेज-2 का निवासी है।

## शातिर चोर सात दोपहिया वाहन समेत पकड़ा गया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद पुलिस ने शनिवार रात चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने 7 दोपहिया वाहन भी बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार आजाद उर्फ सलमान दिल्ली एनसीआर इलाके में वाहन चोरी की घटना को अंजाम देता था जिसे शनिवार रात चेकिंग के दौरान टीला मोड़ चौकी प्रभारी अरविंद चौधरी ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वाहन चोर पर 80 से ज्यादा वाहन चोरी, लूटपाट व छिनेती जैसे कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है।

## मजिस्ट्रेट की देखरेख में हिंडन पर बने छठ घाटों की सफाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हिंडन नदी का सौंदर्यीकरण अब मजिस्ट्रेट की देखरेख में होगा। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने बताया कि मजिस्ट्रेट की देखरेख में ही हिंडन नदी के सौंदर्यकरण के अलावा छठ घाट की साफ-सफाई जाएगी। उन्होंने निगम व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समय रहते घाटों की सफाई आदि का कार्य करवा दें।

आपको बता दें की डीए पांडे हिंडन नदी के सौंदर्यीकरण को लेकर पहले से ही गंभीर हैं। उन्होंने अपने नगर आयुक्त के कार्यकाल में नदी के किनारों का सौंदर्यकरण कराया था और छट घाट बनवाए थे।

उन्होंने बताया कि काम में कोई कोताही ना हो इसके लिए उन्होंने अपर नगर मजिस्ट्रेट सत्येंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी है जिनकी देखरेख में यहां कार्य कराएंगे। वहीं उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि वह छठ घाटों की मरम्मत आदि का कार्य समय रहते पूर्ण कर लें। सिंचाई विभाग को भी नदी से जलकुंभी हटवाने को कहा है।

## संदिग्ध हालत में फांसी पर झूलता मिला युवक

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र महाराजपुर गांव में शनिवार रात एक 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई है। हालांकि,परिवार वालों ने पुलिस को युवक द्वारा फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी करने की सूचना दी थी। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

लिंकरोड थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे मृतक के परिवार वालों ने खुदकुशी की सूचना 100 नंबर पर दी थी। मृतक इमरान (18 वर्षीय) काफी लंबे समय से बीमार होने के चलते डिप्रेशन में चल रहा था।

## नोंक-झोंक के बाद रैली को मिली जंतर मंतर जाने की इजाजत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर 11 अक्टूबर को मेरठ से निकली रैली रविवार को गाजियाबाद में यूपी गेट पहुंची। यहां दिल्ली पुलिस से नोंकझोंक और बिना ट्रैक्टरों के राजधानी में प्रवेश की शर्तों के बाद रैली दिल्ली में प्रवेश कर पाई।

रैली की अगुवाई कर रहे जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि देश में दिन प्रतिदिन बढ़ती जनसंख्या भारत की जहां एक तरफ आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रही है, वहीं क्षेत्रफल के चलते लोगों को अपने आशियाने तक नहीं मिल पाते।

ऐसे में बढ़ती जनसंख्या पर कोई कानून नहीं बनता तो एक समय ऐसा आएगा जब खाने को रोटी, पहनने को कपड़े और रहने को जमीन भी मुहैया नहीं हो पाएगी। रैली जंतर मंतर पर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपेगी।

## नवंबर से कटेंगे पानी के कनेक्शन प्राधिकरण का तीस करोड़ है बकाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● छूट के बावजूद आवंटी नहीं करा रहे बिल जमा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अब बकाए वाले कनेक्शन की पहचान कर उन्हें नवंबर के पहले सप्ताह से काटना शुरू करेगी। सबसे पहले बड़े बकायेदारों के कनेक्शन कटेंगे जिनमें ग्रुप हाउसिंग, बिल्डर सोसायटी, मॉल, होटल, इंडस्ट्री शामिल हैं। पानी का बकाया वसूलने के लिए प्राधिकरण बिल्डरों की तरह आरसी भी जारी करेगी।

बता दें कि आवंटियों पर करीब 30 करोड़ रुपये पानी का बिल बकाया है। बिल वसूलने के लिए प्राधिकरण ने ब्याज में छूट देने के लिए बोर्ड से प्रस्ताव पास कराया था जिसमें पहले महीने में बकाया जमा करने पर ब्याज में 40 प्रतिशत, दूसरे महीने में 30 प्रतिशत, तीसरे महीने में 20 प्रतिशत और इसके बाद दस प्रतिशत की छूट का ऑफर दिया था। अधिकारियों ने कहा कि इसके बावजूद कम ही लोगों ने बिल भरा।

## स्वर्णकार संघ ने निकाली शोभयात्रा

**गाजियाबाद।** स्वर्णकार संघ ने रविवार को लोनी में महाराजा अजमीढ़ देव जी की शोभायात्रा निकाली। स्वर्णकार संघ समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि स्वर्णकार समाज के लोग महाराज अजमीढ़ देव जी हर वर्ष आज के ही दिन धूमधाम से शोभयात्रा निकालते हैं। रविवार को निकाली शोभयात्रा दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर स्थित जौहरी एंक्लेव से शुरु होकर, शांति नगर, लक्ष्मी गार्डन, दो नंबर बस स्टेंड के पास स्थित भगवती मैरिज होम पर पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान आयोजकों द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई।


पश्चिम बंगाल में हुए आरएसएस कार्यकर्ता और उसके परिवार की निर्मम हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते संघ के कार्यकर्ता।

## मुठभेड़ के बाद डीजल चोर गिरोह के बदमाश फरार

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ के बाद बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए।

कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि शुक्रवार रात में वह पुलिस बल के साथ एक्सप्रेस वे पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गाजियाबाद की ओर से एक कैंटर आता दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने टैंकर को रोकने का इशारा किया तो उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बदमाश अंधेरे में पुलिस को चकमा देकर कैंटर से कूदकर भाग निकले।

## रेस्टोरेंट खोलने के दसवें दिन ही साझीदार गायब

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच कर रही पुलिस

ग्रेटर नोएडा के बीटा-1 सेक्टर स्थित बीटा प्लाजा में एक अक्तूबर को अपने साथी के साथ रेस्टोरेंट खोलने वाला युवक संदिग्ध हालात में लापता हो गया। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मूलरूप से शामली निवासी लोकेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह गुरुग्राम के एक होटल में नौकरी करता था। उसके साथ ही गांव नागराजादवार विकोल, टिहरी उत्तराखंड निवासी मनदीप रावत भी नौकरी करता था। दोनों में अच्छी दोस्ती हो गई। उन्होंने अपना अलग रेस्टोरेंट खोलने की योजना बनाई और बीटा प्लाजा में 25 हजार रुपये महीने में दुबई जायका नाम से रेस्टोरेंट किराये पर ले लिया। दस अक्तूबर को रात करीब आठ बजे मनदीप, लोकेंद्र से दस रुपये लेकर बीड़ी लेने गया था। इसके कुछ देर बाद ही उसने लोकेंद्र के मोबाइल पर कॉल की।


मनदीप ( फाइल फोटो )

लोकेंद्र व्यस्त रहने के कारण कॉल रिसीव नहीं कर पाया। इसके तुरंत बाद मनदीप ने रेस्टोरेंट मालिक नरोत्तम के पास कॉल की और बताया कि उसे कुछ लोग पीट रहे हैं। इसके बाद उसने फोन काट दिया। तभी से उसका फोन स्विच ऑफ है।

नरोत्तम का कहना है कि उन्होंने बीटा प्लाजा के आसपास सभी दुकानदारों से पूछा लेकिन, किसी ने भी मारपीट आदि की जानकारी नहीं दी। एसपी देहात रणविजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## हत्या के विरोध में संघ कार्यकर्ताओं ने शहर में निकाला कैंडल मार्च

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पश्चिम बंगाल में आरएसएस कार्यकर्ता बंधु प्रकाश और उनके पूरे परिवार की निर्मम हत्या से संघ और भाजपा के कार्यकर्ताओं में रोष है। हत्या के विरोध में नोएडा एक्सटेंशन के सुपरटेक ईको विलेज-2 में आरएसएस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक गीत गाया। गीत से सभी स्वयंसेवकों का मन उत्साह और जोश से भर उठा।

भारत माता के जयकारे और वंदे मातरम् से पूरी सोसाइटी गूंज उठी। इस दौरान लोगों ने कहा कि यह गूंज पूरे भारत में दिखना चाहिए। घर बैठने से कुछ नहीं होगा। कैंडल मार्च करने वाले लोगों में प्रमुख रूप से संघ के नगर सह-संपर्क प्रमुख नारायण गुप्ता, बस्ती कार्यवाह नीरज, बस्ती प्रमुख आशुतोष, पंकज, विनोद पंडिता, वीरेश्वर झा, गौरव, पराग, मण्डन मिश्रा, परमेश्वर दुबे और सत्येन्द्र समेत बड़ी संख्या में आरएसएस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के जियागंज इलाके में आठ अक्टूबर को संघ कार्यकर्ता बंधु प्रकाश और उनकी गर्भवती पत्नी तथा छह साल के बेटे अंगन का शव उनके घर में मिला था।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला से लूट ली चैन

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद की तुलसी निकेतन चौकी क्षेत्र में रविवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से चेन झटक ली और फरार हो गए।

दिल्ली के कस्तूरबा नगर निबासी गीता अपने बेटे अनुज के साथ स्कूटी से उसकी ससुराल मेरठ जा रही थी तभी पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चैन लूट ली और लोनी रोड की तरफ फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को फोन किया लेकिन, काफी देर बाद पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और झपटमारों की तलाश में जुटी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# बढ़ते अपराध पर चले राजनीतिक तीर

## सीसीटीवी से पकड़ा गया पीएम की भतीजी का लुटेरा : संजय सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी से झपटमारी की घटना के बाद राजधानी में अपराध को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) को लागू करने की मांग अपराधों में शामिल घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर निकालने के लिए की जा रही है।

यहां 80 प्रतिशत अपराधों में घुसपैठिए शामिल हैं। इसलिए वह एनआरसी की मांग कर रहे हैं लेकिन जब भी वह ऐसा करते हैं, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उनकी ढाल बन कर सामने आ जाते हैं।

वहीं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने तिवारी के बयान पर गंदी राजनीति बताते हुए कहा कि गृह मंत्रालय के अधीन दिल्ली पुलिस अपराध पर काबू नहीं कर पा रही है। केजरीवाल केंद्र सरकार को खत लिखकर अपराध काबू करने के लिए प्रभावी कदम उठाने का अनुरोध कर चुके हैं। इसके बावजूद मंत्रालय ने अब तक कोई कारगर कदम नहीं उठाया। उन्होंने पीएम की भतीजी से लूटपाट के खुलासे का श्रेय सीएम केजरीवाल की सीसीटीवी योजना को दिया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में दिल्ली में एनआरसी लागू करने को लेकर सवाल उठाया था और कहा था कि अगर शहर में यह कवायद शुरू होती है तो तिवारी सबसे पहले बाहर होंगे।

इस आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे हैं।

उसकी मदद से ही पुलिस पीएम की भतीजी से लूटपाट करने वाले लुटेरे को पकड़ पाई है। उन्होंने मोदी सरकार को घेरने के साथ ही निशाना भी साधा। सिंह के अनुसार दिल्ली में अपराध बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार को खत लिखकर कह चुके हैं कि अपराध रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग कर चुके हैं।

बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। भाजपा की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपराध तेजी से बढ़ रहा। नौ हत्या 24 घंटे में हुई, हजारों बलात्कार हुए, 224 राउंड फायर एक घंटे में हुए। फिर देश के पीएम की भतीजी से लूट हुई। अपराध रोकने की बजाए भाजपा के लोग राजनीति कर रहे।

भाजपा नेता कानून व्यवस्था के साथ गंदी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिसने भी अपराध किया। चाहे वो किसी भी धर्म या जाति का हो। घुसपैठिया हो या अंदरूनी अपराध करने वालों को पकड़ कर सजा दिलवाओ अपनी नाकामी का मत छुपाओ। ज्ञात हो कि राजधानी में अपराधों के लिए दोनों विपक्षी पाटियों एक दूसरे पर आरोप लगाती रहती है। आप सरकार ने पिछले दिनों दिल्ली पुलिस पर घेरते हुए अपराधों पर लगाम करने की अपील की थी।

## घुसपैठिए बने खतरा, इस लिए कर रहे एनआरसी की मांग : मनोज तिवारी



### भाजपा का मास्क बांटने केवल नौटंकी : आप

*मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्कूल, अस्पताल, बिजली पानी ठीक किया। अगर पुलिस केजरीवाल के पास होती तो यहां की कानून व्यवस्था इतनी खराब नहीं होती। केजरीवाल ने पूरी दिल्ली में सीसीटीवी लगवाए। उसी वजह से नरेंद्र मोदी की भतीजी का समान लूटने वाले पकड़े गए हैं। केजरीवाल के सीसीटीवी कैमरों की वजह से कई अपराधी पकड़े जा रहे हैं। भाजपा नेताओं को बिना कुछ जाने बयानबाजी से बचना चाहिए।*

*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी के बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर मास्क बांटने पर सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली वालों के घर मास्क भिजवा रही है। वहीं तिवारी मास्क बांट कर नौटंकी कर रहे हैं। उन्होंने इसे बंद करने की भाजपा नेता को नसीहत दी। संजय तिवारी को सलाह दी कि वह दिल्ली से कहे कि वह हरियाणा और पंजाब में फसल का अवशेष जलने को रोकें। उससे प्रदूषण कम होगा।*

# तीन सप्ताह और करें पानी की जांच



- इस साल अक्टूबर के पहले सप्ताह तक डेंगू का आंकड़ा 356 तक ही पहुंचा, पिछले वर्ष 650 केस सामने आए थे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डेंगू के खिलाफ महाअभियान के सातवें रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 10 हफ्ते, 10 बजे 10 दस मिनट अभियान के तहत पत्नी सुनीता के साथ घर में ठहरे पानी की जांच की। दोनों ने मिलकर घर में जमा साफ पानी को बदला। जिसके बाद सीएम ने लोगों से तीन सप्ताह और पानी साफ करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन तीन रविवार को घर में पानी की जांच कर परिवार को डेंगू के खतरे से पूरी तरह मुक्त करें।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अपील पर भारी संख्या में लोग भी डेंगू के खिलाफ अभियान में शामिल हुए। गत दिनों पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग भी इस मुहिम का समर्थन किया था। साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जुड़ने की अपील की थी। मुख्यमंत्री की कोशिशों के कारण डेंगू के मामले में आश्चर्यजनक रूप से कमी आई है। नगर निकायों के एंटी मलेरिया मुख्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार इस हफ्ते डेंगू के सिर्फ 74 ताजा मामले ही सामने आए हैं।

इस साल अक्टूबर के पहले सप्ताह तक यह आंकड़ा 356 तक ही पहुंचा है। वर्ष 2018 में इस समय तक करीब 650 मामले सामने आ चुके थे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी रविवार को अपने घर की चेकिंग करते फोटो शेयर की और लिखा आज सुबह फिर से 10 हफ्ते, 10 बजे 10 दस मिनट हर रविवार डेंगू पर वार।

अब तो घर में रुके साफ पानी को कहीं ठिकाना ही नहीं बचता। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय और राजेंद्र पाल गौतम ने भी अपनी फोटो वीडियो ट्विटर पर शेयर की। राय ने लिखा, डेंगू पर वार लगातार सातवें सप्ताह भी जारी है। धीरे-धीरे पूरी दिल्ली इस अभियान से जुड़ रही और डेंगू मुक्त हो रही है।

आप भी डेंगू मुक्त महाअभियान से जुड़े और दिल्ली को डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग करें। कई विधायकों ने आम लोगों ने भी सोशल मीडिया पर चेकिंग करते हुए अपनी फोटो शेयर की और कहा डेंगू हारेगा, दिल्ली जीतेगी।

## कच्ची कॉलोनियां वैध करने में मुख्यमंत्री रोड़ा : गुप्ता

**नई दिल्ली।** अनधिकृत कॉलोनियां नियमित करने में केजरीवाल सबसे बड़ा रोड़ा है। नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। सरकार ने पिछले साल चार वर्ष के कार्यकाल में कच्ची कॉलोनियों में एक भी काम नहीं कियाए केवल और केवल लोगों को गुमराह किया है।

## 'स्वच्छ हवा मुहैया कराना सरकार की जिम्मेदारी'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सर्दी शुरू होने से पहले ही रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के ऊपर धुंध छा गई। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता और खराब हो गई।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए कनॉट प्लेस के सेंटर पार्क में लोगों को मास्क बांट कर आप सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण नहीं कर पाने का सांकेतिक विरोध किया। मास्क लेने वालों को संबोधित करते हुए रविवार को मनोज तिवारी ने कहा कि प्रदूषण रोकने में दिल्ली सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। सीएम ने लोगों को भाग्य के भरोसे छोड़ दिया। इसलिए बढ़ते प्रदूषण से लोगों का दम घुटने लगा है।

इसके चलते लोग सैर करने की जगह घर में ही रहना पसंद कर रहे हैं। बच्चे सुबह मास्क लगाकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। नौकरीपेशा लोग प्रदूषण में आफिस जाने के लिए विवश हैं। आप सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने बताया कि प्रदूषण को कम करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन राज्य सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल हो चुकी है। मास्क बांटकर वह सोई हुई सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि सरकार काम करने की बजाय विज्ञापनों में प्रदूषण को कम करने का दावा कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण प्रदूषण कम हो रहा है जिसका श्रेय अरविन्द केजरीवाल देश और विदेश में लेने की कोशिश कर रहे हैं।

# बिजली चोरी के खिलाफ अभियान, 18 माह में 2500 से ज्यादा गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बिजली चोरी के खिलाफ अभियान के तहत दिल्ली में बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने पिछले डेढ़ साल में 5500 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की और इस मामले में 2500 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हुई है। डिस्कॉम सूत्रों ने बताया कि शिकायतों के आधार पर 4500 से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज की गईं और इस अवधि में 200 से अधिक लोगों को दोषी करार दिया गया।

दिल्ली में तीन बिजली कंपनी- बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल), बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और टाटा पावर डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) साठ लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली मुहैया कराती है। बिजली कंपनी के एक सूत्र ने बताया, दिल्ली में पिछले 18 महीने में बिजली चोरी की 5500 शिकायतों के बाद 4500 से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गई।

इन मामलों में 2500 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया और 200 से अधिक लोगों को दोषी ठहराया गया। बिजली चोरी के मामले में भारी जुर्माने और पांच साल तक जेल की सजा का प्रावधान है। इस साल अगस्त-सितंबर में कड़कड़डूमा की विशेष बिजली अदालत ने बिजली चोरी मामले में पूर्वी दिल्ली में 21 संपत्तियों को जब्त (और सीलिंग) करने का निर्देश दिया था। एक सूत्र ने बताया कि अनुमान के मुताबिक बिजली चोरी से दिल्ली की बिजली कंपनियों को सालाना 400 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होता है। उत्तरी, पश्चिमी और मध्य दिल्ली में दर्जनों क्षेत्र हैं जहां 25-40 प्रतिशत के बीच नुकसान होता है। उन इलाकों में बिजली चोरी पर लगाम लगाने में चुनौती का सामना कर रही हैं, जहां पर कई बार निरीक्षण दलों पर हमले की घटनाएं हुई हैं।


# शराब पीकर घर आए पति की पीटकर हत्या

- मृतक के भाई ने दर्ज कराया केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शराब पीने से मना करने पर नरेला इलाके में एक व्यक्ति की उसकी पत्नी की पीट पीटकर हत्या कर दी। शराब की आदत को लेकर पत्नी-पत्नी के बीच अकसर झगड़ा होता रहता था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जावेद को शराब पीने की आदत थी। इस बात को लेकर उसकी अपनी सलमा से विवाद चलता रहता था। शनिवार को जावेद नशे की हालत में घर लौटा और तो पत्नी ने उसे टोक दिया फिर क्या था पत्नी के सिर पर खून सवार हो गया और उसने



बुरी तरह पिटाई कर दी। पति अपने बिस्तर पर जाकर सो गया, सुबह के समय देखा कि जावेद मृत पड़ा है।

मामले की जानकारी परिवारवालों को मिली। जावेद के भाई अजीम ने आरोपी लगाया कि उसके भाई की हत्या उसकी भाभी ने कर दी है। पुलिस ने अजीम के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर सलमा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला से पूछताछ जारी है। वहीं सभी एंगल से जांच की जा रही है। वहीं सलमा ने मामले में संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

## उधारी नहीं चुकाने पर हत्या कर शव पार्क में फेंका, गिरफ्तार

**नई दिल्ली। शाहदरा इलाके में डियर पार्क में मिली लाश की गुत्थी को दिल्ली पुलिस ने सुलझा लिया है। मृतक की पहचान साहिल के रूप में हुई है और उसके हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधारी का पैसा नहीं लौटने पर हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। आरोपी की पहचान अरशद के रूप में हुई है। वह गाजियाबाद के शहीद नगर का रहने वाला है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार अरशद ने साहिल से पचास हजार रुपये उधार लिए थे जिसके वह चूका नहीं पा रहा था। साथ ही उसने जो दुकान की थी उसमें भी लगातार घाटा हो रहा था। साहिल को मारने की नियत से उसे दिल्ली के डियर पार्क ले गया और पहले ईंट से वार कर उसका गला रेत दिया। हत्या क बाद खून से सने कपड़ों को उसने छिपा दिया था। पुलिस ने सबसे पहले शव की पहचान की और मृतक के घर का पता लगाया। परिवार जन ने बताया कि साहिल स्कूटर पर सवार होकर घर से गया था, मगर देर रात घर नहीं लौटा। साथ ही जानकारी दी कि साहिल ने अरशद को उधार पैसा दिया था। अरशद को गिरफ्तार कर जांच शुरू हुई तो सारा घटनाक्रम खुल गया, और अरशद गिरफ्तार हो गया।**

## लूटपाट मामले में एक गिरफ्तार, दो नाबालिग धरे

**नई दिल्ली ।** सेंट्रल जिले की पुलिस ने कीर्ति नगर रेलवे लाइन के निकट लूटपाट के मामले का खुलासा 24 घंटे में करते हुए एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है।

मामले में दो नाबालिगों को भी धरा है। पुलिस ने इस वारदात में इस्तेमाल चाकू और लूट का सामान आरोपियों के कब्जे से बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त मनदीप सिंह रंधावा के अनुसार 11 अक्टूबर की शाम साढ़े छह बजे कीर्ति नगर में लूटपाट की शिकायत में मिली थी। शिकायत करने वाले व्यक्ति ने बताया कि घटना वाले दिन वह पैदल फर्नीचर मार्केट ब्लाक कीर्ति नगर जा रहा था। वह जैसे ही रेलवे लाइन पार कर रहा था लाइन पर बैठे चार लड़कों में से एक ने उसको पकड़ लिया और अन्य उसका बैग लूटने लगे।

## तिहाड़ जेल प्रशासन ने वाल्मिकी जयंती मनाने से रोका : चंद्रशेखर




- साथियों ने सोशल मीडिया पर दिया संदेश, भूख हड़ताल पर बैठे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भीम आर्मी प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद ने आरोप लगाया है कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने उन्हें वाल्मिकी जयंती नहीं मानने दी। जेल में बद चन्द्रशेखर ने अपने साथियों के लिए सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। प्रशासन के खिलाफ चन्द्रशेखर ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

साथ ही दिल्ली सरकार से धमकी भरे अंदाज में चेतावनी दी है कि अगर मामलों को सुलझाया नहीं गया तो आज(सोमवार) को सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ट्विटर पर टैग करते हुए उन्होंने वाल्मिकी जयंती मनाए जाने की अनुमति दिलवाने की जल्दी व्यवस्था करवाने की अपील भी की है। चंद्रशेखर के मीडिया प्रभारी कुश ने बताया कि तिहाड़ में करीब 500 लोग भूखे बैठे हैं।

कुश के अनुसार जयंती मनाने के लिए जेल प्रशासन से पोस्टर मांगे गए थे लेकिन उनकी मांग को नकार दिया गया, जिसके बाद अन्य कैदियों के साथ चन्द्रशेखर भूख हड़ताल पर बैठ गए। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा, दिल्ली के गृहमंत्री सत्येंद्र जैन ने मामले का संज्ञान लिया है और वो तिहाड़ प्रशासन से बात कर रहे हैं। संविधान हर किसी को धार्मिक आज़ादी देता है और इन लोगों को भी वाल्मिकी जयंती मनाने से नहीं रोका जाएगा।

# 'नजफगढ़ झील निजी भूमि है या जलाशय'

**एनजीटी का सवाल**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने गुड़गांव के उपायुक्त से यह पता लगाने के लिए एक विशेषज्ञ नियुक्त करने को कहा है कि नजफगढ़ झील निजी भूमि है या जलाशय है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हरियाणा और दिल्ली सरकारों द्वारा दायर रिपोर्ट में यह संदेह है कि यह निजी जमीन है, न कि झील। पीठ ने कहा, यह दावा साल 2005 के राजस्व रिकॉर्ड पर आधारित है। इस राजस्व रिकॉर्ड के विरुद्ध 1983 की एक गजट अधिसूचना में इलाके को एक झील दिखाया गया है।

गुड़गांव के उपायुक्त विभाग के एक विशेषज्ञ को नियुक्त करें जो राजस्व रिकॉर्ड की जांच करें। इसके बाद अगली तारीख से पहले कार्रवाई रिपोर्ट सौंपी जाए। यह आदेश तब आया है जब एनजीओ इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरीटे ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने अधिकरण को आश्वस्त किया था कि वह झील को जलाशय घोषित करेगी लेकिन इस बात को दो साल बीत चुके हैं। एनजीओ ने नजफगढ़ झील को जलाशय घोषित करने के लिए दिल्ली तथा हरियाणा सरकारों को निर्देश देने की मांग की है। यह झील दिल्ली और हरियाणा के गुड़गांव दोनों जगहों में आती है। याचिकाकर्ता के अनुसार डूब वाले क्षेत्र में निर्माण के कारण जलाशय को गंभीर खतरा है। हरियाणा सरकार ने एनजीटी से कहा था कि इसे जलाशय के रूप में स्वीकार कर लिया गया है।

## एसपीजी के डीजल वाहनों पर सुनवाई से इंकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के डीजल वाहनों के पंजीकरण की इजाजत नहीं दिए जाने के उसके फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया गया।

एनजीटी प्रमुख न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश के मद्देनजर इजाजत नहीं दी जा सकती कि दिल्ली में किसी नए डीजल वाहन का पंजीकरण नहीं हो सकता।

# राजधानी की तंग गलियों में आग बुझाना होगा आसान

## तीस करोड़ रुपए की लागत की 360 डिग्री तक मुड़ने वाली सात मशीनें दमकल विभाग में होंगी शामिल

- ऊंची मंजिलों पर फंसे लोगों को बचाने में मदद मिलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की तंग गलियों में आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को जल्द ही उंच तकनीक एवं प्रौद्योगिकी से लैस उपकरण मुहैया कराए जाएंगे। इन आधुनिक उपकरणों से दमकल कर्मियों के समक्ष पेश आने वाले खतरे भी कम होंगे और भीड़-भाड़



वाले इलाकों में इमारतों की ऊंची मंजिलों पर फंसे लोगों को कहीं अधिक तेजी से बचाने में मदद मिलेगी। इन उपकरणों में एक टर्नटेबल सीढ़ी (हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म), चार मल्टी आर्टिक्युलेटेड वॉटर टॉवर और दो रिमोट नियंत्रित अग्नि शमन मशीनें शामिल हैं।

इन उन्नत उपकरणों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ये मशीनें ऐसे समय में दिल्ली दमकल विभाग को मुहैया कराई जा रही है, जब राष्ट्रीय राजधानी में इस साल आग लगने की कई घटनाएं हुई हैं। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 30 करोड़ रुपए की लागत की सात मशीनों को विभाग में शामिल किया जाएगा।

दमकल विभाग के निदेशक विपिन केंटल ने कहा कि मल्टी आर्टिक्युलेटेड वॉटर टॉवर और रिमोट नियंत्रित अग्नि शमन मशीनें पहली बार खरीदी जा रही है।

वॉटर टॉवर मशीन तंग गलियों में आसानी से जा सकती हैं और 360 डिग्री मुड़ सकती है। यह आग लगने की स्थिति में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दमकल कर्मियों की मदद करेगी।

केंटल ने कहा, इस उपकरण का सबसे बड़ा फायदा यह है कि करोल बाग और चांदनी चौक जैसे इलाकों में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डीएमआरसी के जरिए टर्नटेबल सीढ़ी खरीदी जाएगी क्योंकि यह सरकारी ऑनलाइन मंच गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पर उपलब्ध नहीं है। दमकल विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, इन उपकरणों को डीएमआरसी के जरिए खरीदा जाएगा क्योंकि उसके पास वैश्विक निविदाओं की विशेषज्ञता है।

उल्लेखनीय है कि फरवरी में मध्य दिल्ली के करोल बाग स्थित चार मंजिला एक होटल में आग लगने से 17 लोगों की जान चली गई थी और अन्य 35 लोग घायल हुए थे, जिसके बाद उनकी मांग हुई थी। ज्ञात हो दिल्ली एक सैकड़ों इलाके है जहां पर फायर की गाड़ियों तो दूर आम बाइक तक नहीं पहुंच पाती। पूर्वी दिल्ली के कई इलाके है जहां पर आग लगाने पर काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

## खुदकुशी के संकेतों की पहचान करने के लिए छात्रों को मिला प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) में मनोविज्ञान के छात्रों को आत्महत्या की प्रवृत्ति की पहचान करने और आत्महत्या के प्रयासों को रोकने के लिए प्राथमिक मनौवैज्ञानिक उपचार मुहैया कराने का प्रशिक्षण दिया गया।

कुलपति अनु सिंह लाठर ने बताया कि विश्वविद्यालय का स्कूल ऑफ ह्यूमन स्टडीज आत्महत्या वाले व्यवहार के बारे में अपने छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। मनोविज्ञान के छात्रों को आत्महत्या के संकेतकों की पहचान के लिए जरूरी कौशल से प्रशिक्षित किया जा रहा।


**दक्षिणी दिल्ली नगर निगम**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नं. डी/ईई(एम-III)/द.दि.न.नि./2019-20/टीसी/12 दिनांक: 11.10.2019

दक्षिण दिल्ली नगर निगम (द.दि.न.नि.) पात्र ठेकेदारों/एजेंसियों से निम्न कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित करती है:

**कार्य का नाम:** "(1) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में म.नं. डब्ल्यू जेड-67ए गुरुनानक नगर से म.नं. डब्ल्यू जेड-118/3 संतगढ़ (त्यागी रोड) तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट द्वारा सड़क का सुधार। (2) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में म.नं. डब्ल्यू जेड-69 ओल्ड शाहपुरा से म.नं. डब्ल्यू जेड-35डी पृथ्वी पार्क और डब्ल्यू जेड-42 से डब्ल्यू जेड-40 पृथ्वी पार्क और डब्ल्यू जेड-50ए पृथ्वी पार्क से तिलक विहार स्कूल तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट द्वारा सड़क का सुधार। (3) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड संतगढ़ में म.नं. डब्ल्यू जेड-66 से डब्ल्यू जेड-63 (गली नं. 26) और डब्ल्यू जेड-75डी से डब्ल्यू जेड-274एफ (गली नं. 33) तक पीडीजी सीसी पेवर ब्लॉक द्वारा लेन का सुधार (4) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में गुरुनानक नगर में म.नं. डब्ल्यू जेड-40 से डब्ल्यू जेड-176बी (गली नं. 8) और संतगढ़ में डब्ल्यू जेड-80बी से डब्ल्यू जेड-75बी/1 (गली नं. 27) और ओल्ड शाहपुरा में डब्ल्यू जेड-124 से डब्ल्यू जेड-129 और गुरु नानक नगर में डब्ल्यू जेड-960 से डब्ल्यू जेड-964-965 तक पीडीजी सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा लेन का सुधार (5) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में संतगढ़ में म. नं. डब्ल्यू जेड-120डी से डब्ल्यू जेड-128 (गली नं. 29) और गुरु नानक नगर में डब्ल्यू जेड-300ए से डब्ल्यू जेड-285 और डब्ल्यू जेड-30सी से डब्ल्यू जेड-68बी/1 (गली नं. 2) में पीडीजी सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा लेन का सुधार (6) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में गुरु नानक नगर में डब्ल्यू जेड-57 से डब्ल्यू जेड-193 और डब्ल्यू जेड-41 से डब्ल्यू जेड-48 (गली नं. 6) और ओल्ड शाहपुरा में डब्ल्यू जेड-159 से डब्ल्यू जेड-163 (गली नं. 4) और पृथ्वी पार्क में डब्ल्यू जेड-32ए से डब्ल्यू जेड-35डी (गली नं. 6) तक पीडीजी सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा लेन का सुधार। (7) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में संतगढ़ में डब्ल्यू जेड-50/1 से डब्ल्यू जेड-10बी (गली नं. 24) और ओल्ड शाहपुरा में डब्ल्यू जेड-171 से डब्ल्यू जेड-175 (गली नं. 3ए) और संतगढ़ में डब्ल्यू जेड-325 से डब्ल्यू जेड-30 (गली नं. 18) तक पीडीजी सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा लेन का सुधार (8) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में ओल्ड शाहपुरा में म. नं. डब्ल्यू जेड-107 से डब्ल्यू जेड-90 (गली नं. 12) और संतगढ़ में डब्ल्यू जेड-59ए से डब्ल्यू जेड-58 (गली नं.5) और पृथ्वी पार्क में डब्ल्यू जेड-112 से डब्ल्यू जेड-29 तक पीडीजी सीसी पेवर ब्लॉक द्वारा लेन का सुधार। अनुमानित लागत : रु. 1,41,63,,000/- धरोहर राशि: रु. 2,83,000/- एचओए-एक्सएल-VIII-एस (डी), निविदा लागत रु. 1,000/-

**कार्य का नाम:** (1) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में म.नं. 24/27 तिलक नगर के निकट कर्ब स्टोन, इंटरलॉकिंग टाइल्स, ग्रिट वाश उपलब्ध करा कर पार्क की चारदीवारी का सुधार और पैदल रास्ते का निर्माण और म.नं. 7/39 और 13/36 बी तिलक नगर के निकट कंसर्टिना कॉयल फैंसिंग उपलब्ध करा कर पार्क का सुधार और म.नं. 1/30 तिलक नगर के निकट पटरी का सुधार। (2) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/ डब्ल्यूजेड अशोक नगर में एसडीएमसी स्टॉफ क्वाटर्स के सामने और सुपर मार्केट के पास पार्क में पीडीजी कर्ब स्टोन, इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा फुटपाथ का सुधार (3) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में म. नं. 7/10 तिलक नगर के पास पार्क की चारदीवारी का ग्रिट वाश और ईंटों के कार्य द्वारा निर्माण। (4) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/ डब्ल्यूजेड में म.नं. 55 जी ब्लॉक के निकट पार्क में पैदल रास्ते का कर्ब स्टोन, इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा निर्माण और डी ब्लॉक तिलक विहार में म.नं. 52 के पास पार्क में इंटरलॉकिंग टाइल्स उपलब्ध करा कर पैदल रास्ते का सुधार और सी ब्लॉक तिलक विहार में म.नं. 34ए के पास पार्क की चारदीवारी का सुधार (5) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड अशोक नगर में म.नं. 60/8 के पास पार्क में कोटा स्टोन और इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पैदल रास्ते का निर्माण (6) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/ डब्ल्यूजेड में म.नं. 18/5 से 18 ब्लॉक तिलक नगर के पास पीडीजी कर्ब स्टोन, इंटरलॉकिंग टाइल्स, ग्रिट वाश द्वारा पैदल रास्ते का निर्माण और पार्क की चारदीवारी का सुधार (7) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में म.नं. 12/46 तिलक नगर के पास पीडीजी कर्ब स्टोन, इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पार्क की चारदीवारी का सुधार और पैदल रास्ते का निर्माण (8) तिलक नगर वार्ड नं. 013-एस/डब्ल्यूजेड में डी-106 अजय एन्क्लेव के सामने मदर डेयरी पार्क में फुटपाथ, पार्क में स्पोर्ट्स एरिया में 7 मी. ऊंचाई का एमएस जाल और एसएस रेलिंग सहित एक्यूपंक्चर ट्रैक का निर्माण। (9) वार्ड नं. 12-एस, 13-एस, 14-एस पश्चिम क्षेत्र में एसी-29 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों, पार्कों, गलियों पर प्रीकॉस्ट आरसीसी चेयर बेंच (चेयर बेंच आर्म रेस्ट सहित) उपलब्ध कराना एवं लगाना। अनुमानित लागत: रु. 1,11,95,900/- धरोहर राशि: रु. 2,24,000/-, एचओए-एक्सएल-VIII-एस, निविदा लागत रु. 1,000/-

**कार्य का नाम:** (1) मिलाप नगर 018-एस में आर्य समाज रोड सी ब्लॉक सी-69 से सी-59 और सी-33-34 से सी-46 तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (2) मिलाप नगर 018-एस में आर्य समाज रोड सी ब्लॉक सी-39 से सी-145, सी-26 से सी-45 तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (3) मिलाप नगर 018-एस में आर्य समाज रोड सी-40 से डब्ल्यू जेड-144सी और डी-125 से डी 129 तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (4) मिलाप नगर 018-एस आर्य समाज रोड डब्ल्यू जेड-37 से बी-114 पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (5) मिलाप नगर 018-एस में आर्य समाज रोड ए-113 से ए-122 (गली नं. 39) तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (6) मिलाप नगर 018-एस में आर्य समाज रोड एफ-6 से एफ-52 (गली नं. 6) और एफ-3 से एफ-64 (गली नं. 7) एफ-ब्लॉक तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (7) मिलाप नगर 018-एस में आर्य समाज रोड एफ-2 से एफ-59 (गली नं. 8) और एफ-1 से एफ-70 (गली नं. 9) एफ-ब्लॉक तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (8) मिलाप नगर 018-एस में आर्य समाज रोड एफ-1 से एफ-45 एफ ब्लॉक तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (9) मिलाप नगर 018-एस में आर्य समाज रोड सोनिया स्टूडियो (ई-142) से गोयल संस (एफ-146ए) तक ड्रेनेज सिस्टम का सुधार (10) मिलाप नगर 018-एस में प्रेम नगर डब्ल्यू जेड-43ए से आरजेड-38 (गली नं. 13) तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (11) मिलाप नगर 018-एस में प्रेम नगर आरजेड-65से आरजेड-57 (गली नं. 16) तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (12) मिलाप नगर 018-एस में प्रेम नगर आरजेड-75से आरजेड-70 (गली नं. 17) तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (13) मिलाप नगर 018-एस में प्रेम नगर आरजेड-76से आरजेड-84 (गली नं. 20) तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास (14) मिलाप नगर 018-एस में जीवन पार्क सी-ब्लॉक में सी-70 से सी-39 और सी-69 से सी-75 तक पीडीजी रेडी मिक्स कांक्रीट ब्रिक वर्क द्वारा लेन और दोनों तरफ ड्रेन का सुधार/विकास अनुमानित लागत: रु. 1,22,09,100/- धरोहर राशि: रु. 2,24,000/-एचओए-एक्सएल-VIII-एस, निविदा लागत रु. 1,000/-

विस्तृत एनआईटी/पात्रता शर्तें www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER पर देखी जा सकती हैं। उपरोक्त निविदा(ओं) के संदर्भ में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र/अनुशेष, समय विस्तार आदि यदि कोई हो, उपरोक्त उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। निविदादाता इन निविदाओं के संदर्भ में स्वयं को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाईट देखते रहें।

Ro No. 72/DPI/S/19-20 कार्यपालक अभियंता (एम-III)/डब्ल्यू जेड

# गुरुग्राम जिले में दो सीटों पर बीजेपी तो दो पर निर्दलीयों का पलड़ा भारी

## इन दोनों सीटों पर आ सकते हैं चौंकाने वाले परिणाम

## बादशाहपुर से मंत्री राव नरबीर की टिकट कटने से बदले हैं समीकरण

## पटौदी से राव इंद्रजीत गुट के नेता को टिकट नहीं मिलना भी बन सकता है हार का कारण

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


सुधीर सिंगला।


मनीष यादव।


संजय सिंह।


सत्यप्रकाश जरावता।

**गुरुग्राम** जिला की चारों विधानसभा सीटों पर इस बार बीजेपी ने नए प्रत्याशियों को उतारा है। यानी जो विधायक यहां पिछली योजना में बने थे, उन्हें टिकट न देकर नये चेहरों पर दांव खेला है। इन नये चेहरों को कहीं कड़ी टक्कर के साथ सीटें फिसलती नजर आ रही हैं तो कहीं सीटें कड़ी मेहनत के बाद निकलती नजर आ रही है।

### गुड़गांव विधानसभा सीट

बात करें तो यहां पर बीजेपी की ओर से पूर्व मंत्री सीताराम सिंगला के एडवोकेट बेटे सुधीर सिंगला को टिकट दी गई है। जबकि यहां पर वर्तमान में सुधीर सिंगला के समधि उमेश अग्रवाल विधायक हैं। जब टिकट की घोषणा की गई तो यहां बीजेपी की हवा खराब ही कही जा रही थी। जैसे-जैसे चुनाव प्रचार आगे बढ़ रहा है, बीजेपी के पक्ष में माहौल बनता जा रहा है। टिकट न मिलने से नाराज हुये विधायक उमेश अग्रवाल को भी मना लिया गया है। अब वे सुधीर सिंगला के पक्ष में खुलकर आ गये हैं। इससे यहां के चुनावी समीकरण पूरी तरह से बीजेपी के पक्ष में हो गये हैं।

### विधानसभा बादशाहपुर

बात करें बादशाहपुर विस की तो यह विधानसभा क्षेत्र पूरे हरियाणा में सबसे अधिक क्षेत्रफल और मतदाताओं की संख्या के हिसाब से बड़ा है। गुरुग्राम को इसने चारों ओर से घेर रखा है। यहां से बीजेपी ने मंत्री राव नरबीर की टिकट काटकर भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष मनीष यादव को मैदान में उतारा है। मनीष यादव को निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जांघू दौलताबाद कड़ी टक्कर दे रहे हैं। पूर्व के चुनाव में भी राकेश ने इनेलो की सीट पर यहां से किस्मत आजमायी थी और बीजेपी प्रत्याशी राव नरबीर को कड़ी टक्कर दी थी। यहां से कांग्रेस उम्मीदवार एवं राव नरबीर के छोटे भाई कमलबीर चुनाव को त्रिकोणीय मुकाबला बना रहे हैं।

### विधानसभा सोहना

शिव की नगरी गर्म पानी के चश्मे के नाम से मशहूर सोहना विधानसभा से बीजेपी ने संजय सिंह को उतारा है। वे ठाकुर हैं और यह गढ़ भी ठाकुरों का है। इसलिए ठाकुर इस चुनाव को अपने सम्मान की लड़ाई समझकर लड़ रहे हैं। यहां भी समीकरण संजय सिंह के पक्ष में बन रहे हैं। जबकि दूसरे नंबर पर यहां से जजपा के प्रत्याशी रोहताश खटाना उनके मुकाबले में हैं। सीट यहां से भी बीजेपी की निकलती नजर आ रही है।

### विधानसभा पटौदी

**गुरुग्राम** जिला की चौथी विधानसभा है पटौदी। नवाब मंसूर अली खान का यह विस क्षेत्र सुरक्षित (रिजर्व) है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत का यह गढ़ है और यहां से उनके उम्मीदवार को टिकट देने की बजाय सीएम ने अपने चहेते सत्यप्रकाश जरावता को टिकट दिलवाई है।

हालांकि इस क्षेत्र में विधायक वही बनता है, जिस पर राव इंद्रजीत का आशीर्वाद हो। अगर इंद्रजीत विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार का भी साथ दें तो उसकी जीत निश्चित मानी जाती है। क्षेत्र में चर्चायें यह भी हैं कि इंद्रजीत का आशीर्वाद नहीं मिला तो बीजेपी इस सीट को गंवा देगी। उनको टक्कर देने के लिए बीजेपी की टिकट न मिलने पर बागी हुई आरएसएस के कार्यकर्ता नरेंद्र पहाड़ी सक्रिय हैं। निर्दलीय पर्चा भरकर वे चुनाव मैदान में हैं और यहां पर कुछ भी परिणाम संभव है। परिणाम चौंकाने वाले आ सकते हैं।

# गुरुग्राम में हुई पीठासीन अधिकारियों की दूसरी पायलट रिहर्सल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में रविवार को चारों विधानसभा क्षेत्रों नामत: पटौदी, गुड़गांव, सोहना व बादशाहपुर के पीठासीन व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों की दूसरी पायलट रिहर्सल आयोजित की गई। इस रिहर्सल में उन्हें ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग देने के साथ-साथ चुनाव प्रक्रिया ठीक ढंग से संपन्न करवाने संबंधी आवश्यक हिदायतें दी गईं।

ट्रेनिंग के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि मॉक पोल की शुरुआत सभी मतदान केंद्रों पर एक समय पर ही होनी चाहिए। मॉक पोल का समय सुबह 5:30 बजे निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी पीठासीन अधिकारी व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को बताया गया कि वे अपने पोलिंग बूथों के बाहर दो नोटिस लगाना सुनिश्चित करें, जिसमें से पहले नोटिस पर पोलिंग एरिया संबंधी आवश्यक जानकारी हो तथा दूसरा नोटिस फार्म नंबर-7ए का होना चाहिए, जिस पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम हिंदी व इंग्लिश में लिखे होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि पीओ व एपीओ सहित बूथ पर तैनात अन्य अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पोलिंग बूथ पर किसी भी उम्मीदवार या पार्टी की चुनाव सामग्री ना हो। इसके साथ ही पोलिंग स्टाफ यह सुनिश्चित करें कि चुनाव आयोग द्वारा पोलिंग बूथ की निर्धारित परिधि में किसी भी उम्मीदवार द्वारा अपनी पार्टी का प्रचार प्रसार ना किया जा रहा हो। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर कोई भी ऐसी सामग्री जैसे सिगरेट, माचिस, लाइटर, बीड़ी, तंबाकू या अन्य पदार्थ न ले जाए, जिसे चुनाव आयोग द्वारा प्रतिबंधित किया गया हो।


अधिकारियों की पायलट रिहर्सल के दौरान मंचासीन ऑब्जर्वर व अधिकारी।

# चुनाव हैं नजदीक, सुरक्षा व्यवस्था करें पुख्ता: ऑब्जर्वर

**गुरुग्राम।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर राजीव कुमार व मनोज खत्री ने राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर -14 में बनाए गए स्ट्रांग रूम व काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण किया।



उन्होंने वहां स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण इंतजामों को देखा और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि चुनाव को मात्र एक सप्ताह शेष हैं, ऐसे में जरूरी है कि सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समय रहते चुनाव संबंधी अपने संशयों को दूर कर लें, ताकि गलती की कोई गुंजाइश ना रहे। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर राजीव कुमार व मनोज खत्री, सोहना विधानसभा क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम चिनार चहल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आतंक से निपटने भारत मदद को तैयार: राजनाथ

## पटौदी में विधानसभा चुनाव प्रचार करने पहुंचे भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## पाकिस्तान पर खुलकर बोले और विपक्ष पर भी साधा निशाना

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से निपटने में, लड़ने में अगर पाकिस्तान सक्षम नहीं है तो भारत मदद करने को तैयार है। भारत में घुसे आंतकियों का खात्मा जारी है। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को नसीहत दी कि अब पाकिस्तान कश्मीर पर बोलना बंद कर दे।


गुरुग्राम के हल्का पटौदी में चुनावी रैली को संबोधित करते केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

पटौदी विधानसभा में आयोजित चुनावी रैली में उन्होंने राफेल विमान को केंद्र में रखकर कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक जैसे हमलों की अब जरूरत नहीं। पाकिस्तान में बैठे आतंकियों का तो हिंदुस्तान में बैठे-बैठे ही सफाया कर देंगे। क्योंकि अब भारत आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने में पूरी तरह से सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि अब पाकिस्तान को अपनी सोच को बदलना होगा। इतिहास के आइने में झांकते हुये रक्षा मंत्री ने बेबाक कहा कि पाक की टू नेशन थ्योरी रही है। जिस कारण पाक से टूटकर बांग्लादेश अस्तित्व में आया। पाकिस्तान को एक सुझाव देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान अपनी सोच का तरीका व दिशा नहीं बदलता है तो पाकिस्तान के तब जहां दो टुकड़े हुए थे, अब खंड-खंड हो सकता है। ऐसा होने से कोई रोक नहीं पाएगा। चूंकि यह चुनावी रैली थी, इसलिए उन्होंने पटौदी से बीजेपी प्रत्याशी सत्यप्रकाश जरावता का नाम लेकर जनमानस से अपील की कि सत्यप्रकाश शालीन व सभ्य व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्हें मौका मिलना चाहिये। पटौदी की जनता उन्हें अपना समर्थन व आशीर्वाद दे, ताकि वे यहां के विकास को गतिमान रखें। उन्होंने कहा कि सत्यप्रकाश का कद जरूर छोटा है, लेकिन उनकी शख्सियत ऊंची है। उनमें सौम्यता है। वे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि सत्यप्रकाश सिर्फ विधायक ही नहीं रहेगा, बल्कि आगे तक जायेगा।

# राजेंद्रा पार्क से शुरू हुई 'जागो वोटर जागो' मुहिम

## समाजसेवी राजेश पटेल के प्रयासों से किया जा रहा यह जागरुकता कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम की कालोनी, औद्योगिक क्षेत्र व स्कूल में मतदान के प्रति जागरुक करते शपथ दिलाते समाजसेवी राजेश पटेल।

**किसी** भी कार्य को करने के प्रति निष्ठा और जुनून जरूरी है। समाज के प्रति हम अपनी जिम्मेदारी किसी भी तरह से निभा सकते हैं। जरूरी नहीं कि आप अमीर हों, तभी समाजसेवा कर सकते हैं। समाजसेवा के लिए जेब से नहीं दिल से अमीरी चाहिये।

इसी अमीरी के धनी हैं समाजसेवी राजेश पटेल। चाहे किसी महापुरुष का जन्मदिन हो, पुण्यतिथि हो या फिर कोई राष्ट्रीय पर्व। वे उसे बच्चों, महिलाओं के साथ मिलकर मनाते हैं। चूंकि अब चुनाव का माहौल है तो उन्होंने चुनाव में वोटर्स को जागरूक करने के लिए बीड़ा उठा लिया। अपने गृह क्षेत्र राजेंद्रा पार्क से राजेश पटेल ने इस मुहिम को अपनी पत्नी रूपा पटेल शुरू किया था। इसके बाद कालोनियों, स्कूलों, उद्योगों तक उन्होंने इसे पहुंचा दिया। रविवार को उन्होंने इस अभियान को व्यापक पैमाने पर चलाया। सुबह दस बजे से जागो वोटर्स जागो अभियान की उन्होंने शुरुआत रतन विहार से कही। इसके बाद विष्णु गार्डन, महालक्ष्मी गार्डन, राजेंद्रा पार्क में कई जगहों पर, बहरामपुर के मुख्य मार्ग पर, औद्योगिक क्षेत्र में वर्कर्स को उन्होंने जागरूक करते हुए मतदान के प्रति शपथ दिलाई। वोटिंग के प्रति जागरुकता के साथ उन्होंने वर्कर्स को बताया कि मतदान के दिन यानी 21 अक्टूबर को सभी सरकारी, निजी संस्थानों, कंपनियों में अवकाश रहेगा। इसलिए जिनके हरियाणा में जहां पर भी वोट हैं, वे अपना मतदान जरूर करें। प्रदेश के विकास और लोकतंत्र की मजबूती को यह काम सबसे जरूरी है। साथ ही यह भी कहा कि वे किसी के भी बहकावे में न आएं।

# दीवाली गिफ्ट पाकर खुशियों से महके बच्चे

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम आधारित गेम आर्ट डेवलपमेंट कंपनी लक्ष्य डिजिटल ने फीडिंग इंडिया के साथ साझेदारी की। रविवार को गुरुग्राम में एकलव्य ट्रस्ट के बच्चों के लिए भोजन एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया। उनके साथ दीवाली की खुशियां साझा कीं।

लक्ष्य डिजिटल के कर्मचारियों ने लक्ष्य डिजिटल के सीईओ मानवेन्द्र शुक्ला के साथ एकलव्य ट्रस्ट का दौरा किया और 4 से 11 वर्ष के (किंडरगार्टन से चौथी कक्षा) के 250 से अधिक बच्चों के लिए दोपहर भोज का आयोजन किया। वंचित बच्चों के साथ अच्छे से समय बिताना और त्योहारों के इस अवसर पर उनके बीच खुशियां बांटना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। लक्ष्य टीम के सदस्यों ने बच्चों के साथ बातचीत की, गेम्स खेले और उन्हें कड़ी मेहनत कर पढ़ाई करने एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। मानवेन्द्र शुक्ला ने कहा कि समाज को कुछ देने के लिए जरूरी नहीं कि हम बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों का आयोजन करें। अगर सभी संगठन और लोग छोटे-छोटे सकारात्मक कदम उठाएं, तो समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

# वर्तमान में चुनौतियों से कहीं ज्यादा अवसर मौजूद हैं : दत्तात्रेय

## इकोनॉमी, इकोलॉजी और एथिक्स के साथ जोड़ें तकनीक को

## एसजीटी यूनिवर्सिटी में समाप्त हुआ तीन दिवसीय युवा महोत्सव सिनर्जी-2019

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


एसजीटी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय युवा महोत्सव सिनर्जी-2019 के समापन अवसर पर मॉडल्स को निहारते अतिथि।

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबले ने कहा कि तकनीक को तीन-ई के साथ जोड़ना चाहिए, ये हैं इकोनॉमी, इकोलॉजी और एथिक्स। हाल ही में भारत की कुछ मुख्य उपलब्धियों के बारे में जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में कई चुनौतियां मौजूद हैं, मगर उससे कहीं ज्यादा अवसर भी मौजूद हैं। यह बात उन्होंने यहां बुढेड़ा गांव स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव सिनर्जी-2019 कार्यक्रम के समापन समारोह में कही।

किसी भी बड़े काम को करने में टीम वर्क की भूमिका पर जोर देते हुए श्री होसबले ने कहा कि नए भारत का निर्माण भी एक टीम वर्क ही है और सिनर्जी जैसे कार्यक्रम इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं। यह कार्यक्रम एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। नए अविष्कारों और अनुसंधानों में अवलोकन और अध्ययन के साथ संवेदना भी जरूरी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुधांश पंत ने कहा कि सिनर्जी-2019 उनके लिए अद्भुत अनुभव था।

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक हित होना चाहिए और एसजीटी यूनिवर्सिटी इस दिशा में सराहनीय काम कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमें उच्च शिक्षा प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की भी जरूरत है। इस अवसर पर अटल इनोवेशन मिशन के निदेशक उन्नत पंडित ने एसजीटी यूनिवर्सिटी को बधाई देते हुए कहा कि सिनर्जी जैसे कार्यक्रम समाज को प्रेरणा देने का काम कर रहे हैं। शिक्षा को हम स्टार्टअप के जरिये समाज के लिए उपयोगी बना सकते हैं और लाभ कमा सकते हैं।

अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेन्टर जैसे कार्यक्रमों के जरिये रचनात्मक कौशलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। बौद्धिक संपदाओं में गैप का पता लगाकर स्टार्टअप को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने चार-स पर जोर दिया-संवाद, साहस, सहभागिता और समन्वय। सिनर्जी जैसे कार्यक्रम युवाओं के अंदर छुपी अनुसंधान की क्षमता बढ़ा रहे हैं।

एआईसीटीई के अध्यक्ष डॉ. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि समाज और शिक्षा में बदलाव बहुत जरूरी है। हमें थोड़े-थोड़े समय पर पाठ्यक्रम को संशोधित करते रहना चाहिए। आईक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ. एमएस सिद्धू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नवीनता को बढ़ावा देते हैं और छात्रों को लीक से हटकर सोचने को प्रोत्साहित करते हैं।

### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**सिनर्जी** 2019 के तीसरे और आखिरी दिन सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। स्कूल प्रोजेक्ट में प्रगति पब्लिक स्कूल, द्वारका को उनके प्रोजेक्ट एक्रोबैट के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं रोबो प्रतियोगिता में पहला स्थान एपीजे स्कूल दिल्ली को मिला। ड्रोन प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार कर्नल पब्लिक स्कूल को दिया गया। नुक्कड़ नाटक में पहला पुरस्कार लॉरेल पब्लिक स्कूल को मिला।

# संक्षिप्त समाचार

### गांव में खिलाड़ियों की प्रतिभा छुपी है, तलाशने की जरूरत



**सोहना।** जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन ने कहा कि नेशनल ओपन कबड्डी देश की आजादी से पहले का खेल है। ग्रामीण क्षेत्र में इस खेल की प्रतिभाएं छुपी हैं, जिन्हें समय-समय पर प्रतियोगिताएं कराके तलाशा जा सकता है। रविवार को सोहना के गांव अलीपुर में वीर अभिनंदन एकेडमी का जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर दो दिवसीय नेशनल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता को आरंभ किया। जिसमें आसपास के गांवों के अलावा हरियाणा व राजस्थान से आई करीब 35 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर हैड बास्केट बॉल के खिलाड़ी व कोच फौजी धर्मेन्द्र सिंह सहित खेल व शिक्षा जगत के गणमान्य लोग मौजूद थे। जिसमें प्रमुखता से आरबीएसएम स्कूल के डायरेक्टर भागीरथ राघव भी मौजूद थे। एकेडमी के उद्घाटन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि देश के अंदर नेशनल ओपन खेल की शुरुआत 1936 में पहली बार हुई थी, तब से यह खेल खेला जा रहा है। आज इस खेल को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। जिन्हें समय-समय पर प्रतियोगिताएं कराके निखारा व तलाशा जा सकता है। पहले दिन अलीपुर, घामडौज, सांप की नंगली, खेड़ली, गढ़ी मुरली, सहजावास, भोंडसी, हरियाहेड़ा, सोहना ढाणी आदि गांवों से आई टीमों के बीच मैच कराए गए।

### छात्र के खाते से एक लाख रुपये निकाले

**सोहना।** छात्र के साथ धोखाधड़ी करते हुए एक लाख रुपये बैंक खाते से निकाल लिए। सोहना सिटी थाना पुलिस ने नौ माह के बाद मिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला नूंह के गांव इंडरी निवासी नीलराज पुत्र जगदीश राज ने सोहना सिटी थाना में बैंक खाते से एक लाख रुपये निकालने की शिकायत दर्ज कराई है। सोहना सिटी थाना पुलिस ने छात्र की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। इंडरी निवासी नीलराज ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में रहकर कोर्स की पढ़ाई कर रहा है। 14 जनवरी को उसके मोबाइल पर फोन आया। जिसने उससे चार बार ओटीपी मांगा। पहली बार की ओटीपी में 24 हजार 999 रुपये का मैसेज आया। नीलराज ने बताया कि स्नेप डील से उसकी कुछ पेंमेंट आनी था, इस वजह से उसने ओटीपी नंबर बता दिया। उसे बाद में बैंक खाता चैक करने पर मालूम हुआ कि उसके खाते से 99 हजार 996 रुपये कट गए हैं।

### मायावती व दिग्विजय की सोहना में होगीं चुनावी सभाएं

**सोहना।** बसपा और जननायक जनता पार्टी के सुप्रीमो सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए चुनावी सभा करेंगे। जिसको लेकर दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों ने चुनावी सभाओं को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के बाद अब सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में बसपा व जजपा सुप्रीमो अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत मजबूत करने के लिए चुनावी सभाएं करेंगे। 16 अक्तूबर को जजपा के जनक दिग्विजय चौटाला पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांगने का काम करेंगे। वहीं 18 अक्तूबर को बसपा सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के उद्देश्य से चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इसके अलावा इनेलो और कांग्रेस पार्टी का कोई भी प्रचारक अपने प्रत्याशियों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। इनेलो और कांग्रेस के प्रत्याशी इस चुनावी दौड़ में पीछे चल रहे हैं।

### निशुल्क जांच शिविर में 324 रोगियों ने कराई जांच



**फर्रूखनगर।** खंड के गांव भांगरौला स्थित पीएचसी में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत डॉ. मंजू कुमार जिला आयुर्वेद अधिकारी गुरुग्राम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. नरेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस जांच शिविर में 324 मरीजों का उपचार किया गया। जिनमें 184 आयुर्वेद व 140 होम्योपैथिक पद्धति से चिकित्सा दी गई। शिविर में 27 गर्भवती महिलाओं और 15 स्तनपान कराने वाली महिलाओं की निशुल्क जांच व दवाई दी गई। शिविर में 87 छात्रों की चिकित्सा जांच भी की गई। इस मौके पर डॉ. किरण, डॉ. पूनम, डॉ. अनुभा, रेखा और मनदीप ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

### श्रीश्याम खाटू वाले का संकीर्तन महोत्सव कल

**फर्रूखनगर।** श्रीश्याम प्रभू खाटू नरेश का विशाल संकीर्तन महोत्सव स्थानीय न्यू रामलीला मैदान में 13 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी श्रीश्याम चरण पादुका सेवा समिति रजि. के सदस्य मास्टर दिनेश कुमार, मदन लाल सैनी, उदयचंद शर्मा आदि ने दी। उन्होंने बताया कि श्याम प्रभू की भक्ति का गुणगान करने के लिए मशहूर भजन गायक राजू बावरा आगरा, मनोज शर्मा इंदौर, अमित कालरा गुरुग्राम, भोले सांवरिया आगरा को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि संकीर्तन महोत्सव में समय पर पहुंच कर भगवान का प्रसाद व आशीर्वाद प्राप्त करें।

### घोड़े की लगाम थामकर शहर में घूमे लव-कुश बने बालक



**फर्रूखनगर।** आश्वन माह की शरद पूर्णिमा के अवसर पर ऐतिहासिक शहर फर्रूखनगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाजार के बीचों बीच भगवान वाल्मीकि, लव कुश, हनुमान, भगवान राम, सीता, लक्ष्मण आदि की झांकिया निकाली गईं। इस मौके पर पार्षद मुरारी लाल सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत भाषा में महा ग्रंथ रामायण की रचना की थी। वह एक महान कवि के तौर पर जाने जाते थे। उन्हें रामायण के रचियता के तौर पर ज्यादा जाना जाता है। वाल्मीकि जी बचपन जंगलों में भीलों के बीच व्यतीत हुआ था। भगवान की भक्ति के कारण उन्होंने तपस्या के उपरांत वह महर्षि बने और रामायण ग्रंथ की रचना की। वाल्मीकि के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि सभी बुराइयों का त्याग करके उन्होंने जिस प्रकार संत का जीवन व्यतीत करके समाज में प्रकाश की भांति अपने अदभुत छवि बनाई। इस मौके पर पार्षद राम सिंह कांगडा, भीम सारवान, रणबीर सारवान, कृष्ण कुमार, संजय, रायसिंह, रगबीर, सुरेश, नरेंद्र चावरिया, प्रहलाद, पूर्ण सिंह सारवान, सुभाष, बॉबी ठेकेदार, आजाद सिंह ठेकेदार, कवि सावंन कुमार, देविंद्र डीका, मुकंद लाल डीका, जोनी डीका, सतीश डीका, मोहन लाल, सुरेंद्र आदि मौजूद थे।

# मोदी रैली का सोम : किसे तारेगा और किसे डुबाएगा!

राकेश चौरसिया। फरीदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की सोमवार को आहूत रैली से जो सोम छलेगा, वह किसके लिए विष और किसके लिए अमृत सिद्ध होगा। यह मोदी की जिह्वा पर विराजित सरस्वती की अवस्था तय करेगी। इस रैली का भाजपा, कांग्रेस और समूचे विपक्ष में दमसाधो प्रतीक्षा है। मोदी के मुंह से निकला लावा किसी को मालामाल करने और किसी को झुलसाने की पूरी कुव्वत रखता है। बस, यही इंतजार है कि वह बोलते क्या हैं।

यह रैली 14 अक्टूबर को 'विजय संकल्प रैली' ब्रांड से सेक्टर 61 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में होगी। पहले यह रैली ठेठ बल्लभगढ़ में आरक्षित थी, फिर रैली का ताना-बाना बुनने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में चर्चा हुई कि इस रैली की अमृतसुधा तगड़ी फाइट झेल रही पृथला सीट में खिसकाई जाए। किंतु यह विचार इसलिए ड्राप हुआ कि लोग इस केंद्रीय उद्घोषणा के बावत फेरबदल में मीन-मेख निकालने लग जाते। इसलिए एक तीर से दो शिकार करने की नियत से इसे बल्लभगढ़ सीम में ही और पृथला के नजदीक तक खिसकाया गया। हालांकि इस रैली स्थल से वे कांग्रेसी प्रत्याशी राहत की सांस ले सकते हैं, जिनके क्षेत्र इस रैली स्थल से दूर हैं।


जाहिर है कि फरीदाबाद के प्रत्याशी नरेंद्र गुप्ता, बल्लभगढ़ के मूलचंद शर्मा, तिगांव के राजेश नागर, पृथला के सोहनपाल छोकर, बड़खल की सीमा त्रिखा और एनआईटी के नागेंद्र भड़ाना को इस रैली से बड़ी आस है। पूरी भाजपा को उम्मीद है कि दिवाली के मौसम में यह रैली यहां के भाजपाई दुर्ग की कंपलीट दाग-दोजी कर जाएगी। और उन प्रत्याशियों का तो सारा दारोमदार इस रैली पर ही टिक गया है, जिन्हें टिकट दिए जाने से खुद भाजपा में विद्रोह हो गया, जिसके कई चर्चे फजाओं में अब भी डरावनी सदाएं दे रहे हैं।

भाजपा के खाते में 2014 के दौरान इस संसदीय क्षेत्र की नौ (विधानसभा सीटों का दस फीसद हिस्से) में से तीन सीटों की कलम दर्ज है। अबकी तो 75 पार का बीड़ा उठाया हुआ है, तो ऐड़ी का पसीना चोटी तक पहुंचने से ही बात बनेगी।

फिलवक्त मोटे अनुमान से डॉग फाइट के कारण कमोबेश 50 फीसद सीटें वेंटीलेटर पर हैं, उन्हें मोदी कितनी ऑक्सीजन दे पाएंगे। यह बात मोदी का भाषण तय करेगा।

### यहां कौन सा तीर चलेगा

**मोदी** ने रविवार को महाराष्ट्र में कांग्रेस पर रिवर्स स्विंग उछाली है। कांग्रेस से पूछा है कि तुममें इतनी हिम्मत है कि सत्ता में आए, तो धारा 370 या ट्रिपल तलाक को उलट पाओगे। अब कांग्रेस से इस पर न तो 'हां' करते और न 'ना' करते बन रहा है। इस रविवारीय ब्रह्मास्त्र के बाद हरियाणा की इस पहली रैली में मोदी कौन का पशुपतास्त्र चलाएंगे। यह देखने लायक होगा। धारा 370 या ट्रिपल तलाक का यहां असर तो है, लेकिन यहां हथीन को छोड़कर मुस्लिम वोट निर्णायक नहीं है। इस संसदीय क्षेत्र में अर्थशास्त्र की त्रिवेणी बहती है। यहां मोदी अर्थव्यवस्था से जुड़ी कोई चुटीली बात या कोई घोषणानुमा बात कर पाए, तो मोदी की यह रैली वाकई महाविस्फोटक हो जाएगी, क्योंकि कांग्रेस के प्रत्याशियों ने लगातार नमो-मनो सरकारों पर आर्थिक परिदृश्य को लेकर हमले करने की रणनीति अपनाई हुई है। इस संसदीय क्षेत्र में मोटे अनुमान के अनुसार यहां मूल निवासियों से ज्यादा प्रवासी हैं, जिनका श्वांस-प्रश्वास काम, धंधा, रोजगार आधारित है। मंदी तो नहीं, लेकिन हालिया आर्थिक सुस्ती आमजनों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। मोदी इससे जुड़ी कोई कोमियागीरी पेश कर पाए, तो भाजपाई फट्टे चक के गिल्ली दब द्यूगेंगे।





## डीजीपी ने लिया सुरक्षा का जायजा

बल्लभगढ़। सेक्टर 61 में सोमवार को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तरफ से चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। प्रदेश के डीजीपी मनोज यादव ने रैली की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए रविवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। डीजीपी ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश दिए।

डीजीपी मनोज यादव के साथ एडीजीपी सीआईडी अनिल राव और पुलिस आयुक्त केके राव ने भी ड्यूटी में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षा ड्यूटी के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर डीआईजी मधुबन कुलविंदर सिंह, कमांडेंट मधुबन डीके भारद्वाज, डीसीपी सेंट्रल लोकेंद्र सिंह, डीसीपी एनआईटी अर्पित जैन, नीतिका गहलोत एसपी स्टेट क्राइम ब्यूरो, नाजनीन भसीन एसपी रेवाड़ी, हामिद अख्तर एसपी सिक्योरिटी, पंकज नैन एसपी सिक्योरिटी, हिमांशु गर्ग डीसीपी ट्रैफिक गुरुग्राम, नरेंद्र बिजराणिया एसपी पलवल, राजेश कुमार डीसीपी बल्लभगढ़, सुरेश कुमार डीसीपी ट्रैफिक फरीदाबाद, सुमेर सिंह यादव डीसीपी वेस्ट गुरुग्राम के अलावा फरीदाबाद व अन्य जिलों से आए पुलिस अधिकारी मौजूद थे। डीजीपी ने स्टेज ड्यूटी, पंडाल ड्यूटी और पार्किंग ड्यूटी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह ने चुनावी रैली में हिस्सा लेने वालों से अपील की कि वे कोई भी प्रतिबंधित वस्तु, ज्वलनशील पदार्थ या बीड़ी- सिगरेट, माचिस इत्यादि न लेकर आयें। सीकरी बाईपास से व सेक्टर 17 बाईपास से सेक्टर 61 रैली स्थल तक जाने वाले मार्ग पर ड्यूटी लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया है।

## भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा: सैलजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र को झूठा संकल्प पत्र, जुमला पत्र व धोखा पत्र की संज्ञा देते हुए कहा कि यह किस मुंह से घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं। इन्होंने पिछले घोषणा पत्र में जनता से किए 154 वायदों में से भाजपा ने एक भी वायदा पूरा नहीं किया है और अब संकल्प पत्र जारी करके अपनी नाकामियां छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपाईयों ने कहा फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाएंगे, आखिर स्मार्ट क्या होता है, स्मार्ट फोन तो सुने हैं, परंतु स्मार्ट सिटी क्या होती है? फरीदाबाद में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, ओवरफ्लो सीवरेज, बदहाल सड़कें, बढ़ता प्रदूषण क्या यही स्मार्ट सिटी है। अगर यह स्मार्ट सिटी है, तो जनता को ऐसी स्मार्ट सिटी नहीं चाहिए।

सैलजा रविवार को खेड़ी मोड स्थित रंगोली गार्डन में तिगांव क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर द्वारा आयोजित विशाल जनसभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थीं। तिगांव की वीर भूमि पर पधारने पर ललित नागर व क्षेत्र के मौजिज लोगों ने कुमारी सैलजा का फूल मालाओं से व शॉल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया। सैलजा ने कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर पर टिप्पणी करने वालों को हाथों लेते हुए कहा कि ऐसे युवा व मेहनती जनसेवक ने सदैव जनता के हितों की रक्षा के लिए कार्य किए है। ऐसे व्यक्ति पर टिप्पणी करने वाले लोग अपने गिरेबां में झांककर देखें कि उनके प्रत्याशी कितने पाक-साफ हैं, उन पर तो कई संगीन मुकदमें भी दर्ज हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ललित नागर ने विधायक बनने के बाद जिस प्रकार से क्षेत्र के लोगों के हक-हकूक की आवाज को सड़क से लेकर विधानसभा तक उठाया है, उससे उनकी नीयत व सोच पर शक नहीं किया जा सकता। उन्होंने ललित नागर को भारी मतों से जिताने की अपील की।

कांग्रेसी प्रत्याशी ललित नागर ने कहा कि जनता उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजे। वे विश्वास दिलाते हैं कि लोगों के मान-सम्मान में कमी नहीं आने देंगे।

## नरेन्द्र गुप्ता को जिले के समस्त उद्यमियों ने दिया एकतरफा समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**औद्योगिक** नगरी फरीदाबाद में उद्योग जगत के पितामह कहे जाने वाले केसी लखानी के निवास पर रविवार को जिले के सभी उद्योगपतियों ने एकजुट होकर केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में फरीदाबाद 89 विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार नरेन्द्र गुप्ता को एकतरफा न केवल समर्थन देने की घोषणा की, बल्कि अपने उद्योगों में काम कर रहे हजारों-लाखों कर्मचारियों के साथ फील्ड में जाकर नरेन्द्र गुप्ता के लिए वोट मांगने की बात भी कही।

उद्योगपतियों के इस फैसले के बाद नरेंद्र गुप्ता की स्थिति बहुत मजबूत हो गई है। केसी लखानी ने अपने निवास पर जिले भर के उद्योगपतियों की बैठक बुलाई तथा इस बैठक में नरेन्द्र गुप्ता को एक शरीफ व ईमानदार व्यक्तित्व बताते हुए उनको हर तरह का समर्थन देने की घोषणा की। केसी लखानी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का आभार भी व्यक्त किया कि उन्होंने सही मायने में अब एक जनता से जुड़े ईमानदार उद्योगपति को टिकट दिया है, जो समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। केसी लखानी ने कृष्णपाल गुर्जर को आश्वासन दिया कि फरीदाबाद 89 की जनता न केवल नरेन्द्र गुप्ता को भारी मतों से जीता कर भेजेगी, बल्कि उद्योगपति स्वयं तथा उनके कारखानों में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति नरेन्द्र गुप्ता व भाजपा का प्रचार करेगी। इस मौके पर चेयरमैन अजय गौड़, सोनू गुंजन लखानी, एफआईए के प्रधान बीआर भाटिया, स्लेजहैमर समूह के एमडी प्रदीप मोहंती, एफसीसीआई के अध्यक्ष एचके बत्तरा, प्रमुख उद्योगपति अरुण बजाज, एमपी रुंगटा, आई एम एसएमई के चैयरमैन राजीव चावला, सीए तरुण गुप्ता, रमणीक प्रभाकर, डॉ. एनके पांडे, उपमहपौर मनमोहन गर्ग, एसएस मान, एपी जैन, अधिवक्ता सतेन्द्र भड़ाना, एसएस बांगा, एचएस बांगा, सुनील व संजय गुलाटी, प्रशांत भल्ला, आरएस गांधी, डॉ. एसके गोयल, एसपी अग्रवाल, राजेश महाजन, आईएटी अध्यक्ष वीरभान शर्मा, एमएल शर्मा, जेपी मल्होत्रा, पप्पू जीत सरना, टीएम ललानी, गुरमुख सिंह, जेएस लांबा, सोम मल्होत्रा, एचआर गुप्ता, सज्जन कुमार जैन, एफएसआईए के अध्यक्ष जीएस त्यागी, सुरेश जैन, अशोक भारती तथा रोहित रुंगटा उपस्थित थे।

### रिकॉर्ड मतों से जिताएं

कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि नरेन्द्र गुप्ता न केवल उद्योगपतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि वह भाजपा के आम कार्यकर्ता, मेहनतकश मजदूर, मध्यम वर्गीय व्यापारी, समाजसेवी, सच्चे व सज्जन समाज का प्रतिनिधित्व भी करते हैं, जिस कारण भाजपा ने उनको टिकट दिया है। अब इनको रिकार्ड मतों से जिताकर विधानसभा में भेजना आपकी जिम्मेवारी है। भाजपा उम्मीदवार नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि वह केसी लखानी का लगाया पौधा हैं तथा उनके आशीर्वाद से ही फल फूल रहे हैं। उनके पहले शोरुम का फरीदाबाद में शुभारंभ लखानी जी के हाथों हुआ था, उस दिन को वह नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि यह टिकट भाजपा ने आपको दी है। अब यह आपके हाथ में है कि इसको कितनी ताकत देकर आप चंडीगढ़ भेजते हो। उन्होंने कहा कि आज जो आप लोगों ने उन्हें माला पहनाई है वह इन मालाओं के बोझ को समझते हैं तथा उनका प्रयास होगा कि वह आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतर सकें। नरेन्द्र गुप्ता ने संत नगर में घर-घर जाकर लोगों से वोटो की अपील की। वहां उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ। इसी तरह नहर पार क्षेत्र में पांचाल सभा ने नरेन्द्र गुप्ता को लड्डुओं से तोल कर पूर्ण समर्थन देने की बात कही।

## एनआईटी के विकास में भागीदार बनेंगे : नीरज शर्मा



**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र 86 से कांग्रेस उम्मीदवार नीरज शर्मा ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जो समर्थन और आशीर्वाद उन्हें दिया है, उसे कभी नहीं भूलेंगे और एक लायक बेटे की तरह क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे। पिछले पांच साल जनता ने भाजपा और दो पार्टियों में पांच रखकर चलने वाले विधायक को देख लिया, अब आप एक मौका उन्हें दें। जिस तरह से उन्हें स्व. पिताश्री पं. शिवचरण लाल शर्मा ने एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इमारत रखी थी, उसी तर्ज पर क्षेत्र के विकास में भागीदार बनेंगे।

नीरज शर्मा जवाहर कॉलोनी में कई स्थानों पर चार जनसभाओं को संबोधित किया, जहां उनको जोरदार स्वागत किया। भारी भीड़ का लगातार मिल रहा समर्थन और नीरज शर्मा की लोकप्रियता विरोधियों के लिए जी का जंजाल बनती जा रही है। पंडित जी ने पिछले पांच वर्ष में उप तहसील, डिस्पेंसरी, ईएसआई, पानी की टंकियां आदि सैकड़ों कार्य करवाए थे।

## बढ़त : कई भाजपा नेताओं का विजय प्रताप को समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एसजीएम** नगर के 33 फुट रोड पर आयोजित विशाल जनसभा में भाजपा के लगभग एक दर्जन नेताओं और पदाधिकारियों ने कांग्रेस के प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह को पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह के समक्ष समर्थन दिया और जीत का आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह विजय प्रताप सिंह को विजयी बनाने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा देंगे। बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा विजय प्रताप सिंह को समर्थन देने से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है।

कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने में वालों में बड़खल एवं एसजीएम नगर के वरिष्ठ नेता प्रवीण भाटी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देव सिंह गुंसाई, पार्षद प्रत्याशी ओमप्रकाश गौड़, मोतीलाल, राजकुमार गौड़, सोमदत्त गौड़, डॉ. शत्रुघन, लाल सिंह बैनीवाल, धर्मसिंह भाटी, अवधेश उर्फ अप्पू आदि ने कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह को समर्थन दिया और पूर्व मंत्री चौ महेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा। अपने खेमे में हुई इस तोड़फोड़ के चलते भाजपा प्रत्याशी सीमा त्रिखा के हौसले पस्त होते नजर आ रहे हैं। पूर्व मंत्री चौ महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता विजय प्रताप सिंह को समर्थन देने का वह स्वागत करते हैं और वह जनता विश्वास एवं भरोसा दिलाते हैं कि विजय प्रताप सिंह उनकी सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। वह गारंटी लेते हैं विजय प्रताप सिंह की, क्योंकि विजय प्रताप सिंह वह संस्कारवान व्यक्ति है, जो अपने कपड़े भी उतार कर दे देता है। चाहे उसके पास कुछ न हो, लेकिन विजय प्रताप सिंह में जनसेवा का जज्बा है, वह उनकी उम्मीद पर खरा उतरेगा। विधानसभा भेजने के मात्र छह में वह दिखेगा कि लोगों को पेयजल कैसे नहीं उपलब्ध होता। वह बड़खल झील भी भर कर दिखाएंगे और बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करके दिखाएंगे। मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि एसजीएम नगर को स्थायी उन्होंने करवाया। आज एसजीएम नगर लाईटों से जगमगा रहा है, वह उन्हीं की देन है, क्योंकि उन्होंने ही एसजीएम को स्थायी करवाकर अपने हाथों से संवारा, बिजली, पानी की व्यवस्था करवाई। अकेले एसजीएम नगर में उनके कार्यकाल में करीब 125 करोड़ के विकास कार्य हुए। उन्होंने अपने कार्यकाल में करीब एक हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए, उसी तर्ज पर अगर जनता ने विजय प्रताप सिंह को सेवा का अवसर पर प्रदान किया, जो विजय प्रताप सिंह कामों की झड़ी लगा देगा। उन्होंने लोगों से एकता के साथ मजबूती से चुनावों में विजय प्रताप को विजयी बनाने का आह्वान किया। सभा में समुंद्र सिंह सिंघड़ा, चिरंजीलाल प्रधान, राकेश पंडित, जयपाल चंदीला, विजयपाल चंदीला, विनोद कौशिक, सुरेन्द्र दुग्गल, इतवारी लाल पूर्व पार्षद, सुभाष निझावन, शमशेर सिंह सांगवान, सतीश भाटी, चंदर नागर, लज्जाराम, पूनम राघव, सलेकचंद केन, एडवोकेट राकेश भड़ाना पार्षद, अवधेश कुमार, बिल्लू, प्रदीप आदि मौजूद थे।

## ताईक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**फरीदाबाद।** अंबाला के न्यू टैगोर गार्डन में 31वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर पुरुष और महिला ताईक्वांडो प्रतियोगिता-2019 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 11 से 13 अक्टूबर तक चली, जिसमें फरीदाबाद के ताईक्वांडो खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कुमकुम गौतम ने बताया कि सेक्टर-17 एमवीएन स्कूल के उत्सव गुप्ता ने अंडर-23 किलोग्राम में गोल्ड मैडल जीता, वहीं यश्वी अत्रे ने अंडर-20 किलोग्राम में ब्रांज मेडल जीता। दूसरी तरफ चार्मवुड विलेज स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल के भूवनेश भारद्वाज ने अंडर-21 किलोग्राम में ब्रांज मैडल जीता। अन्हा कोल ने अंडर-16 किलोग्राम में ब्रांज मैडल जीता। वहीं राम ताईक्वांडो एकेडमी के कनिष्का यादव ने अंडर-24 किलोग्राम में गोल्ड, मयंक ने अंडर-25 किलोग्राम में गोल्ड, यशिका चौधरी ने अंडर-16 किलोग्राम में सिल्वर हासिल किया।

## तिगांव में कांग्रेस के भ्रष्टाचार की जड़ें उखाड़ फेंको

पायनियर समासार सेवा। फरीदाबाद



**तिगांव** क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के चुनाव प्रचार के लिए अलवर से सांसद महंत बाबा बालक नाथ पहुंचे। उन्होंने गांव भुआपुर में सभा को सम्बोधित करते हुए राजेश को जीतने की लोगों से अपील की।

भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने रविवार को गांव पल्ला, तिलपत, सूरदास नगर, पंचशील कॉलोनी, वंश गार्डन, बसंतपुर, बदरपुर सैद, फतुपुरा, सतपुरा, सरपंच निवास नीमका, मिर्जापुर, भुआपुर सरपंच वाटिका सहित दो दर्जन गावों में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से लोकसभा के चुनाव में जनता ने विपक्ष की परवाह किए बिना तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को एक लाख 35 हजार 184 वोट दिए हैं। उसी तरह से विधानसभा चुनाव में भी यहां के मतदाता किसी की भी परवाह किए बिना 90 नंबर विधानसभा में सबसे अधिक वोट इस बार भी भाजपा को ही देंगे। सभी कार्यकर्ताओं को मिल कर इस जीत को कायम रखते हुए उसे आगे ले जाना है।

भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने कांग्रेस प्रत्याशी का नाम लिए बिना जबरदस्त प्रहार करते हुए कहा कि हमें मोदी-मनोहर का सच्चा सिपाही बनकर कांग्रेस के भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना है। कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार की कुछ जड़ें यहां पर भी फैली हुई हैं। उसे भी जड़ से उखाड़ फेंकना है। कांग्रेस का भ्रष्टाचार रूपी पेड़ तभी सूखेगा, जब उसकी जड़ों पर प्रहार होगा। सौभाग्य से इस का मौका तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिला है। इसलिए इस बार किसी भी तरह से चूकना नहीं है और कांग्रेस प्रत्याशी को हरा कर कमल खिलाना है।

सांसद महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि पूरे प्रदेश में मोदी-मनोहर की आंधी चल रही है। ये निश्चित है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है और मनोहर लाल खट्टर फिर से मुख्यमंत्री बन रहे हैं। ऐसे में इस बार जीतने वाले प्रत्याशी की जीत से ज्यादा चर्चा इस बात की होगी कि सबसे ज्यादा वोट किसे मिले हैं।

इसलिए आप सब लोगों ने जिस उत्साह से लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट दिए हैं। उत्साह से आने वाली 21 अक्टूबर को भी कमल के फूल पर वोट देना है और अधिक से अधिक मतों से राजेश नागर को जिताना है। किसी के बहकावे में नहीं आना है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सतेन्द्र भड़ाना, गिरांज शर्मा, रणबीर चंदीला, उमेद सरपंच भुआपुर, जिला पार्षद सुरजीत अधाना आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में महिला की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**बल्लभगढ़।** यहां के गांव मोहना में रहने वाली एक महिला ने रहस्यमय हालत में जहरीला पदार्थ निगल लिया। अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ससुराल वाले इस आत्महत्या का मामला बता रहे हैं। जबकि मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि ससुराल वालों ने जबरन जहर खिलाकर हत्या की है। थाना छांयसा में दर्ज मामले के मुताबिक पलवल के गांव बंचारी में रहने वाले राजबीर ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसने 15 साल पहले अपनी दो बेटियों का विवाह मोहना गांव निवासी सुक्खन के बेटों से किया था। शादी में अपनी हैसियत से भी बढ़कर दान दहेज दिया। आरोप है कि शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे, इस वजह से ससुराल वाले उसकी बेटियों को आए दिन प्रताड़ित कर मारपीट करते थे। इस मामले को लेकर कई बार घरेलू तौर पर पंचायत भी हुई थी।

## सभी नौ सीटें जीतेगी भाजपा : गुर्जर

### हरियाणा में पहली बार 75 पार का आंकड़ा छूकर इतिहास रचने का काम करेगी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि भाजपा ने वर्ष 2014 के संकल्प पत्र में अंकित सभी वायदों को पांच सालों में पूरा करने का काम किया है और पार्टी ने आज जो संकल्प पत्र जारी किया है, उससे 'म्हारा हरियाणा सपनों का हरियाणा' पूरी तरह से सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की सभी नौ विधानसभा सीटें भाजपा जीतेगी और हरियाणा में पहली बार 75 पार का आंकड़ा छूकर इतिहास रचने का काम करेगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री रविवार दोपहर मैगपाई टूरिज्म में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली, महिला आयोग की सदस्य एवं प्रवक्ता रेनू भाटिया मौजूद रहे। गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में किसानों, रोजगार, मजदूर, श्रमिकों, व्यापारियों, दुकानदारों सहित आम आदमी के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में रोजगार के लिए आवेदन के समय लगने वाली फीस को वन टाइम फीस किया गया है और यह फीस एक नौकरी पाने तक मान्य होगी वहीं एचपीएससी परीक्षा की फीस हजार रुपए एवं एसएसएसी परीक्षा की फीस 500 निर्धारित की गई है। वहीं युवाओं को उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रवक्ता राजीव जेटली ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है और इस संकल्प पत्र को भी लागू करने व भाजपा नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हैं।

# उप्र कांग्रेस नई प्रतिभाओं को मौका देगी : जितिन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

● कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा- कुछ लोगों की जकड़ को तोड़ा जाएगा

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी पदों के लिए नई प्रतिभाओं को मौका देगी जो कुछ लोगों के शिकंजे की वजह से पहले आगे नहीं आ सके थे। पार्टी नेता जितिन प्रसाद ने रविवार को कहा कि वह पार्टी की राज्य इकाई में बदलाव की तारीफ करते हैं जो पुराने और नए का मिलाजुला रूप है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस को उम्मीद है कि वह उत्तर प्रदेश के भविष्य की पार्टी है और उन लोगों को अवसर देकर राज्य की सियासत में बदलाव लाने की तरफ देख रही है जिन्हें पूर्व में पारिवारिक पृष्ठभूमि या वित्तीय बाधाओं के कारण वो मौका नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए आगे का रास्ता बेहद लंबा और कठिन है, लेकिन पार्टी अल्प कालिक झटकों से डिगेगी नहीं, क्योंकि उसे लोगों का विश्वास जीत लेने का भरोसा है।

कांग्रेस ने सोमवार को अजय कुमार लल्लू को राज बब्बर की जगह उत्तर प्रदेश पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया और राज्य ईकाई में भी बदलाव किया। इस इकाई में चार उपाध्यक्ष, 12 महासचिव और 24 सचिव शामिल किए गए हैं। पार्टी ने महासचिव के लिए एक परामर्श परिषद भी गठित की है जिसमें वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई, पी एल पुनिया और आर पी एन सिंह शामिल हैं। रणनीति और योजना के लिए आठ सदस्यों का एक कार्यसमूह भी बनाया गया है। रणनीति और योजना के लिए बनाए गए कार्य समूह के सदस्य प्रसाद ने कहा कि महासचिव के तौर पर प्रियंका गांधी पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दे रही हैं जो उन लोगों का खुलासा करने के लिए संकल्पित हैं जिन्होंने झूठे विमर्श के सहारे लोगों का समर्थन हासिल किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस नजरिए को लेकर



प्रियंका गांधी बेहद दृढ़ हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं। रुख नीचे से ऊपर का होगा और हर फैसले में पार्टी कार्यकर्ताओं की राय ली जाएगी।

प्रसाद (45) ने कहा, यह पहले ही शुरू हो चुका है, कांग्रेस उत्तर प्रदेश अध्यक्ष के बदलाव के साथ आगे बढ़ी और एक नई टीम बनाई है। प्रसाद ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की नई टीम पुराने और नए का मिश्रण है, भाजपा से इतर कांग्रेस अनुभवी नेतृत्व को नए के साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी के नेतृत्व में हम इस पार्टी को उन लोगों के लिए एक मंच के तौर पर देखते हैं जिन्हें – निर्णय लेने, राजनीति या चुनाव – का मौका नहीं मिला। प्रसाद ने कहा, मुझे विश्वास है कि (उत्तर प्रदेश में) प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी वह जरिया बनेगी जो पार्टी के विभिन्न ढांचों में प्रतिभाशाली लोगों के नए समूह को मौका देगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जितेंद्र प्रसाद के बेटे जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रियंका के नेतृत्व में पार्टी उन लोगों को जगह, स्थिति और मौका देने का माध्यम बनेगी जिन्हें कुछ लोगों की जकड़ की वजह से पहले मौका नहीं मिल पाया। उत्तर प्रदेश में पार्टी की रणनीति और योजना के लिए कार्यसमूह बनाने और 18 सदस्ईय परामर्श परिषद गठित किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस अनुभवी लोगों की सेवाओं का इस्तेमाल युवा जोश के काम के साथ करना चाहती है। प्रसाद ने प्रदेश की योगी सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि बात जवाबदेही की है और यह कांग्रेस ही सुनिश्चित करेगी।

## भारतीय किसान संघ 15 अक्टूबर को करेगा धरना-प्रदर्शन

**भोपाल।** भारतीय किसान संघ ने रविवार को घोषणा की कि इस साल हुई अतिवृष्टि से पीड़ित किसानों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मुआवजा दिए जाने में हो रही देरी के विरोध में वह 15 अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी भोपाल में धरना-प्रदर्शन करेगा। मध्य प्रदेश भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष रामभरोस बसोतिया ने यहां संवाददाताओं को बताया, मध्य प्रदेश में इस साल हुई अतिवृष्टि से खरीफ की सभी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। कुछ किसानों पूरे खेत ही पानी में डूब गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में जिला एवं तहसील स्तर पर लाखों किसानों ने आंदोलन कर ज्ञापन दिए लेकिन शासन-प्रशासन ने इन पर कोई कार्रवाई नहीं की।



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की

# मामल्लापुरम समुद्र तट पर प्लॉगिंग करते वक्त मोदी के हाथ में था एक्यूप्रेशर रोलर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मामल्लापुरम** समुद्र तट पर प्लॉगिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में नजर आई छड़ीनुमा चीज को लेकर लोगों की जिज्ञासा को खत्म करते हुए रविवार को उन्होंने बताया कि वह एक्यूप्रेशर रोलर था जिसका वह अक्सर इस्तेमाल करते हैं। मोदी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ दो दिवसीय अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए तटीय नगर में मौजूद थे।

शनिवार को वार्ता के दूसरे दिन प्रधानमंत्री को उनकी सुबह की सैर के दौरान समुद्र तट से प्लास्टिक एवं अन्य तरह का कूड़ा बीनते देखा गया था। मोदी ने ट्वीट किया, कल से आप में से कई लोग पूछ रहे हैं कि- मामल्लापुरम में समुद्र तट पर प्लॉगिंग के वक्त मेरे हाथ में क्या था। वह एक एक्यूप्रेशर रोलर था जिसका मैं अक्सर इस्तेमाल करता हूं। मुझे यह बहुत मददगार लगता है। उन्होंने उस एक्यूप्रेशर रोलर की तस्वीरें भी पोस्ट की जो वह समुद्र तट पर लिए खड़े थे। मोदी ने शनिवार को समुद्र तट पर प्लॉगिंग का अपना तीन मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें वह कूड़ा उठाते और लोगों से सार्वजनिक स्थानों को साफ एवं स्वच्छ रखने की अपील कर रहे हैं। प्लॉगिंग का मतलब जॉगिंग करते या दौड़ते वक्त प्लास्टिक की उपयोग की हुई बोतल जैसा कूड़ा-कचरा उठाना होता है। इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मोदी ने देश को एकल प्रयोग प्लास्टिक से मुक्त बनाने के अभियान की घोषणा की थी।

## मोदी ने महासागर के साथ अपने संवाद को कविता की माला में पिरोया

**नई दिल्ली।** मामल्लापुरम समुद्र तट पर सूर्य की तरोताजा करने वाली किरणों, सागर की सरसराती लहरों और सुबह के शांत वातावरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने विचारों को कविता की माला में पिरोने के लिए प्रेरित किया। मोदी ने कहा कि समुद्र तट पर सैर करते हुए वह सागर के साथ संवाद में खो गए। उन्होंने रविवार को हिंदी में ट्विटर पर लिखा, ए संवाद मेरा भाव-विश्व है। इस संवाद भाव को शब्दबद्ध करके आपसे साझा कर रहा हूं। मोदी ने शनिवार को समुद्र तट पर प्लॉगिंग (सुबह की सैर के दौरान प्लास्टिक की बोतल आदि कचरों को चुनना) का अपना तीन मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें वह कूड़ा उठाते और लोगों से सार्वजनिक स्थानों को साफ एवं स्वच्छ रखने की अपील कर रहे हैं। आठ पैराग्राफ में लिखी कविता में मोदी ने सागर के सूर्य से संबंध, लहरों और उनके दर्द को बताया है। उनका कविता संग्रह एक यात्रा पहले ही उपलब्ध है।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी मायावती

**नई दिल्ली।** बसपा प्रमुख मायावती महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार की शुरुआत सोमवार से करेंगी। मायावती ने रविवार को ट्वीट कर यह जानकारी देते हुए बताया कि वह सोमवार को राज्य के नागपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा कल दिनांक 14 अक्टूबर को नागपुर के इन्दौरा मैदान में एक विशाल चुनावी जनसभा आयोजित की गई है, जिसे सम्बोधित करने का मेरा कार्यक्रम निर्धारित है। इसमें पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रत्याशी आदि बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जुड़े पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राज्य में बसपा प्रमुख द्वारा कम से कम छह विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां करने की योजना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए स्थान और तारीखें निर्धारित की जा रही हैं। रैलियों के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बसपा ने महाराष्ट्र की 288 में से 264 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे है। पार्टी के नेता ने बताया कि नागपुर के बाद पुणे और वाशिम में भी मायावती की जनसभा प्रस्तावित है।

### सोशल मीडिया से बाल अश्लीलता फैलाने को लेकर 12 गिरफ्तार

**तिरूवनंतपुरम।** केरल में सोशल मीडिया के माध्यम से कथित रूप से बाल अश्लीलता (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) फैलाने को लेकर 12 लोगो को गिरफ्तार किया गया है और 20 लोगो के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए है। केरल पुलिस की बाल यौन उत्पीड़न निरोधक इकाई (सीसीएसई) द्वारा राज्य में 21 स्थानो पर छापा मारे जाने के बाद यह कार्रवाई हुई है। सीसीएसई इंटरपोल की बच्चों के विरुद्ध अपराध संबंधी इकाई और इंटरनेशनल सेंटर फोर मिसिंग एंड एक्सप्लॉयटेड चिल्ड्रेन के साथ मिलकर काम करती है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई भाषा को बताया कि 12 अक्टूबर को सुबह छह बजे छापा शुरू हुआ था जो रविवार को करीब एक बजे समाप्त हुआ। पुलिस ने एक विज्ञप्ति मे बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियो के पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन मॉडम, हार्ड डिस्क, मेमोरी कार्ड, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि जिन व्हाट्सग्रुपो पर बाल अश्लीलता फैलाई जा रही थी, उनकी भी पहचान कर ली गई है। पुलिस व्हाट्सअप, टेलीग्राम और फेसबुक पर विभिन्न ग्रुपो पर कड़ी नजर रख रही है।

### जलजमाव पीड़ितों ने सुशील मोदी के आवास का घेराव किया

**पटना।** पटना शहर मे जलजमाव से पीड़ित लोगो ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के राजेंद्रनगर स्थित आवास का रविवार को घेराव किया। गौरतलब है कि 27 सितंबर से 29 सितंबर तक लगातार हुई भारी बारिश के कारण हुए जलजमाव के बाद 30 सितंबर को सुशील और उनके परिवार के अन्य सदस्यो को एसडीआरएफ की टीम ने उनके राजेंद्रनगर स्थित आवास से सुरक्षित निकाला था। पटना के विभिन्न इलाको के जलमग्न होने के इतने दिन बाद जलजमाव से राहत नही मिलने से गुस्साए लोगो ने सुशील के आवास के समक्ष प्रदर्शन किया।

# प्रधानमंत्री ने जापान में तूफान के कारण लोगों की मौत पर जताया शोक

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने जापान में भयंकर तूफान हगिबिस में लोगों की मौत पर रविवार को शोक जताया और भारतीय नौसेना कर्मियों द्वारा बचाव अभियानों में मदद करने की पेशकश की। भारतीय नौसेना कर्मी जापान की पहले से तय यात्रा पर हैं। मोदी ने भरोसा जताया कि जापान के लोग अपनी तैयारी और जुझारू क्षमता से इस आपदा के असर से प्रभावी तथा तेजी से निपटने में सक्षम होंगे। तूफान हगिबिस ने शनिवार को तोक्यो के दक्षिण में दस्तक दी थी और वह उत्तर की ओर बढ़ गया जिससे भीषण बाढ़ आई। तूफान-बाढ के कारण विभिन्न घटनाओं में 19 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही 12 से अधिक लोग लापता हैं।

मोदी ने जापानी और अंग्रेजी भाषा में किए सिलसिलेवार ट्वीट्स में कहा, मैं जापान में शक्तिशाली तूफान हगिबिस के कारण लोगों की मौत पर सभी भारतीयों की ओर से शोक व्यक्त करता हूं। मैं कामना करता हूं कि इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान और तबाही की भरपाई जल्द हो। मोदी ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि जापान के लोग अपनी तैयारी और जुझारू क्षमता तथा प्रधानमंत्री शिंजो आबे के नेतृत्व की बदौलत इस आपदा के असर से प्रभावी तथा तेजी से निपटने में सक्षम होंगे। मोदी ने आबे को अपना मित्र बताया। मोदी ने ट्वीट किया, भारत इस मुश्किल घड़ी में जापान के साथ एकजुटता से खड़ा है। जापान की निर्धारित यात्रा पर गए भारतीय नौसेना के कर्मी तत्काल सहायता देना चाहेंगे।

## दो पोत तूफान प्रभावित जापान को सहायता उपलब्ध कराएंगे: नौसेना

**नई दिल्ली।** नौसेना ने तूफान प्रभावित जापान को मदद उपलब्ध कराने के लिए अपने दो पोतों को तैनात किया है। नौसेना ने जापान को मदद उपलब्ध कराने के लिए आईएनएस सह्याद्री और आईएनएस किल्टन को तैनात किया है। नौसेना ने एक ट्वीट में कहा, जापान तूफान हगिबिस से हुई तबाही और नुकसान का सामना कर रहा है। क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस सह्याद्री और आईएनएस किल्टन अनुरोध के अनुसार सहायता प्रदान के लिए तैयार है। जापान की राजधानी तोक्यो समेत देश के अन्य हिस्सों में भयंकर तूफान हगिबिस से कई लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों घायल हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तूफान के कारण लोगों के मारे जाने पर रविवार को शोक जताया।



नागपुर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले एक रैली के दौरान भाजपा नेताओं के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

## राज ठाकरे ने प्रासंगिक मुद्दों को नहीं उठाने के लिए भाजपा पर निशाना साधा

**एजेंसी।** ठाणे

**आगामी** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियानों में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के फैसले को भुनाने के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना करते हुए, मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य में किसान आत्महत्या और सड़कों की खराब स्थिति जैसे मुद्दों पर भगवा पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। ठाणे जिले के भिवंडी और कल्याण में मनसे उम्मीदवारों के लिए शनिवार रात आयोजित चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के नेता उन मुद्दों को उठा रहे हैं जिनका राज्य के चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं, विशेष रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में अपनी रैलियों में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के फैसले के बारे में बार-बार जिक्र किया। ठाकरे ने कहा, जब महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या और सड़कों की खराब स्थिति जैसी कई समस्याएं हैं, तो ऐसे में वे उन मुद्दों को उठा रहे हैं जिनका राज्य के चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है... वे आसानी से लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के लिए इस तरह के नेताओं को अपनी जगह दिखाने और काम नहीं करने वालों को घर बैठाने का सही समय है।

# भाजपा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए तैयार कर रही है प्रतिभाशाली कार्यकर्ताओं का समूह

एजेंसी। कोलकाता

**इस** साल के प्रारंभ में आम चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में मिले चुनावी फायदे को राज्य में 2021 होने वाले विधानसभा चुनाव में और बेहतर बनाने के इरादे से प्रदेश भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के बीच से उम्मीदवारों के चयन के लिए प्रतिभाशाली लोगों का एक समूह तैयार कर रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस कार्यक्रम का लक्ष्य भाजपा कार्यकर्ताओं को मजबूत जमीनीस्तर के नेताओं के तौर पर तैयार करना है। इस कवायद के साल के आखिर या 2020 के प्रारंभ तक पूरा हो जाने की संभावना है।

भाजपा ने अप्रैल-मई में संसदीय चुनाव में पश्चिम बंगाल में 42 में से 18 लोकसभा सीटें जीती थी। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने 22 सीटें जीती थीं। भाजपा के लिए 2014 के मुकाबले 2019 लोकसभा चुनाव में यह शानदार प्रदर्शन था। उसे 2014 के आम चुनाव में राज्य में महज दो सीटें आई थीं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने पीटीआई भाषा से कहा, हमने प्रतिभाशाली लोगों के समूह के गठन के वास्ते हर निर्वाचन क्षेत्र से अपनी पार्टी के चार सदस्यों की पहचान की प्रक्रिया शुरू की है। चुने गए पार्टी कार्यकर्ताओं को भावी संगठनात्मक नेताओं और 2021 के विधानसभा चुनाव के वास्ते संभावित उम्मीदवारों के रूप में तैयार किया जाएगा।

पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक एवं जनाधार वाले नेताओं के रूप में तैयार करना तथा उन्हें उनके क्षेत्रों में पार्टी का चेहरा बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधानसभा क्षेत्र में चुने गए चार सदस्यों के कामकाज के आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर उनमें से एक को अपना उम्मीदवार बनाएगी और बाकी को संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि निश्चित ही पुराने कार्यकर्ताओं को वरीयता दी जाएगी लेकिन यदि अन्य दल से पार्टी में आया व्यक्ति बेहतर पाया गया तो उसे मौका मिलेगा। पार्टी के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रदेश भाजपा के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने इस कवायद की जरूरत को और स्पष्ट करते हुए कहा कि भले ही भाजपा ने पश्चिम बंगाल में गहरी पैठ बना ली है लेकिन जमीनी कार्यकर्ताओं के लिहाज से वह अब भी सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से पीछे है। भाजपा ने अच्छे संगठनकर्ताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अपने संगठन के अंदर लाने के लिए पार्टी संगठन में फेरबदल करेगी। भाजपा के प्रदेश मामलों के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, जिलों और स्थानीय क्षेत्रों , जहां बस नियुक्ति के नाम पर पहले नेता नियुक्त किए गए थे, उनके स्थान पर अच्छे और कुशल व्यक्ति लाए जाएंगे। लेकिन जो अच्छे संगठनकर्ता और नेता है, उन्हें नई समितियों में बरकरार रखा जाएगा। भाजपा ने 294 सदस्ईय विधानसभा में कम से कम 250 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। भाजपा की योजना को खारिज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के महासचिव ने कहा, भाजपा का राज्य में सत्ता में आने का सपना सपना ही रह जाएगा। 2021 में भी बंगाल फिर ममता बनर्जी को ही चुनेगा।

## शेरनी ने तीन शावकों को दिया जन्म, एक की मौत

**रीवा (मध्यप्रदेश)।** मध्यप्रदेश के रीवा के मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी में तीन वर्षीय एक शेरनी ने तीन शावकों को जन्म दिया जिसके तीसरे दिन उनमें से एक शावक की मौत हो गई। व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर के निदेशक संजय रायखेड़े ने रविवार को बताया, जैस्मिन नाम की शेरनी ने बृहस्पतिवार को मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी में तीन शावकों को जन्म दिया था। उनमें से एक शावक ने शनिवार देर रात दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि यह शावक पैदा होने के बाद से ही कमजोर था और दूध नहीं पी रहा था। यह शावक अन्य दो शावकों के पैदा होने के करीब 20 मिनट बाद जन्मा था।

# तब मंच पर गाना गाने के नाम से सूख जाती थी किशोर कुमार की जान


**एजेंसी।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**32वीं पुण्यतिथि पर विशेष**

**हिंदुस्तानी** फिल्मों के हरफनमौला सितारे किशोर कुमार ने अपने करियर में हजारों गीत गाए और कई फिल्मों में अभिनय भी किया। उनकी गायकी के अनोखे अंदाज की लोग आज भी नकल की कोशिश करते हैं। विलक्षण प्रतिभा के धनी किशोर कुमार को लेकर कई किस्से मशहूर हैं। इनमें से एक यहां कॉलेज में उनकी पढ़ाई से जुड़ा है। कहा जाता है कि शुरू में मंच से इस कदर झिझकते थे कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परदे के पीछे छिपकर गीत गाना पसंद करते थे।

शहर के क्रिश्चियन कॉलेज में इतिहास पढ़ाने वाले स्वरूप बाजपेई ने रविवार को बताया, इस महाविद्यालय में वर्ष 1946 से लेकर 1948 से पढ़ाई के दौरान किशोर कुमार हॉस्टल के अपने कमरे से लेकर इस परिसर के इमली के पेड़ के नीचे अक्सर गाते-गुनगुनाते रहते थे। यहां तक कि वह कक्षाओं में भी अकसर गाना गाते थे। लेकिन तब पता नहीं क्यों, वह शुरूआत में मंच पर श्रोताओं का सामना करने से खूब झिझकते थे।

उन्होंने बताया, कॉलेज के पूर्व छात्रों के मुताबिक वह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मंच के बजाय परदे के पीछे छिपकर गाना गाते थे। लेकिन वह तब भी कुछ यूं गाते थे कि समां बंध जाता था और उनकी प्रस्तुति के बाद देर तक तालियां बजती रहती थीं। हालांकि, बाद में उनकी झिझक मिटी और वह मंच पर शानदार गायन प्रस्तुति देने लगे। चार अगस्त 1929 को मध्यप्रदेश (तब मध्य प्रांत) के खंडवा में पैदा हुए किशोर कुमार का वास्तविक नाम आभास कुमार गांगुली था। वह मैट्रिक पास करके इंटरमीडिएट में पहुंचे तो पिता कुंजलाल गांगुली ने उनके भविष्य की फिक्र करते हुए उनका दाखिला इंदौर के क्रिश्चियन कॉलेज में करा दिया था। बाजपेई ने बताया कि चूंकि किशोर कुमार के बड़े भाई



अशोक कुमार उस समय हिन्दी फिल्म जगत में बतौर अभिनेता स्थापित हो चुके थे। इसलिए किशोर कुमार कॉलेज की छुट्टियों के दौरान मुंबई जाते रहते थे।

पढ़ाई के दौरान ही किशोर कुमार ने मनोरंजन जगत में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1946 में परदे पर उतरी फिल्म शिकारी से की थी। इस फिल्म में उनके बड़े भाई अशोक कुमार मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद किशोर कुमार ने देव आनंद की प्रमुख भूमिका वाली फिल्म जिद्दी (1948) के लिए मरने की दुआएं क्यों मांगू गीत को स्वर दिया था। यह गाना किशोर कुमार के पार्श्व गायन करियर में रिकॉर्ड हुआ पहला एकल गीत माना जाता है। बाजपेई ने बताया, किशोर कुमार ने वर्ष 1948 में कॉलेज की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी और फिल्म जगत में करियर बनाने के मकसद से हमेशा के लिए मुंबई चले गए। बहरहाल, एक वक्त के बाद मायानगरी से उनका मोहभंग होने लगा था। वह जीवन के अंतिम पड़ाव को अपने जन्म स्थान में गुजारने की ख्वाहिश के साथ कहते थे-दूध-जलेबी खाएंगे, खंडवा में बस जाएंगे। किशोर कुमार का निधन 13 अक्टूबर 1987 को मुंबई में हुआ था। लेकिन जन्मस्थली से उनके ताउम्र दिली लगाव के कारण उनका अंतिम संस्कार खंडवा में ही किया गया था।

## गुजरात में नौवी कक्षा की परीक्षा में पूछा गया प्रश्न, गांधीजी ने आत्महत्या कैसे की?

**अहमदाबाद।** गुजरात में नौंवीं कक्षा की आंतरिक परीक्षा में यह चौंकाने वाला प्रश्न पूछा गया है कि गांधीजी ने आत्महत्या कैसे की? परीक्षा में यह अटपटा प्रश्न पूछे जाने का मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है। साथ ही, इसके अलावा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों से पूछे गए एक और प्रश्न ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को हैरान कर दिया है। इस प्रश्न में कहा गया है – अपने इलाके में शराब की बिक्री बढ़ने एवं शराब तस्करों द्वारा पैदा की जाने वाली परेशानियों के बारे में शिकायत करते हुए जिला पुलिस प्रमुख को एक पत्र लिखें। उल्लेखनीय है कि गुजरात में शराब पर पूरी तरह से पाबंदी है। एक अधिकारी ने बताया कि सुफलाम शाला विकास संकुल के बैनर तले चलने वाले विद्यालयों में नौवीं कक्षा की आंतरिक परीक्षा में पूछा गया, गांधीजी ने आत्महत्या कैसे की? सुफलाम शाला विकास संकुल कुछ स्व वित्तपोषित विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों का संगठन है, जिन्हें गांधीनगर में सरकारी अनुदान मिलता है। गांधीनगर के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने बताया, स्व वित्तपोषित स्कूलों के एक समूह ने और अनुदान प्राप्त करने वाले स्कूलों ने ए दोनों प्रश्न शनिवार को हुई अपनी आंतरिक परीक्षाओं में शामिल किया था। ए प्रश्न बहुत आपत्तिजनक हैं और हमने इसकी जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट आने के बाद कार्वाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुफलाम शाला विकास संकुल के बैनर तले संचालित होने वाले इन स्कूलों के प्रबंधन ने ए प्रश्न पत्र तैयार किए थे और इनका राज्य शिक्षा विभाग से कोई लेना-देना नहीं है।

# यूजीसी के जीवन कौशल पाठ्यक्रम में सोशल मीडिया शिष्टाचार व योग-प्राणायाम शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

**सोशल मीडिया** की नैतिकता और शिष्टाचार, गूगल का बेहतर उपयोग कैसे करें, योग-प्राणायाम और फिर से लेखन शुरू करना जैसे विषय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा विकसित जीवन कौशल पाठ्यक्रम का हिस्सा है। आयोग ने हाल ही में देश भर में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम में जीवन कौशल नामक कार्यक्रम शुरू किया था। कार्यक्रम में आठ महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को कवर किया गया है, जिसे किसी भी सेमेस्टर में समायोजित किया जा सकता है और इसका उद्देश्य छात्रों में भावनात्मक और बौद्धिक क्षमताओं को विकसित करना तथा मौखिक एवं गैर-मौखिक संचार कौशल विकसित करना है।

यूजीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, आज जब हम लेखन कौशल और संचार कौशल के बारे में बात करते हैं, तो हम सोशल मीडिया पर लेखन को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सोशल मीडिया वेबसाइटें लोगों से संपर्क बनाने व उनसे जुड़ने का एक अच्छा माध्यम हैं लेकिन छात्रों को इनके फायदे और नुकसान का पता होना चाहिए।

उन्होंने कहा, सोशल मीडिया के कुछ नैतिक मानदंड और शिष्टाचार होना चाहिए और पाठ्यक्रम उन्हें वही सिखाएगा। गूगल सर्च का बेहतर उपयोग कैसे करें, इसके लिए भी एक मॉड्यूल तैयार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि प्राय: छात्रों को पता नहीं होता है कि सीवी, रिज्यूमे और बायोडेटा के बीच क्या अंतर होता है। एक अच्छा रिज्यूमे लिखना भी जीवन का एक कौशल ही है, जिसे प्रत्एक छात्र को पेशेवर दुनिया में प्रवेश करने से पहले सीखना चाहिए।

अधिकारी ने कहा, अगर शिक्षार्थी प्यार और करुणा को आचरण में लाना सीखते हैं तो उन्हें क्या लाभ होगा? और यदि वे ए नहीं सीखते हैं तो वे क्या गंवा देंगे? ए चीजें उन्हें पता होना चाहिए। टीम के एक सदस्य और टीम के एक नेता के तौर पर उनमें सुनने के क्या कौशल होने चाहिए व दोनों स्थिति में कितना अलग होना चाहिए? इन सभी कौशलों को छात्रों को सिखाया जाना चाहिए।

पाठ्यक्रम में तीन ऐच्छिक विषय हैं- एकात्म मानव, योग, प्राणायाम और कृतज्ञता भाव। अधिकारी ने बताया, पाठ्यक्रम को एक विशेषज्ञ समिति द्वारा विकसित किया गया है जिसका उद्देश्य हमारे स्नातक छात्रों को उनकी वास्तविक क्षमता को उजागर करना और उन्हें समाज का एक बेहतर व जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## गोवा कांग्रेस ने भाजपा में जाने वाले विधायकों की पार्टी में वापसी पर रोक लगाई

**गोवा।** गोवा कांग्रेस ने शनिवार को एक प्रस्ताव पारित करके उन 13 विधायकों के पार्टी में फिर से शामिल करने पर रोक लगा दी है जो कुछ महीने पहले सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे। उनमें से कई को प्रमोद सावंत सरकार में मंत्री बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष गिरीश चोडनकर की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय किया गया। चोडनकर ने कहा कि इसी तरह के प्रस्ताव पार्टी की उत्तर और दक्षिण गोवा जिला समितियों ने भी पारित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति को भेजा जाएगा। साल 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस सबसे बड़ा दल था और उसे 17 सीटें मिली थी, लेकिन कई विधायकों के भाजपा में चले जाने की वजह से आज उसके केवल पांच विधायक रहे गए हैं।



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा से उनके गांधीनगर स्थित आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया

# कश्मीर में यात्रा प्रतिबंध हटने के बाद बंगाली यात्रा करने को उत्साहित

**कोलकाता।** जम्मू-कश्मीर में यात्रा को लेकर प्रतिबंध के हटने से पश्चिम बंगाल से यहां बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है, जो दुर्गा पूजा के दौरान यहां लगी पाबंदियों के चलते नहीं आ पाए थे। जम्मू-कश्मीर पर्यटक कार्यालय के प्रभारी एहसान उल-हक ने यहां बताया कि गुजरात के बाद दूसरे नंबर पर सबसे अधिक पर्यटक पश्चिम बंगाल से ही जम्मू-कश्मीर आते हैं।

पाबंदियों के दौरान भी यहां आने के लिए इच्छुक बंगाल के कई पर्यटक हमसे अनेक प्रश्न पूछ रहे थे। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार से पोस्टपेड मोबाइल फोन सेवाएं बहाल करने का निर्णय किया है, जिससे पर्यटकों को कश्मीर आने के लिए एक बार फिर आकर्षित किया जा सकता है। मोबाइल सेवाएं निलंबित होने के कारण राज्य में पर्यटक उद्योग प्रभावित हो रहा था।

अधिकारियों ने सोमवार दोपहर से राज्य में 40 लाख से अधिक पोस्टपेड मोबाइल फोन सेवाएं दोबारा बहाल करने की शनिवार को घोषणा की थी। वहीं जम्मू-कश्मीर में 10 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए पाबंदियां वापस ले ली गई हैं। राज्य प्रशासन ने घाटी में आतंकवादी हमले की आशंका का हवाला देते हुए दो अगस्त को एक सुरक्षा परामर्श जारी करते हुए पर्यटकों को कश्मीर से जल्द से जल्द वापस जाने को कहा था। इसके बाद पांच अगस्त को केन्द्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख दो केन्द्र शासित प्रदेश बनाने की घोषणा की थी। ट्रैवल एजेंट्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष (पूर्वी) अनिल पंजाबी ने बताया कि 2018 में पूर्वी राज्य से छह हजार से अधिक पर्यटक घाटी आए थे और इस आंकड़े के 2020 में तीन गुना बढ़ने की संभावना है।

# देश के छह राज्यों के छह प्रखंडो में स्कूली शिक्षा पर जमीनी सर्वेक्षण करा रही है एनसीईआरटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एवं पठन-पाठन की व्यवस्था को उन्नत बनाने के लिए देश के छह राज्यों के छह प्रखंडों में प्राथमिक शिक्षा स्तर पर जमीनी सर्वेक्षण करा रही है। यह सर्वेक्षण स्कूलों की स्थिति, पाठ्एतर गतिविधियों में छात्रों की सहभागिता, छात्र केंद्रित गतिविधि, शिक्षकों को पेश आने वाली परेशानी, स्कूल के माहौल के आधार पर किया जा रहा है।

एनसीईआरटी के निदेशक ऋृषिकेश सेनापति ने पीटीआई-भाषा से खास बातचीत में कहा, इन छह राज्यों में कर्नाटक के मैसूर में हुंसूर प्रखंड, मध्य प्रदेश के भोपाल में इच्छावर, मेघालय के शिलांग में भोइरिमबांग, राजस्थान के भीलवाड़ा में हुर्दा तथा ओडिशा के भुवनेश्वर में चिल्का प्रखंड शामिल हैं। उन्होंने बताया, इन छह प्रखंडों में स्कूली शिक्षा के विविध आयामों पर जमीनी (बेसलाइन) सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसके तहत हमने कई गतिविधियां तैयार की हैं और इन प्रखंडों में स्थित स्कूलों में इनके अनुपालन की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा करके और रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

एनसीईआरटी की टीम स्कूलों का दौरा कर रही है और इसमें सामुदायिक भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। इस कार्य में राज्य शिक्षा विभाग, एससीईआरटी, शिक्षाविदों, शिक्षकों, छात्रों एवं अधिकारियों की भी सहभागिता है। एनसीईआरटी के निदेशक ने बताया कि इस सर्वेक्षण के आधार पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एवं पठन पाठन की स्थिति को उन्नत बनाया जाएगा।

एनसीईआरटी ने नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 को उन्नत बनाने की योजना बनाई है। एनसीईआरटी के सर्वेक्षण के तहत कर्नाटक के मैसूर में हुंसूर प्रखंड में 329 स्कूलों के 21500 छात्र एवं 1208 शिक्षकों को शामिल किया गया है जबकि मध्यप्रदेश के भोपाल में इच्छावर प्रखंड में 290 स्कूलों में 17000 छात्रों एवं 649 शिक्षकों को शामिल किया गया है। मेघालय के शिलांग में भोइरिमबांग प्रखंड में 183 स्कूलों में 13613 छात्रों एवं 946 शिक्षकों, राजस्थान के भीलवाड़ा में हुर्दा प्रखंड में 167 स्कूलों में 20 हजार से अधिक छात्रों एवं 496 शिक्षकों तथा ओडिशा के भुवनेश्वर में चिल्का प्रखंड में 119 स्कूलों में 16098 छात्रों एवं 574 शिक्षकों को शामिल किया गया है। एनसीईआरटी के निदेशक ने बताया कि परिषद ने पहली से आठवीं कक्षा के लिए पहले ही लर्निंग आउटकम जारी कर दिया है और इसी महीने माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर लर्निंग आउटकम जारी किया जाएगा। सेनापति ने बताया, हमारा जोर क्षमता उन्नयन पर है। हम छात्रों में समस्या समाधान क्षमता एवं समालोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना चाहते हैं।

## सोरेन परिवार कैसे बना सैकड़ों एकड़ जमीन का मालिक : दास

**नोवामुंडी (चाईबासा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पर प्रदेश को लूटने का आरोप लगाते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री शनिवार को यहां सवाल उठाया कि सोरेन परिवार कैसे सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट के उल्लंघन कर देवघर, दुमका, रांची, धनबाद, गालूडीह, बोकारो, पाकुड़िया समेत अन्य शहरों में करोड़ों रुपए की सैकड़ों एकड़ जमीन का मालिक बन गया?

मुख्यमंत्री ने आज यहां जोहार जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए सवाल उठाया कि सोरेन परिवार के पास कहां से आए इतने रुपए कि उन्होंने सैकड़ों एकड़ जमीन खरीद ली? रघुवर दास ने आरोप लगाया कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने राज्य को जमकर लूटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो आदिवासियों के विकास की बात नहीं करती। एक भी काम आदिवासी हित में नहीं किया, लेकिन हमने किसी की भी एक इंच जमीन नहीं ली।

# भाजपा को हार का आभास: पवार

**जलगांव।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को पूछा कि भाजपा को अगर लगता है कि प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में विपक्ष के साथ कोई मुकाबला नहीं है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इतनी बड़ी संख्या में रैली का आयोजन क्यों कर रहे हैं। चालीसगांव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि भाजपा की नींद उड़ी हुई है क्योंकि युवा सत्तारूढ़ दल को हराने के लिए तैयार हैं। पवार ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के लिए भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार को बधाई दी और पूछा कि क्या उनके पास अनुच्छेद 371 को निरस्त करने का साहस है जिसके तहत पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों को विशेष अधिकार मिले हैं।

पवार ने जामनेर में एक चुनावी रैली में कहा, मुख्यमंत्री ने कहा है कि चुनावी संघर्ष में भाजपा के समक्ष वह विपक्ष को कहीं नहीं देखते हैं। मैं महाराष्ट्र पहलवान एसोसिएशन का अध्यक्ष हूं। हमारे पहलवान अन्य पहलवानों से लड़ते हैं और दूसरों से नहीं। अगर उन्हें लगता है कि महाराष्ट्र में लड़ाई नहीं है तो प्रधानमंत्री प्रदेश में नौ रैली क्यों कर रहे हैं, केंद्रीय गृह मंत्री 20 और मुख्यमंत्री 50 रैलियां क्यों कर रहे हैं। उनकी नींद उड़ गई है क्योंकि युवा उनलोगों को हराने के लिए तैयार हैं। इसलिए वे महाराष्ट्र में घूम रहे हैं।

शाह के इस बयान पर कि उन्होंने (पवार ने) महाराष्ट्र के लिए क्या किया है, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने सभी क्षेत्रों में राज्य को नंबर एक बनाने का प्रयास किया और उन्होंने उद्योगों के विकास के लिए और उसके बाद रोजगार के लिए कदम उठाए। जब मैं मुख्यमंत्री था, तब महाराष्ट्र में 1978 में रोजगार गारंटी योजना लागू की गई थी। जब उन्होंने राज्य का नेतृत्व किया तब स्थानीय निकाय में महिलाओं को आरक्षण दिया गया। राकांपा नेता ने दोहराया कि महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन मामले में उनका नाम जोड़ा है जबकि वह बैंक के सदस्य भी नहीं हैं।



बोधगया में शरद पूर्णिमा के अवसर पर महाबोधि मन्दिर में कैंडिल लाइट जलाकर पूजा करने जाते थाईलैण्ड से आए बौद्धभिक्षु

## मेरा अलग विचार रखना, मुझे आपका दुश्मन नहीं बनाता है

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि यह जरूरी नहीं है कि कोई व्यक्ति हमेशा किसी दूसरे व्यक्ति की बातों से सहमत ही हो और ऐसा होने से दोनों एक-दूसरे के दुश्मन नहीं बन जाते हैं। राज्यपाल का यह बयान मुर्शिदाबाद में हुए तिहरे हत्याकांड के बाद दिए गए उनके बयान के तीन बाद आया है। उन्होंने कहा था कि मुर्शिदाबाद की घटना राज्य में चिंताजनक कानून-व्यवस्था को दिखाती है। उनका यह बयान सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को रास नहीं आया था। धनखड़ ने हावड़ा जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, यह जरूरी नहीं है कि मुझे आपके हर विचार से सहमत ही होना पड़े और ऐसा होना मुझे आपका विरोधी और दुश्मन नहीं बनाता है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए हुए कहा कि दो लोगों को एक-दूसरे से असहमत होने का अधिकार है।

# बच्चों को भिक्षावृत्ति के दलदल से निकालने के लिए जल्द दोबारा शुरू होगा आपरेशन मुक्ति

**देहरादून।** भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति को समाप्त कर इसमें लिप्त बच्चों को मुख्य धारा में लाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन मुक्ति की सफलता से उत्साहित उत्तराखंड पुलिस अब जल्द ही इसे दोबारा शुरू करेगी। पूर्व में दो माह तक चली इस कवायद से प्रदेश भर में भिक्षा मांगने वाले 68 बच्चों को न केवल इस बुरी प्रथा से मुक्ति दिलाई गई बल्कि उन्हें पुनर्वासित कर अन्य बच्चों की तरह स्कूल में दाखिल भी कराया गया जिससे वे भी शिक्षा ग्रहण कर एक उज्ज्वल भविष्य की राह पर चल सकें।

इन 68 बच्चों में से 11 वर्षीय राजू को द्रष्टिहीन होने के चलते यहां देहरादून स्थित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय दृष्टिबाधितार्थ संस्थान (एनआइवीएच) में दाखिला दिलाया गया है। अन्य 67 बच्चों को भी सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाया गया है। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अशोक कुमार ने कहा कि आपरेशन मुक्ति के बाद प्रदेश भर में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की संख्या में काफी कमी आई है और इसकी सफलता को देखते हुए हम इसे जल्द ही दोबारा शुरू करेंगे।

इस काम में लगे बच्चों को इससे बाहर निकालना एक बडी चुनौती है क्योंकि ज्यादातर मामलों में इन बच्चों के मातापिता ही इनसे भिक्षावृत्ति कराते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भिक्षावृत्ति पर प्रभावी रोकथाम, जागरूकता और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के पुनर्वास के अपने लक्ष्य में पुलिस सफ्ल होगी। इस साल एक मई से 30 जून तक तीन चरणों में चलाए गए आपरेशन मुक्ति के तहत पुलिस ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स भी बनाए और इन्हें प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया।

धार्मिक नगरी हरिद्वार में भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति के ज्यादा होने के मद्देनजर वहां ज्यादा ध्यान किया गया। देहरादून में भी शहर के ऐसे इलाके चिन्हित किए गए जहां बच्चे भिक्षावृत्ति में ज्यादा लिप्त रहते हैं। इन इलाकों में दर्शन लाल चौक, परेड ग्राउंड, एश्ले हॉल, आइएसबीटी, रिस्पना पुल, पैसिफिक मॉल, रेलवे स्टेशन, दिलाराम चौक, प्रिंस चौक, बल्लूपुर चौक आदि स्थानों पर लगातार अभियान चलाया गया। पहले चरण में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों और उनके परिवारों का विवरण तैयार किया गया जबकि दूसरे चरण में समस्त स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों, सिनेमाघरों और बस तथा रेलवे स्टेशनों तथा धार्मिक स्थानों पर बच्चों को भिक्षा न देने के लिए जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों को जबरन भिक्षावृत्ति में धकेलने वाले व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के अलावा बच्चों के परिवारजनों को भी समझाया गया कि भिक्षावृत्ति एक बुराई है। तीसरे चरण में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को इससे हटाकर उनके परिजनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्वाई करना तथा किसी प्रकार का संदेह होने पर डीएनए टेस्ट की कार्वाई करना शामिल है।

## तेल कंपनियों के साथ ईंधन भुगतान के मुद्दे को जल्द सुलझा लिया जाएगा: एअर इंडिया

**मुंबई।** सरकारी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने रविवार को कहा कि तेल कंपनियों के साथ भुगतान के मुद्दे को जल्द सुलझा लिया जाएगा। बृहस्पतिवार को तीन सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने एअर इंडिया को पत्र लिखकर चेतावनी दी थी कि वह हर महीने एकमुश्त भुगतान देना शुरू करे अन्यथा 18 अक्टूबर से छह प्रमुख हवाईअड्डों पर उसकी ईंधन आपूर्ति रोक दी जाएगी। विमानन कंपनी ने अपने ग्राहकों को परिचालन सुचारू रहने का आश्वासन दिया है। कंपनी ने कहा है कि मुद्दे को सुलझाने के लिए वह हर संभव कदम उठा रही है। तेल कंपनियों के साथ मुद्दे को सुलझाने के लिए बातचीत चल रही है और जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा। तेल कंपनियों का दावा है कि एअर इंडिया पर ईंधन का 5,000 करोड़ रुपए का बकाया है।

# सरकारी बंगलों में सांसदों के अतिथि भी बने सरकार के लिए सिरदर्द

**नई दिल्ली।** लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी आवास में रहने की पात्रता गंवा चुके पूर्व सांसदों से बंगले खाली कराने के साथ आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय सांसदों एवं मंत्रियों के उन अतिथियों से ज़बरन बंगले खाली कराने की मुहिम तेज करेगा जो लंबे समय से सरकारी बंगलों में जमे हुए हैं। मंत्रालय के संपदा निदेशालय ने ऐसे 45 सांसदों, पूर्व सांसदों की सूची तैयार की है जिनके अतिथि तमाम नोटिस के बावजूद बंगला खाली नहीं कर रहे हैं।

सूची में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महेन्द्र नाथ पांडे के अलावा पूर्व सांसद संजय सिंह, उदित राज, ओपी यादव और सी पी जोशी के अतिथि भी शामिल हैं। राजस्थान के भीलवाड़ा से पूर्व सांसद जोशी इस समय राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हैं। ओपी यादव के अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन पं. पंत मार्ग स्थित सरकारी बंगले में रह रहे हैं। सांसद मीनाक्षी लेखी, रमेश बिधूड़ी और पूनमबेन मादम और अजय टम्टा के अतिथि भी इस सूची में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि किसी सांसद के अनुरोध पर उसके अतिथि को इलाज या अन्य किसी विशिष्ट उद्देश्य से तीन महीने के लिए लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी आवास आवंटित किया जा सकता है। विशेष परिस्थिति में इस अवधि को तर्कसंगत आधार बताए जाने पर बढ़ाया जा सकता है।

सरकारी संपत्ति से अनधिकृत कब्जों की बेदखली के लिए हाल ही में संसद द्वारा पारित कठोर प्रावधानों वाले सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम 2019 को मंत्रालय द्वारा 12 सितंबर को लागू किए जाने के बाद संपदा निदेशालय ने लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी बंगले में रहने की पात्रता गंवा चुके पूर्व सांसदों और सांसदों के अतिथियों से आवास खाली कराने की कार्वाई तेज कर दी है।

निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि बंगला खाली नहीं कर रहे लगभग 40 पूर्व सांसदों को आवास से पुलिस द्वारा बलपूर्वक बेदखल करने की कार्वाई पूरी होने के बाद सांसदों के अतिथियों से आवास खाली कराने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 45 अतिथियों की सूची निदेशालय की अर्द्धन्यायिक इकाई के पास भेज दी गई है। अधिकारी ने बताया कि पूर्व सांसदों के बंगले खाली नहीं हो पाने के कारण नवनिर्वाचित सांसदों को भी आवास आवंटन में विलंब हो रहा है। लोकसभा की आवास आवंटन समिति के अध्यक्ष सी आर पाटिल ने बताया कि सिर्फ़ आठ सांसदों को आवास आवंटित होना शेष है। जल्द ही इन्हें भी आवास मिल जाएंगे।

हालाँकि कुछ सांसद ऐसे भी हैं जिन्हें बंगला आवंटन होने के बावजूद आवास ख़ाली नहीं होने के कारण इनको अभी आवास सुविधा नहीं मिल सकी हाई। इस वजह से राज्यों के भवन और वेस्टर्न कोर्ट सहित अन्य अतिथि गृहों में अस्थाई इंतजाम में इन सांसदों को रहना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की लालगंज सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद ने बताया कि उन्हें वेस्टर्न कोर्ट में अस्थाई इंतजाम के तहत रहना पड़ रहा है। आजाद ने कहा, आवास आवंटन में देरी के लिए निदेशालय के अधिकारी पूर्व सांसदों द्वारा घर खाली नहीं करने को प्रमुख वजह बता रहे हैं। ऐसे में कानून को सख्त बनाने का प्रयोजन ही विफल साबित हो रहा हैं।

विधि मंत्रालय द्वारा तैनात अर्द्धन्यायिक अधिकारी की अध्यक्षता वाली इस इकाई ने संबंधित सांसद और उसके अतिथि को नोटिस भेज कर सुनवाई के लिए तलब करना शुरु कर दिया है। इसके तहत भाजपा के राज्यसभा सदस्य रणविजय सिंह जूदेव के अतिथि के रूप में लंबे समय से साउथ एवेन्यू स्थित बंगले में रह रहे पूर्व सांसद कामेश्वर सिंह से पिछले सप्ताह बंगला खाली कराया गया। इस बीच निदेशालय ने तीन अन्य पूर्व सांसदों प्रियंका सिंह रावत, प्रसन्न कुमार पटसानी और पी श्रीनिवास रेड्डी के बंगले पुलिस की मदद से बलपूर्वक खाली कराने का आदेश जारी कर दिया है। भाजपा की पूर्व सांसद रावत को नॉर्थ एवेन्यू स्थित 185 नंबर बंगला, टीआरएस के पूर्व सांसद रेड्डी को महादेव रोड स्थित 11 नंबर बंगला और बीजद के पूर्व सांसद पटसानी को साउथ एवेन्यू स्थित 185 नंबर आवंटित था।



जयपुर में आजाद हिन्द सेना के कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालते हुए

# कांग्रेस में बदलाव जरूरी

## आघात से उबरकर भविष्य पर डालें नजर

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी कभी-कभी विपस्सना शिविरों में चले जाते हैं। लेकिन भारत में ऐसे अनेक केन्द्र होने के कारण उनको कंबोडिया जाने की आवश्यकता नहीं है। विपस्सना से कर्मयोग मजबूत होता है, लेकिन राहुल अब तक कोई महत्वपूर्ण काम नहीं कर पाए हैं। पांच महीने पहले लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस अभी आघात से उबर कर राष्ट्रीय पार्टी की तरह व्यवहार नहीं कर पा रही है। राहुल को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी, लेकिन विरासत किसी अन्य को सौंपने या कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के बजाय वे पलायनवादी रास्ते पर चल रहे हैं। सामंती ढांचे वाली पार्टी में उनको कम से कम संगठनात्मक चुनाव का नेतृत्व करना चाहिए था। हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के कुछ ही सप्ताह पहले अंतरिम पार्टी अध्यक्ष तथा वरिष्ठ व नौजवान नेताओं के बीच सेतु के रूप में सोनिया गांधी के सुलह प्रयासों के बावजूद राज्य इकाइयों में विरोध व्याप्त है। सोनिया परिवार के निकटस्थ व वफादार लोगों को खुश करने का प्रयास कर रही हैं, भले ही वे वर्तमान राजनीति में अनफिट हों। शशि थरूर द्वारा चिन्ता प्रकट करने के बाद सलमान खुर्शीद ने भी कहा है कि पार्टी में टकराव 'भविष्य के लिए ठीक नहीं है।' उन्होंने साहसी तरीके से स्वीकार किया कि नेता ने पार्टी को अधर में छोड़ दिया। राहुल गांधी के प्रमुख समर्थक ज्योतिरादित्य सिंधिया के अनुसार भी पार्टी में आत्मावलोकन का समय आ गया है।

ऐसा लगता है कि युवा व वरिष्ठ नेताओं के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के पहले राहुल की वापसी को अपने लोगों की प्रासांगिकता के लिए अल्टीमेटम माना जा रहा है। राजनीतिक रूप से मां



और बेटे के बीच दूरी जानबूझ कर भी हो सकती है जिनका अलग-अलग समूहों पर वर्चस्व है। सोनिया गांधी विरासत संभाल रही हैं और वे वरिष्ठ लोगों को पार्टी संचालन का मौका देते हुए भी उनकी विनाशकारी प्रवृत्तियों पर लगाम लगाना संभव मानती हैं। सर्वाधिक स्वीकार्य नेता अहमद पटेल को उन्होंने चुनाव समन्वय समिति का प्रमुख बनाया है। यदि उग्र युवा अतीत की तरह कांग्रेस से अलग होने का फैसला करें तो निरर्थक लोगों को हटा कर नई पहचान बना सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि कांग्रेस में पुरानी व्यवस्था समाप्त होनी चाहिए। यदि राहुल सफल होते हैं तो नई पार्टी स्वत: ही वैध हो जाएगी। शायद इसी कारण हरियाणा व महाराष्ट्र में उनके समर्थक समस्यायें खड़ी कर रहे हैं। सोनिया गांधी हरियाणा में पूर्व राज्य अध्यक्ष व राहुल समर्थक अशोक तंवर का बलिदान कर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को आगे बढ़ा रही हैं। तंवर के विरोधी तेवरों से पार्टी को नुकसान हो सकता है। महाराष्ट्र में भी विद्रोह की स्थिति है। मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य समर्थक राज्य इकाई में अपना दबाव बढ़ा रहे हैं। राजस्थान में सचिन पाइलट की यही स्थिति है। ज्योतिरादित्य के भाजपा में शामिल होने तथा पाइलट के अलग पार्टी बनाने की अफवाहे हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या भविष्य के सपने बुनने के लिए राहुल व प्रियंका के पास करिश्मा व राजनीतिक इच्छाशक्ति है? उनकी दादी इंदिरा गांधी को पार्टी विभाजन से लाभ हुआ था, लेकिन उस समय की तुलना में आज पार्टी बदहाल है तथा राज्यों में उसका लगभग सफाया हो गया है। राहुल के साथ आदर्शवादी सोच वाले विशिष्ट-वर्गीय नौजवान हैं, लेकिन उनका जमीनी राजनीति में सफल होना जरूरी नहीं है। देश की सबसे पुरानी पार्टी में युवा महत्वाकांक्षायें जोर मार रही हैं और पुरानी शैली निरर्थक हो गई है। ऐसे में कांग्रेस को परिवर्तन की जरूरत है।

# किशोरियों के लिए सक्रिय मीना मंच

उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में किशोरियों का क्लब मीना मंच छात्रों को प्रोत्साहित कर रहा है कि वे बाल विवाह का विरोध करें, शिक्षा जारी रखें तथा नेतृत्व व जीवन कौशल विकसित करें।



**स्वप्ना मजूमदार**
लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)




**रीमा** के 14 वर्ष की होने पर मां ने उसके विवाह का फैसला किया। उस समय यह किशोरी उत्तर प्रदेश में लखनऊ जिले के कल्ली पश्चिम अपर प्राइमरी स्कूल की कक्षा 8 में पढ़ रही थी। लेकिन मां को विश्वास था कि आज्ञाकारी बेटी उनकी इच्छा का सम्मान करेगी। उनका अनुमान ठीक था और रीमा ने उनका प्रस्ताव अस्वीकार नहीं किया।

यदि यह कहानी परिचित लग रही है तो इसका कारण है कि उत्तर प्रदेश मथा अनेक अन्य राज्यों में बहुसंख्य किशोरियों की यही किस्मत है। उत्तर प्रदेश देश के उन 13 राज्यों में शामिल है जहां ग्रामीण भारत में 80 प्रतिशत बाल विवाह होते हैं। यह तथ्य बाल अधिकार एवं युवा जीवन संरक्षण के राष्ट्रीय आयोग-एनसीपीसीआर के हालिया अध्ययन से पुष्ट होता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-एनएफएचएस-4 के अनुसार उत्तर प्रदेश में 8.5 करोड़ बच्चों में से 21 प्रतिशत बाल विवाह का शिकार हो जाते हैं।

वास्तव में उत्तर प्रदेश की हर पांच लड़कियों में से एक बालिका वधू होती है और उनमें से हर दसवीं कम आयु में गर्भवती हो जाती है। एनएफएचएस-4 सर्वेक्षण के अनुसार भारत में हर वर्ष 44.67 किशोरियां गर्भवती होती हैं जिनमें से चार लाख से अधिक मामले केवल उत्तर प्रदेश से होते हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में किशोरियों के लिए गठित मीना मंच के कारण रीमा की कहानी बदल गई। किशोरी ने इस क्लब के माध्यम से न केवल जल्दी विवाह के खतरे समझे, बल्कि उसने मां के निर्णय के पीछे छिपे आर्थिक कारण भी समझे। क्लब के कुछ सदस्यों के माध्यम से उसने अपनी मां तथा भावी ससुरालियों को समझाया कि वह विवाह के बाद अपनी पढ़ाई जारी रख सके। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 18 वर्ष की आयु से पहले वे उसे अपने पति के साथ रहने को मजबूर नहीं करेंगे।

'मीना' की प्रारम्भिक अवधारणा का विकास यूनीसेफ ने किया था। वह नौ वर्ष की एक काल्पनिक लड़की थी जो स्कूल में अपने सामने आने वाली बाधाओं का सामना करते हुए लड़कियों के लिए शिक्षा की आवश्यकता उजागर करती है। यह प्रतीक उन कल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए बनाया गया है जिनको लड़कियों के विकास तथा उनकी पहल के बारे में 1990 के दशक में अंतरराष्ट्रीय कन्या वर्ष में तैयार किया गया था। इसे सरकार के प्रमुख शिक्षा कार्यक्रम सर्वशिक्षा अभियान-एसएसए में स्वीकार किया गया था। मीना क्लब का गठन लड़कियों को अपनी शिक्षा जारी रखने तथा नेतृत्व व जीवन कौशल विकसित करने के लिए किया गया था। इसमें मीना की कथा पुस्तकों, फ्लिप चार्टों व एक्टिविटी शीट्स की सहायता ली गई। प्रत्येक क्लब में 11-14 वर्ष आयुवर्ग की 20 लड़कियां शामिल हैं जो इन कहानियों पर चर्चा करती हैं। मीना कैबिनेटों में कक्षा तीन, चार व पांच के दो बच्चे शामिल होते हैं जो क्लब सदस्यों के बीच उठने वाले मुद्दों का समाधान करते हैं। इसके लिए स्कूल की महिला शिक्षक-सुगमकर्ता- की सहायता ली जाती है जो फैसिलिटेटर की भूमिका निभाती हैं।

उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग ने हाल ही में घोषणा की है कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के अपर प्राइमरी स्कूलों में ऐसे 36,000 से ज्यादा क्लब काम कर रहे हैं। जल्द ही राज्य के सभी अपर प्राइमरी स्कूलों में इन क्लबों का गठन हो जाएगा। मंच का प्रभाव देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है। तीस वर्षीय अंजू का अनुभव एक प्रमुख उदाहरण है जिससे पता चलता है कि मीना मंच के सदस्य क्या परिवर्तन कर सकते हैं। जब उन्होंने अपनी 13 वर्षीय बेटी रानी को स्कूल भेजना बंद किया तो लड़की की सहपाठिनों ने उनके घर के बाहर प्रदर्शन कर यह जानने की इच्छा प्रकट की कि उसे स्कूल क्यों नहीं भेजा जा रहा है। उन्होंने पूछा, 'रानी स्कूल क्यों नहीं आ रही है? क्या आप नहीं जानतीं कि वह वहां कितनी खुश थी? उन्होंने कहा, हम यहां से तब तक नहीं जाएंगी जब तक आप हमें लिख कर नहीं दे देती हैं कि रानी कल से स्कूल आएगी।'

क्लब की सदस्य सभी लड़कियां केवल इतने पर ही नहीं रुकीं। अगले दो घंटे तक उन्होंने अंजू को समझाया कि रानी के लिए अपनी शिक्षा जारी रखना कितना महत्वपूर्ण है। महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उनमें से एक ने उनकी मां से पूछा कि क्या वे रानी को अपनी तरह बनाना चाहती हैं कि वह अपना नाम तक न लिख सके। ऐसा उस समय हुआ जब लड़कियों द्वारा लिखे पत्र पर अंजू ने अपना अंगूठा लगाया जिसमें अपनी बेटी को स्कूल वापस भेजने की अनुमति दी गई थी। इस प्रकार मीना मंच की लड़कियों की फिर विजय हुई। वास्तव में, लखनऊ जिले के सरोजनी नगर में अपर प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों को यह स्वीकारने में कोई शर्म नहीं कि उनके क्लब सदस्य बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले लड़कों व लड़कियों को पुन: स्कूल लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वरिष्ठ शिक्षिका तथा मंच की फैसिलिटेटर आरती ने बताया, 'मीना मंच गठित होने के बाद हमें इस बात की चिन्ता नहीं है कि बच्चे स्कूल नहीं आते हैं। जैसे ही किसी छात्र के स्कूल न आने का पता चलता है, मंच के सदस्य सक्रिय हो जाते हैं।' कानपुर देहात जिले के परसौली गांव की 13 वर्षीय शन्नो शर्मा बताती हैं कि बड़े लोग जानते हैं कि वे क्लब की सदस्य हैं। वे बताती हैं, 'हमारा समूह सुपरिचित है क्योंकि हम दहेज की मांग होने पर विवाह रुकवाने में सफल हुए हैं।'

इसी समूह की सदस्य शमा अवस्थी बताती हैं कि जब छेड़खानी के कारण क्लब के सदस्यों ने गांव के एक लड़के की पिटाई कर दी तो बाकी लड़के स्वयं सुधर गए। उत्तर प्रदेश में 2010 में शुरू रेडियो कार्यक्रम 'मीना की दुनिया' ने लड़कियों और शिक्षकों में लड़कियों की शिक्षा, बच्चों के अधिकार, किशोरियों के स्वास्थ्य व सफाई, जीवन कौशल, बाल विवाह के खतरे तथा जेंडर भूमिकाओं के बारे में जागरूकता और जानकारी का स्तर बढ़ाया है। सीसेम इंडिया द्वारा डिजाइन किए 15 मिनट के इस कार्यक्रम का प्रसारण आल इंडिया रेडियो द्वारा उत्तर प्रदेश के स्कूलों में सप्ताह में 6 दिन किया जाता है। सरकार द्वारा प्रदान किए रेडियो सेटों के माध्यम से छात्र सोमवार से शनिवार तक दोपहर बाद यह कार्यक्रम सुनते हैं। कार्यक्रम के लिए प्रसारण फीस उत्तर प्रदेश सरकार देती है। इसके प्रत्येक एपीसोड में एक कहानी, एक गाना तथा एक गेम होता है जो स्कूली बच्चों का मनोरंजन करने के साथ उनको सोचने के लिए प्रोत्साहित करता है। हर वर्ष 11 अक्टूबर को लड़कियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह स्कूली बच्चों व शिक्षकों का ध्यान मंच की ओर आकर्षित करने का अच्छा माध्यम बन गया है। सरकारी स्कूल शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया गया है कि वे शिक्षण सहायता के िए मीना रेडियो का कैसे प्रयोग करें। शिक्षा विभाग ने स्कूलों को दिशानिर्देश जारी कर कहा है कि वे निश्चित समय पर छात्रों को रेडियो सुनने की व्यवस्था करें। इससे स्कूली बच्चों में मीना एक लोकप्रिय चरित्र बन गया है। यूनीसेफ, उत्तर प्रदेश सरकार व एआईआर के बीच साझीदारी वाले इस रोडियो कार्यक्रम का महत्वपूर्ण लक्ष्य 11 से 14 वर्ष आयु के बच्चों को प्रेरित करना है कि वे अपनी शिक्षा जारी रखें। अध्ययनों से स्पष्ट है कि इस आयु वर्ग के बच्चों में स्कूली पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति अधिक है। उत्तर प्रदेश की एक आंकलन रिपोर्ट से पता चलता है कि प्राइमरी स्कूलों में बीच में पढ़ाई छोड़ने या ड्रापआउट की दर 20 प्रतिशत है जो अपर प्राइमरी स्कूलों में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाती है।

मीना क्लब और रेडियो कार्यक्रम इस अर्थ में प्रभावी है कि लड़कों की तुलना में लड़कियों की ड्रापआउट दर अधिक है। कार्यक्रम हिंदी में होने के कारण संदेश को समझना तथा उनको लक्षित छात्रों, समुदाय व बच्चों के माता-पिता तक पहुंचाना ज्यादा आसान होता है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि बहुत सी लड़कियां पहले से ही मीना मंच का हिस्सा होती हैं, इसलिए वे अपनी पहचान आसानी से मीना के साथ जोड़ने में सफल होती हैं जो एक शिक्षित व आत्मविश्वास से भरी लड़की है। जैसे अर्चना पुलिस अधिकारी बनना चाहती है, जबकि मंजू डाक्टर बनने की इच्छुक है। इसी प्रकार मुस्कान शिक्षा अधिकारी, रुक्मिणी सामाजिक कार्यकर्ता व फ्रेंसी पत्रकार बनना चाहती हैं। मीना की तरह वे सामने आने तथा अपनी बात कहने से डरती नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियां भी अब सपने देखने की हिम्मत कर रही हैं और वे अपने सपनों को सच करना चाहती हैं।

# विद्युत वाहनों पर स्पष्ट नीति की जरूरत

> वर्तमान स्थिति में, सार्वजनिक परिवहन की कमी से दोपहिया वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भावी नीतियों में इस कमी का ध्यान रखते हुए विद्युत बसों की व्यवस्था की जानी चाहिए।



**के के पॉल**
(लेखक पूर्व पुलिस आयुक्त एवं पूर्व राज्यपाल हैं)

**कभी**-कभी बहुत अच्छे इरादों से कहे गए शब्दों के अनापेक्षित परिणाम निकलते हैं, और इससे काफी नुकसान होता है। इस वर्ष के प्रारम्भ से आटोमोबाइल क्षेत्र आर्थिक रूप से तथा मनोवैज्ञानिक कारणों से गिरावट का शिकार है। लेकिन, जुलाई में वित्तमंत्री के बजट भाषण में इस क्षेत्र को एक प्रकार से रसातल में पहुंचा दिया है। जुलाई व अगस्त में, स्थिति और खराब हो गई, हालांकि हाल में कुछ सकारात्मक घोषणाएं की गई हैं लेकिन उनसे किसी राहत की उम्मीद नहीं की जा सकती। वास्तव में, वित्तमंत्री ने कहा था कि "फेम योजना का मुख्य लक्ष्य विद्युत वाहनों को बढ़ावा देने के लिए उनकी खरीद को बढ़ावा देना तथा आवश्यक चार्जिंग ढांचे का निर्माण करना है। केवल उत्कृष्ट बैटरी व पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों से इस योजना में ज्यादा प्रोत्साहन संभव नहीं था इसलिए सस्ते व पर्यावरण हितैषी सार्वजनिक परिवहन विकल्पों पर जोर दिया गया है, जिससे आम लोगों को लाभ होगा।" इससे उद्योग की भावी दिशा तय होती थी। कुछ गलतफहमी भी पैदा हुई कि विद्युत वाहनों को वास्तविक वित्तीय लाभ कितना मिलेगा?

क्या ऐसी आकर्षक रियायतों से बाजार में कार व दोपहिया वाहन खरीदने की इच्छा रखने वालों को कोई लाभ होगा? उन्होंने अपने वाहन खरीदने का निर्णय स्थगित कर दिया जिससे आटोमोबाइल बाजार में नकारात्मक भावनाएं पैदा हो गईं जो सामने आ रही हैं। कुछ वर्ष पूर्व, प्रदूषण नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया था कि भारत-5 चरण को पूरी तरह छोड़कर 2020 तक भारत-6 उत्सर्जन मानकों का पालन किया जाएगा। यह निर्णय आटोमोबाइल निर्माताओं व तेल शोधन कारखानों के लिए संकेत था कि वे अपनी तकनीक में उच्चीकरण कर एक समयसीमा के भीतर नए निर्धारित मानकों के अनुरूप




बना जाएं। विद्युत वाहनों को प्रोत्साहन देना निश्चित रूप से एक पुराना निर्णय है। हमारे देश में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण कोयला आधारित ताप बिजलीघर हैं और इसके बाद वाहनों से होने वाले उत्सर्जनों का नंबर आता है। कुछ वर्ष पहले सीएनजी का प्रयोग दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन बसों व तिपहिया वाहनों के लिए प्रारम्भ हुआ। सीएनजी का लाभ निश्चित रूप से तेल आयात खर्च घटाने में कारगर हुआ। इससे उत्सर्जन शून्य हुआ तथा इंजनों के सीएनजी में परिवर्तन का खर्च भी कम था। इस उपाय ने शुरुआत में महत्वपूर्ण बदलाव दर्शाया, पर एक लंबे समय के बाद अब सीएनजी वितरण संजाल आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जिसके कारण वाहन मालिकों को फिलिंग स्टेशनों पर घंटों कतार में खड़े रहना पड़ता है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि सीएनजी की उपलब्धता सरल है और देश के भीतर गेल की पाइपलाइनें बिछी हुई हैं।

इसी के साथ ही, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विद्युत वाहनों में बैटरी पैक की चार्जिंग समय खर्च करने वाली प्रक्रिया है और दोपहिया वाहनों के लिए इसमें 15 से 30 मिनट का समय लगता है। बैटरियों के लिए लीथियम का आयात चीन से होता है। उपयुक्त चार्जिंग केंद्रों का एक पूरा संजाल निर्मित करना होगा। इसके लिए, संभवत: कोयला आधारित ताप बिजली घर स्थापित करने होंगे। हालांकि, विद्युत वाहनों का प्रति किलोमीटर खर्च पेट्रोल या डीजल इंजनों की तुलना में काफी कम होगा।

वर्तमान स्थिति में, सार्वजनिक परिवहन की कमी से दोपहिया वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भावी नीतियों में इस कमी का ध्यान रखते हुए विद्युत बसों की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि यातायात प्रवाह ठीक होने से सभी स्तरों पर प्रदूषण कम हो। सभी जानते हैं कि दोपहिया व तीन पहिया वाहनों में प्रयोग हाने वाले परम्परागत 2-स्ट्रोक इंजन उत्सर्जन में अधिक हाइड्रोकार्बन छोड़ते हैं। जबकि चार पहिया वाहनों में प्रयोग होने वाले 4-स्ट्रोक इंजन इनसे बेहतर हैं। भारत में प्रयोग होने वाले 94 प्रतिशत दो या तीन पहिया वाहन 2-स्ट्रोक इंजनों से संचालित हैं जो अधिकतम मात्रा में हानिकारक गैसें छोड़ते हैं। दूसरी ओर, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान देहरादून के अनुसार चार स्ट्रोक इंजनों वाली माटर साइकिलें दो स्ट्रोक वाले माटर साइकिलों की तुलना में केवल दसवों हिस्सा हाइड्रोकार्बन उत्सर्जित करती हैं। इस प्रकार दो पहिया वाहनों के लिए प्रदूषण नियंत्रण का लक्ष्य स्पष्ट हो जाता है।

पूरी योजना में एथेनाल आधारित ईंधन का बायो डीजल का कोई उल्लेख नहीं है। जब तक हम पूरी तरह विद्युत वाहनों का प्रयोग नहीं करने लगते तब तक ईंधनों में मिश्रण के संतुलन से तेल आयात खर्च व प्रदूषण में कमी लाई जा सकती है। सुविधा का ध्यान रखते हुए हमें सबसे पहले दोपहिया व सार्वजनिक परिवहन विद्युत वाहनों पर ध्यान देना चाहिए। वर्तमान अनुमानों के अनुसार दुनिया के तेल भंडार कुछ दशक तक ही चलेंगे। लेकिन, अधिकांश लीथियम चीन के कब्जे में जाने के बाद हमारे वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण होगा कि वे बैटरी पैकों में लीथियम का विकल्प तलाश करें।

## आप की बात

### सौर ऊर्जा का महत्व

**आज** वैश्विक स्तर पर उर्जा की प्रमुख श्रोत विद्युत उत्पादन कोयले आधारित बड़े थर्मल पॉवर स्टेशन या जल द्वारा विद्युत उत्पादन के लिए पहाड़ों को खोखला करके बनाए जाने वाले बड़े-बड़े बांधों की मदद से ही होता रहा है । वैसे भी दुनियाभर में अरबों की संख्या में डीजल-पेट्रोल चालित वाहनों से उत्सर्जित कार्बनडाई ऑक्साइड की वजह से हो रहे प्रदूषण की अधिकता से ग्लोबल वार्मिंग से समूची दुनिया त्रस्त है, उस स्थिति में बड़े-बड़े कोयला आधारित थर्मलपॉवर स्टेशनों से निकलने वाली राख, धुंए और कोयले के अतिसूक्ष्म कण प्रदूषण को और अधिक बढ़ाकर वैश्विक स्तर पर प्रदूषण की स्थिति और भी गंभीर बना दे रहे हैं। जल विद्युत उत्पादन हेतु बने बड़े-बड़े बांधों से पहाड़ों के नाजुक पर्यावरण संतुलन, वहां के लोगों के गांव के गांव और उनकी कृषि भूमि जलमग्न होने से उनके विस्थापन, उनकी रोजी-रोटी की गंभीर समस्या पैदा हो जा रही है ,इसके अतिरिक्त पहाड़ों से नदियों के साथ आने वाले गाद के बांधों की तली में धीरे-धीरे जमने से उन्हें उथला करके उनकी क्षमता उत्तरोत्तर घटाते जाते हैं । इन सभी समस्याओं से निजात पाने के लिए सौर उर्जा और पवन उर्जा हमारे देश के लिए बहुत उपयुक्त संसाधन हैं।

– **निर्मल के शर्मा**, गाजियाबाद

### चीन की पैंतरेबाजी

**चीनी** राष्ट्रपति शी जिनपिंग की प्रस्तावित भारत यात्रा से पूर्व चीन की ओर से बयान आया है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का आपसी मसला है जिसे दोनों देशों को परस्पर शान्तिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। कश्मीर पर चीन का अचानक पलटना एक तरफ भारत को मजबूत करता है तो चीन के इतिहास को देखते हुए हमें निरंतर सजग रहने की जरूरत भी है। पहले भी पंचशील समझौता करके चीन भारतीय सीमाओं का अतिक्रमण कर हमारी सम्प्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस कर चुका है। कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद चीन लगातार पाक के साथ खड़ा नज़र आया है। यू एन ओ से भी उसने कश्मीर के मुद्दे पर संज्ञान लेने की मांग की थी। अब इसे द्विपक्षीय मुद्दा बताकर उसने पलटी मारी है तो उसमें उसके आर्थिक निहितार्थ एवं विश्व मंच पर अमेरिकी ट्रेडवार, हांगकांग में विरोध, उईगर में मुस्लिम उत्पीड़न के कारण खराब होती छवि को बचाने के दबावों से बाहर निकलने के लिए निष्पक्ष होने का दिखावा करना है। भारत चीन के बीच आज लगभग सौ अरब डॉलर का सालाना व्यापार हो चुका है। लगभग एक हजार चीनी कंपनियों ने अरबों डॉलर का निवेश भारत में किया हुआ है।

– **बिजेंद्र कुमार**, दिल्ली विश्वविद्यालय


### पर्यावरण पर प्रहार

**मुंबई** में मेट्रो डिपो के लिए एक ही इलाके के बड़ी संख्या में हत्यारों द्वारा पेड़ काटना, दिल्ली के कूड़े के पहाड़ शहरों और नदियों में बढ़ता प्रदूषण, शहरों में आने वाली बाढ़ आदि; सब मानव निर्मित आपदाएं हैं और इनसे साबित होता है की हम विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन नहीं बना पाए, क्योंकि हमारे लिए विकास का मतलब शहरीकरण है। गांव कस्बों तक हम विकास को नहीं पहुंचा पाए। रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, बाजार, आवागमन की सुविधा, ये सब चीजें गांव और कस्बों से दूर हैं। दशकों से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे कुछ गिने चुने मेट्रो शहर पूरे देश का बाजार संभालते हैं। आप देश के किसी भी हिस्से में कारोबार कर रहे हों आपका वास्ता इन शहरों से जरूर पड़ेगा, क्योंकि देश के सारे थोक बाजार इन्ही शहरों में केंद्रित हैं। जरूरतें और बेहतर जीवन स्तर की तलाश गांव और कस्बों में रहने वालों को अपना घर छोड़कर बड़ें शहरों में प्रवासी बनने को मजबूर करती है। लगातार आते प्रवासी शहरों की आबादी बढ़ाते हैं।

– **बृजेश माथुर**, गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**एक** शिक्षक, उसकी गर्भवती पत्नी व बेटे की निर्मम हत्या हुई, लेकिन राज्य की कोई प्रतिक्रिया नहीं है। इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

– **जगदीप धनखड़**
पश्चिम बंगाल के राज्यपाल



**पूर्वी** मिदनापुर में टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या पर उन्होंने बयान नहीं दिया। वे चयनित रूप से बोलते हैं जो राज्यपाल को शोभा नहीं देता है।

– **तापस राय**
टीएमसी नेता



**मध्य** प्रदेश सरकार को आवारा गायों को अभयारण्य में भेजना चाहिए। यदि कमलनाथ ऐसा करते हैं तो उनको सच्चा गौभक्त माना जाएगा।

– **दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता

# दीपावली को सकुशल संपन्न कराने को सजग रहे पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रदेश के** पुलिस महानिदेशक दीपावली समेत अन्य त्योहारों को लेकर पुलिस अधिकारियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से सकुशल मनाने के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों में पटाखों को जलाए जाने एवं उनकी बिक्री के संबन्ध में दिए गए आदेशों का कड़ाई से अनुपालन कराने के अलावा कुछ महत्वपूर्ण सावधानी बरतने की सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण नियम के अनुसार घोषित साइलेन्स जोन अस्पताल, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला हेल्थ केयर सेन्टर, शैक्षणिक संस्थान, न्यायालय, धार्मिक स्थल एवं अन्य घोषित क्षेत्र के 100 मीटर के अन्दर पटाखें न फोड़े जाएं। किसी स्थान पर लावारिस वस्तुओं या संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देने पर उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी जाए। पर्यावरण के अनुकूल पटाखों का प्रयोग करें। डीजीपी ने जुआ खेलने वालों पर कड़ी नजर रखने के साथ-साथ अराजक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित होने वाली आपत्तिजनक टिप्पणियों एवं अफवाहों को तत्काल संबन्धित थानों एवं पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में लाएं। इसके साथ ही प्रदेश की कानून-व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाए रखने के लिए भी उन्होंने प्रदेश के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशकों के साथ अपराध, कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रबन्धन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों के साथ रेलेवे स्टेशनों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाए। किसी भी प्रकार की पब्लिक वायलेन्स की घटना घटित न होने पाए इस संबंध में कार्ययोजना के तहत प्रभावी कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की सघन मानीटरिंग करते हुए सामाजिक एवं धार्मिक विद्धेष उत्पन्न करने वाली खबरों एवं फेक न्यूज, अफ वाहों का तत्काल खंडन किया जाए तथा फेक न्यूज, अफवाह फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए त्यौहार सुरक्षा के कड़े बन्दोबस्त तथा आपदा प्रबन्धन के संबंध में भी सभी को निर्देशित किया गया।

## अयोध्या में प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी का दौरा 15 को

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### तीन चरणों में पहुंचेगी पीएसी व सेंट्रल फोर्स

**अयोध्या में** 26 अक्टूबर में होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए प्रमुख सचिव गृह अवनीश अवस्थी और डीजीपी 15 को अयोध्या में रहेंगे। राम कथा पार्क, राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी में भी जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे।

इसके साथ ही अयोध्या में त्योहारों को लेकर पीएसी और सेंट्रल फोर्स पहुंचने लगी है। दीपावली और दीपोत्सव को लेकर अयोध्या में केंद्रीय सुरक्षा बाल पहुंचने लगे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 27 को अयोध्या में कार्यक्रम निर्धारित किया जा रहा है। दीपावली के बाद 7 से 13 नवंबर तक परिक्रमा तथा पूर्णिमा स्नान को लेकर भी सुरक्षा को लेकर सेंट्रल फोर्स आएंगी और नवंबर के दूसरे सप्ताह में राम मंदिर निर्माण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आने से पहले और सेंट्रल फोर्स अयोध्या पहुंचेगी। इन सुरक्षा बलों को अयोध्या में रुकने के लिए सभी स्कूल और कालेजों की सूची तैयार की जा रही है।

लिहाजा त्योहार के साथ-साथ जन्म भूमि निर्णय को लेकर फोर्स के आवागमन की सारी व्यवस्थाओं की समीक्षा प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी द्वारा की जाएगी। दीपोत्सव कार्यक्रम में देश-विदेश के काफी संख्या में मेहमान इस बार अयोध्या में होंगे। लिहाजा उनके ठहरने के इंतजाम और सारी व्यवस्था सही तरीके से हो सके इसके लिए जिलाधिकारी के साथ अवनीश अवस्थी और ओपी सिंह अयोध्या में बैठक भी करेंगे।

## मोदी-योगी ने भ्रष्टाचार खत्म करने का काम किया: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी के** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने प्रतापगढ़ सदर विधानसभा उपचुनाव भाजपा और अपनादल संयुक्त प्रत्याशी राजकुमार पाल के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया। स्वतंत्र देव सिंह ने जनता जनार्दन से भाजपा अपना दल संयुक्त प्रत्याशी राजकुमार पाल को कप प्लेट निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यही राजनीति चाणक्य के हाथों में जाती है तो चंद्रगुप्त मौर्य जैसा महान शासक बनता है। यही राजनीति सपा बसपा के हाथों में जाती है तो जातिवाद, भ्रष्टाचार को जन्म देती है। यही राजनीति मोदी के हाथों में जाती है तो गरीबों के मकान बनाने का कार्य करती है। स्वच्छ पानी हर घर जल 2024 तक देश के सभी घरों में पहुंचे यही मोदी का संकल्प है। जनधन खाते, पक्का मकान, गरीब मां को उज्वला गैस, घर-घर बिजली, 5 लाख तक इलाज आयुष्मान योजना गरीबों के लिए वरदान अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे यही मोदी और योगी का संकल्प है।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पिछड़ों दलितों का सम्मान प्रधानमंत्री मोदी ने सफाई कर्मियों का पैर धोकर किया, ऐतिहासिक कुंभ आयोजन सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान नरेंद्र मोदी की सरकार में हुआ। मोदी और योगी ने भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम किया है। आपका एक-एक वोट तिरंगा के लिए, राष्ट्र के लिए है। कश्मीर में धारा 370 व 35-ए इसीलिए समाप्त हो पाया जब आपने एक मजबूत सरकार बनाई। तीन तलाक से मुक्ति मजबूत सरकार की देन है। 22 फसलों का समर्थन मूल्य, किसान सम्मान निधि देने का कार्य भाजपा सरकार ने किया। गांव का बजट, नगर पालिका का बजट भाजपा की सरकार ने दिया।

# प्रदर्शनी में 247.71 लाख के खादी उत्पादों की हुई बिक्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## भजन संध्या के साथ खादी महोत्सव व प्रदर्शनी का हुआ समापन

**बीते बारह** दिनों से चल रही खादी प्रदर्शनी का रविवार को समापन हो गया। खादी प्रदर्शनी इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में खादी महोत्सव के तहत 2 अक्टूबर को शुरू हुई थी। 12 दिनों तक चली खादी प्रदर्शनी में 247.71 लाख के खादी से सम्बन्धित सामनों की बिक्री हुई। खादी प्रदर्शनी के समापन अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया।

उपमुख्य कार्यपालक अधिकारी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अनिल शुक्ला ने बताया कि इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों के भी खादी से सम्बन्धित समानों की काफी बिक्री हुई है। प्रदर्शनी में राजस्थान, गुजरात, वाराणसी, उत्तराखण्ड एवं बिहार राज्यों से भी उद्यमियों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शनकर लोगों का दिल जीत लिया। जैसे-राजस्थान के बीकानेरी पापड़ एवं नमकीन, उत्तरांचल के कम्बल एवं जैकेट, वाराणसी के रेशम एवं सिल्क साड़ी, सहारनपुर के काष्ठ कला से बने विभिन्न उत्पाद तथा गुजरात के हस्तशिल्प कला से निर्मित उत्पाद भी प्रदर्शनी के मुख्य आकषण का केन्द्र बने। रविवार का अवकाश एवं खादी महोत्सव के समापन का अखिरी दिन होने के कारण प्रदर्शनी स्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और अपने पसन्द के उत्पादों की जमकर खरीददारी की। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव के समापन की घोषणा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीके त्रिवेदी द्वारा की गयी तथा उन्होंने महोत्सव में दूर-दराज से आये जनपद व राज्यों के उद्यमियों का उत्साह वर्धन भी किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला मे आज का मुख्य आकर्षण रहा 'पराक्रम द फ्यूजनबैण्ड' के कलाकार अजय चौहान, अभिषेक श्रीवास्तव एवं आयूशी पाण्डेय द्वारा गॉधी जी को समर्पित 'वैष्णव भजन, रघुपति राघव राजा राम, हरि मेरे घर को ये वर दो' आदि भजन प्रस्तुत किये गये जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। इसके अतिरिक्त कलाकारों द्वारा कुछ देशभक्ति रचनायें भी प्रस्तुत की गयी, जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियॉ बजायी।

## अजय कुमार लल्लू आज आगरा व कानपुर में



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सोमवार 14 अक्टूबर को पूर्वान्ह आगरा में रहेंगे। वे जिला जेल आगरा में निरुद्ध राष्ट्रीय छात्र संगठन के अध्यक्ष गौरव शर्मा से जेल में मुलाकात करेंगे। इसके उपरान्त अपरान्ह कानपुर पहुंचकर चुनाव कार्यालय, जयभगवान गेस्ट हाउस, डबल पुलिया, काकेदेव कानपुर में कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करेंगे एवं सायं गोविन्द नगर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी करिश्मा ठाकुर द्वारा आयोजित पदयात्रा में शामिल एवं चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके उपरान्त रात्रि में लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# महर्षि वाल्मीकि ने सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ने को प्रोत्साहित किया: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी मुख्यालय में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती सादगी से मनाई गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर समस्त देशवासियों को संस्कृत भाषा के पहले महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर बधाई दी।

वहीं दूसरी ओर पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने चौक स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री यादव ने कहा कि वाल्मीकि जयंती का उत्सव एक महान संत को श्रद्धांजलि है जिन्होंने अपनी सीमाओं को जीत लिया और अपनी शिक्षाओं से सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की महानरचना रामायण राम के जीवन पर पहला महाकाव्य है। इन्हीं के आश्रम में देवी सीता ने अपने दोनों पुत्रों लव और कुश को जन्म दिया था। जिमकार्बेट नेशनलपार्क, नैनीताल में स्थित इनके आश्रम को सीतावनी के नाम से जाना जाता है। अखिलेश यादव ने कहा कि जनश्रुति के अनुसार वाल्मीकि का मूल नाम रत्नाकर था।

जन्म के बाद इनका अपहरण भीलों ने कर लिया जिससे वे उनके गलत कामों में शरीक हो गए थे। बाद में उनके जीवन में परिवर्तन आया और वे साहित्यजगत में अमर हो गए। पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने हमारे देश व समाज को एक ऐसा मार्ग दिखा है जो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख-समद्धि लाता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की रचना मौजूदा समय में घर-घर प्रेरणा का श्रोत बनी हुई है जिसके माध्यम से परिवार में ही नहीं समाज में भी सुमति बनी रहती है।

# कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आदि कवि** महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मनायी गयी। इसके साथ ही पार्क रोड स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भी महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी हरिनाम सिंह चौहान मुन्नू, महासचिव संतोष सिंह, धर्मेन्द्र तिवारी, आरपी सिंह, शहनवाज खान, दिनेश सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि से हुई। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल ने महर्षि बाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि बाल्मीकि एक महान ऋषि और महामानव थे। उनके द्वारा बताये रास्ते पर चलकर ही देश व समाज आगे बढ़ सकता है। कांग्रेस सदैव महापुरूषों, ऋषियों, मनीषियों के आदर्शों पर चलती रही है।

इस अवसर पर सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने कहा कि महापुरुषों को इसलिए याद किया जाता है ताकि उनसे प्रेरणा लेकर सच्चाई के मार्ग पर आगे बढ़ें। हर समय में समाज में काल परिस्थितियों में महामानव ने जन्म लिया है जिससे भारतीय संस्कृति सभ्यता में मानवता का उद्भव हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सम्पूर्णानन्द, बृजेन्द्र कुमार सिंह, अरशी रजा, सिद्धिश्री, अशोक कुमार, सुरेन्द्र गौतम, तीरथराज मिश्रा ने भी महर्षि वाल्मीकि के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये। जयन्ती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी, महामंत्री आलोक प्रसाद, सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय मौजूद थे।

# उप चुनाव में हार का मिथक तोड़ना चाहती है बीजेपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## कैंट विधानसभा में प्रदेश अध्यक्ष की जनसभा आज



**उप चुनाव** में विपक्षी दलों द्वारा अलग-अलगे ताल ठोंकने के बाद अब बीजेपी इस चुनाव में सभी सीटें जीतकर हार का मिथक तोड़ना चाहती है। इसके लिए बीजेपी अपनी रणनीति के तहत काम कर ही है। इन 11 सीटों पर मंगलवार से सीएम योगी आदित्नाथ अपनी जनसभाओं के जरिए माहौल को अपने पक्ष में करने में जुटेंगे तो इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के जरिए जनादेश पाने में लगे हुए हैं।

2017 के विधान सभा चुनाव में इन दस सीटों में से बीएसपी और एसपी ने सिर्फ दो सीटें जलालपुर और रामपुर जीती थीं लेकिन अबकी बीजेपी सभी पर नजर गड़ाए हुए है। स्वतंत्र देव सिंह की लखनऊ कैंट विधान सभा में बीजेपी प्रत्याशी के लिए जनसभा सोमवार को होगी। पिछले उपचुनावों का अच्छा अनुभव न रहने के कारण बीजेपी इस बार अपनी हार का मिथक तोड़ना चाहती है। उपचुनाव को लेकर बीजेपी संगठन और सरकार ने मिलकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बीजेपी इस बार 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि प्रतापगढ़ सीट सहयोगी अपना दल एस के खाते में दी गई है।

चुनाव की घोषणा के पहले मुख्यमंत्री, स्वतंत्र देव और संगठन महामंत्री सुनील बंसल चुनाव वाले क्षेत्रों का दौरा कर कई कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। अब दूसरे चरण में जहां उपचुनाव होने हैं वहां पर जनसभा, बूथ सम्मेलन, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग, महिला, अल्पसंख्यक और किसान सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। हर क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव या प्रदेश सरकार के किसी मंत्री का कार्यक्रम हो रहा है। प्रभारी मंत्री भी अपने क्षेत्रों में डेरा जमाए हुए हैं। मुख्यमंत्री भी पिछले दो माह के दौरान जिन क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं वहां के मंडलों का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर चुके हैं। अब आगे वह चुनाव प्रचार की रैलियों को संबोधित करेंगे।

15 अक्टूबर को सीएम योगी कानपुर के गोविंदनगर, चित्रकूट के मानिकपुर, लखनऊ कैंट और प्रतापगढ़ जिले के प्रतापगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र में रहेंगे। यह उपचुनाव बीजेपी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अगर यह उपचुनाव विपक्ष जीत जाता है तो सत्ताधारियों का मनोबल कमजोर होगा। आगे साल 2022 के चुनाव में भी मुश्किल होगी। इसीलिए इस बार संगठन और सरकार का समन्वय बनाकर इसमें पूरी ताकत झोंकी गई है। हमीरपुर के परिणाम ने बीजेपी को सर्तक कर दिया है। वहां का वोट प्रतिशत बहुत ज्यादा घटा है। जीत का अंतर पहले से बहुत कम हुआ है। मुख्यमंत्री की साख का भी सवाल है। अबकी पूरा दारोमदार उन्हीं पर है। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य भी महाराष्ट्र चुनाव में व्यस्तता के कारण ज्यादा समय अपने प्रदेश के उपचुनाव में नहीं दे पाएंगे। जिन सीटों पर सपा और बसपा जीती थी वहां उन्हें हराकर अपने जीत को बरकार रखने की चुनौती भी बीजेपी के सामने है।

# शिक्षा को समाज के कल्याण से जोड़ने की जरूरत: भारती गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## सीएमएस गोमती नगर ऑडिटोरियम में विश्व एकता सत्संग

**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल, गोमती नगर ऑडिटोरियम में आयोजित विश्व एकता सत्संग में बोलते हुए बहाई धर्मानुयायी, प्रख्यात शिक्षाविद् व सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने कहा कि शिक्षा को समाज कल्याण से जोड़ने की आज महती आवश्यकता है।

शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित नहीं है, अपितु इसका उपयोगा समाज कल्याण के लिए करना चाहिए, जिससे सामाजिक बुराईयों व समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। आज प्रदूषित पर्यावरण गंभीर चिन्ता का विषय है। दीपावली जैसे त्योहारों पर हम समाज को स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देकर जन-जागरण किया जा सकता है। डा. गांधी ने कहा कि हमारी संस्कृति अनेकता में एकता की है। हमें सभी त्योहार मिलजुलकर एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाने चाहिए। इससे पहले, सी.एम.एस. शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों से विश्व एकता सत्संग का शुभारम्भ हुआ, जिन्होंने बहुत ही सुमधुर भजन सुनाकर सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि विश्व समुदाय आज अनेकों वैश्विक समस्याओं जैसे पर्यावरण की समस्या, पानी की समस्या, अशिक्षा, गरीबी, आतंकवाद आदि से जूझ रहा है, जिसका समाधान किसी एक देश के द्वारा संभव नहीं है। ऐसे में, सभी को मिलजुलकर, एकता, शान्ति व सहयोग के साथ वैश्विक समस्याओं के समाधान खोजने होंगे। इस अवसर पर विभिन्न धर्मावलम्बियों व विद्वजनों ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये।

# ज्ञान को मानवता के कल्याण में उपयोग करने का संकल्प लें: दिनेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## चार-दिवसीय इण्टरनेशनल टीनएजर्स मैथमेटिक्स ओलम्पियाड सीएमएस में प्रारम्भ



**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय इण्टरनेशनल टीनएजर्स मैथमेटिक्स ओलम्पियाड का भव्य उद्घाटन आज गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर छात्रों ने देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों व विशेषज्ञों के सम्मान में शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का अनूठा समाँ बाँधा, तो वहीं दूसरी ओर प्रख्यात गणित विशेषज्ञों फिलीपीन्स से पधारे डा. सिमोन एल चुआ एवं ताईवान से पधारे प्रो. वेन सीन सन की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा में चार-चांद लगा दिये। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि डा. दिनेश शर्मा, उप-मुख्यमंत्री, उ.प्र., ने कहा कि विश्व के बाल गणितज्ञों को एक मंच पर एकत्रित करने का सीएमएस गोमती नगर का प्रयास अत्यन्त सराहनीय है। इस आयोजन ने युवाओं को स्वर्णिम अवसर प्रदान किया है कि सब मिलकर मानव ज्ञान को सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए उपयोग करने का संकल्प लें। उन्होंने आगे कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम हमारा सदैव आदर्श रहा है और यह आयोजन इसी महान विचारधारा का प्रतीक है।

इससे पहले, कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु पधारे छात्र व गणित विशेषज्ञ आज अपरान्हः सत्र में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से मिले और दिल खोलकर अपने विचार रखे। प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से बातचीत करते हुए फिलीपीन्स से पधारे लेखक एवं शिक्षाविद् डा. साइमन एल चुआ ने कहा कि कम्प्यूटर, विज्ञान व अन्य सभी विषयों की आधारशिला गणित ही है। यदि गणित का विकास न हुआ होता तो वर्तमान में हम जो वैज्ञानिक प्रगति देख रहे हैं वह सिर्फ कल्पना होती वास्तविकता नहीं। वास्तव में आज की वैज्ञानिक प्रगति का श्रेय भी गणित विषय को जाता हैं। इसी प्रकार प्रो. वेन सीन सन, चेयरमैन, आई.एम.सी. एक्जीक्यूटिव बोर्ड, ताईवान ने कहा कि वास्तव में गणित ही सभी विषयों की जननी है। गणित विषय में प्रारम्भ में छात्रों को कुछ कठिनाइयां आती हैं किन्तु इनसे विचलित होने की आवश्यकता नही है। बचपन से ही छात्रों में गणित की रुचि पैदा करनी चाहिए और घरेलू जीवन में गणित की जो उपयोगिता है उससे छात्रों को अवगत कराते रहना चाहिए।

प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए फ्लिीपीन्स से पधारे छात्रों ने कहा कि वे गणित प्रतियोगिताओं में अपने ज्ञान का प्रदर्शन तो करेंगे ही, साथ ही विभिन्न देशों के छात्रों से दोस्ती करने का अवसर भी मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका से पधारे छात्रों ने कहा कि हमारा उद्देश्य इन प्रतियोगिताओं में जीतने का तो है पर उससे भी अधिक है भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता से सीख लेने का। बुल्गारिया से पधारे छात्रों ने कहा कि गणित तथा विज्ञान ने पूरी दुनियॉ को एक दूसरे के निकट लाकर खड़ा कर दिया है और पूरी दुनियॉ सिमट कर एक गांव के रूप में विकसित हो गई है।

इसी प्रकार नेपाल से पधारे छात्रों ने कहा कि हमें अपने ज्ञान का उपयोग मानवता की भलाई के लिये करना चाहिए न कि उसके विनाश के लिए। इण्डोनेशिया से पधारे छात्रों का कहना था कि सारे विश्व की एक व्यवस्था बनाकर ही मानवता का विकास किया जा सकता है। इसी प्रकार देश-विदेश से पधारे छात्रों ने जोर देकर कहा कि हम संसार के सभी बाल वैज्ञानिकों से अपील करते हैं कि वह विज्ञान तथा गणित का उपयोग मानवता की भलाई के लिए करने का संकल्प लें।ओलम्पियाड की संयोजिका एवं गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रधानाचार्या आभा अनन्त ने कहा कि प्रतियोगिताएं इस प्रकार आयोजित की गई हैं जिससे देश-विदेश से पधारे बाल गणितज्ञों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी योग्यता को परखने का अवसर प्राप्त हो, साथ ही साथ उनमें भाईचारा, मैत्री, एकता व सौहार्द की भावना भी विकसित हो। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को मात्र एक कुशल गणितज्ञ बनाना ही नहीं है अपितु इसके माध्यम से भावी पीढ़ी को अच्छे बुरे की पहचान करने वाला एक संवेदनशील विश्व नागरिक बनाना है।

उन्होंने कहा कि गणित विषय मानव जाति की एकता का जितना प्रभावशाली माध्यम है उतना शायद और कोई विषय नहीं क्योंकि गणित एक ऐसा विषय है जो किसी भेदभाव, ऊँचनीच को नहीं मानता। अच्छे कार्य के नतीजे भी अच्छे ही होंगे, यही जीवन का गणित है।

# महाराष्ट्र में राहुल गांधी का मतलब भाजपा की जीत : आदित्यनाथ

एजेंसी। यवतमाल/औरंगाबाद

**● उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने फड़णवीस सरकार को वोट देने की अपील की**

**उत्तर प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को तंज कसते हुए कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार अभियान के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मौजूदगी का मतलब है कि भाजपा 100 प्रतिशत जीतने जा रही है। उमरखेड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकवाद को खत्म करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के लिए मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि इन दोनों ने इस कदम के जरिए एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा स्थापित की। आदित्यनाथ ने कहा, मुझे नांदेड हवाईअड्डे पर मालूम चला कि राहुल गांधी महाराष्ट्र में रैलियां संबोधित करने वाले हैं। गांधी का महाराष्ट्र में पहुंचने का मतलब है कि भाजपा 100 फीसदी चुनाव जीतने जा रही है। उन्होंने कहा, गांधी जिस भी पार्टी का समर्थन करने जा रहे है उसका हारना तय है। गांधी की मौजूदगी ने कांग्रेस तथा राकांपा की हार तय कर दी है। भाजपा उम्मीदवार नामदेव ससाने के लिए प्रचार के दौरान आदित्यनाथ ने लोगों से किसानों के कल्याण के लिए योजनाओं को गति देने के वास्ते भाजपा को वोट देने की अपील की। महाराष्ट्र की 288 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव 21 अक्टूबर को होंगे। चुनाव नतीजे 24 अक्टूबर को आएंगे।

वहीं योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना सरकार की योजनाएं लोगों के कल्याण के लिए है, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने कुछ लोगों को फायदे पहुंचाने के लिए जनता के पैसे लूटे। आदित्यनाथ ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा, योजनाओं और किसानों के लिए आवंटित धन हड़प लिया गया। विकास महज एक परिवार के विकास तक सीमित रह गया। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म किए जाने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम बाबा साहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि की तरह है, जिन्होंने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर के विरोध के बावजूद 1952 में संविधान में अनुच्छेद 370 जोड़ा। इसे निरस्त किया जाना बाबासाहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि है, जो कि न्याय के लिए लड़े थे। उप्र के मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था की स्थिति के लिए देवेंद्र फडणवीस सरकार की तारीफ की।


हरियाणा के असंध में एक चुनावी रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## फड़णवीस ने नटरंग का जिक्र करते हुए पवार पर साधा निशाना

**जलगांव।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को राकांपा अध्यक्ष शरद पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि हम नटरंग जैसे इशारे करने के आदी नहीं हैं। फडणवीस ने कहा था कि मुकाबले में विपक्ष कहीं भी नहीं है। मुख्यमंत्री के इस बयान पर शरद पवार ने हाथ से इशारा करते हुए उनपर निशाना साधा था। फडणवीस ने रविवार को एक रैली में कहा कि भाजपा नेता नटरंग (रंगमंच के अभिनेता पर आधारित 2010 की एक मराठी फिल्म) जैसे इशारे करने के आदी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पवार को चुनाव में हार का अंदाजा हो गया है। सोलापुर के बरशी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पवार ने फडणवीस के बयान के लिए उनपर निशाना साधा था कि भाजपा कुश्ती (चुनाव) के लिए तैयार है लेकिन कोई प्रतिद्वंद्वी ही नहीं है। पवार ने कहा था, मुख्यमंत्री ने कहा है कि उनके पहलवान तैयार है, लेकिन कुश्ती (लड़ने) के लिए कोई नहीं है।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, भतीजी घायल

**बरेली।** बेटी के टीके कि रस्म पूरी करने के बाद भतीजी के साथ घर वापस लौट रहे बाइक सवार की रास्ते में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और बाइक पर पीछे बैठी भतीजी घायल हो गई उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इज्जत नगर थाने के भगवानपुर धीमरी निवासी हर प्रसाद पुत्र सुंदर लाल की बीती रात इज्जत नगर के रूपपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसकी भतीजी शशिबाला गंभीर रूप से से घायल हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद बुद्धसेन ने बताया कि हर प्रसाद की बेटी सरिता के टीके की रस्म कल शाम को शहर के एक मंदिर में आयोजित हुई थी। जहां से वह अपनी भतीजी शशिबाला के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था। लेकिन रूपपुर गांव के पास पीछे से आ रहे किसी चौपहिया वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे हर प्रसाद और उसकी भतीजी घायल हो गए। टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक हर प्रसाद की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दुर्घटना के शिकार लोगों के घरवालों को सूचना दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे घर वालों ने मृतक शिनाख्त कर ली और शशिबाला को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक 5 बच्चों का पिता था। पत्नी का नाम राम कटोरी है।

## चालीस लाख के सोने के साथ दो चोर गिरफ्तार

**बरेली।** दक्षिण भारत की बसों में यात्रा करने वालों का सामान चोरी करके फरार चल रहे दो चोरों को आज पुलिस ने चालीस लाख रुपए कीमत के सोने के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। एसएससी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में जंक्शन रेलवे मनोरंजन सदन के पास क्राइम ब्रांच की टीम बिजनौर के कीरतपुर थाने के रगड़ा पुरा निवासी एहसान उर्फबोना और इसी थाने के गाजीपुर निवासी देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने के आभूषण गले हुए सोने की छड़े बरामद की गई उनका वजन 1 किलो 234 ग्राम था जिसकी कीमत लगभग चालीस लाख रुपए बताई जाती है। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि दक्षिण भारत की बसों में रात के समय चलने वाली एसी बसों में फर्जी नाम पता से रिजर्वेशन कराते हैं और यात्रा के दौरान बसों के यात्री देर रात में सो जाते हैं तब उनके बैगों में तलाशी लेकर रखे हुए जेवर और रुपए चोरी कर लेते हैं और रास्ते में ही उतरकर विभिन्न मार्गो से होते हुए अपने घर वापस आ जाते हैं। चोरी किए गए सोने को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग शहरों में काफी कम दामों में बेचकर ठिकाने लगा देते हैं। एसएससी में बताया कि कोयंबटूर के रतनागिरी एक कारोबारी का सोना चोरी हुआ था। पुलिस ने आज चोरों को गिरफ्तार करते हुए कारोबारी का चालीस लाख का सोना बरामद कर लिया और चोरों को जेल भेजा।

## ट्रक से टकराई स्कूल बस, चालक घायल

**बरेली।** सड़क पर गलत साइड से जा रही एक स्कूली बस सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई जिससे उसका चालक घायल हो गया और चौबीस बच्चों को मामूली चोट आई घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना के बाद बच्चों के घर वालों ने स्कूली बस चालक की गलती बताई और हंगामा किया। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला मिलक के पास आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में घायल स्कूली बस चालक शाही थाने के गांव रमपुरा निवासी नरेंद्र पाल सिंह को इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसने बताया कि वह मीरगंज स्थित हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी की बस चलाता है। आज सुबह वह स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था। बस में लगभग 50 बच्चे बैठे थे। इसी दौरान बस चालक मिलक नगला गांव के पास एक् एक तरफसे दूसरी तरफजाने की कोशिश कर रहा था। तभी अचानक सामने से एक ट्रक आ गया और उसकी बस से टकरा गया।

## पेज एक का शेष

### दम हो ...

भाई-बहनों से किए गए वादों को पूरा किया। और विपक्ष को तीन तलाक चलन में वापस लाने की चुनौती भी दी। भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए उन्होंने राज्य के लोगों से मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को फिर से जीत दिलाने में सहयोग देने की अपील की। मोदी ने कहा, फड़णवीस को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगने महाराष्ट्र आया हूं। महाराष्ट्र की 288 सदस्ईय विधानसभा के लिए भाजपा शिवसेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 21 अक्टूबर को मतदान होगा जबकि 24 अक्टूबर को मतगणना होगी।

### दिल्ली आया ...

वहीं हरियाणा में करनाल जिले के अलीपुर खालसा यह 351 और पानीपत 339 दर्ज की गई। यह बहुत खराब श्रेणी में आती है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) ने कहा कि पराली जलाने से निकलने वाला धुआं 15 अक्टूबर तक दिल्ली के प्रदूषण का छह फीसदी हिस्सा बन जाएगा। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के 10 सदस्यीय कार्य बल ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं और दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता पर इसके अनुमानित प्रभाव को लेकर एक बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में शामिल रहे मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक वीके सोनी ने कहा कि मानसून के चले जाने के बाद से वायु की गति धीमी हो गई है। इससे प्रदूषण कण वातावरण के निचले हिस्से में जम रहे हैं।

### प्रदूषण रोकने ...

जाएगा। वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंचने पर ईंट भट्ठों, स्टोन क्रेशरों और हॉट मिक्स प्लांट आदि पर रोक लगेगी। साथ ही पानी का छिड़काव, मशीनों से सड़कों की सफाई और प्राकृतिक गैस से ऊर्जा उत्पादन पर जोर दिया जाएगा।

### दिल्ली-मेरठ ...

पत्र लिखकर राजमार्ग पर 60 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति सीमा के साइन बोर्ड लगाने के लिए कहा था। कुछ दिन बाद इस संबंध में स्मरण पत्र भी भेजा था। यातायात निरीक्षक के पत्र के जवाब में एनएचएआई ने दिल्ली पुलिस को 13 सितंबर को पत्र लिखकर गति सीमा को 120 किमी और 100 किमी करने के लिए कहा था। एनएचएआई गाजियाबाद परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) में परियोजना निदेशक महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी) आरपी सिंह के मुताबिक दिल्ली पुलिस आयुक्त को इस संबंध में जल्द पत्र भेजा जाएगा, जिसमें एक्सप्रेसवे पर गति सीमा 70/50 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 120/100 किमी प्रति घंटा करने का सुझाव दिया जाएगा। सिंह ने कहा कि पिछले महीने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के तीसरे चरण के उद्घाटन के दौरान इस संबंध में पत्र भेजने का फैसला लिया गया है।

## प्रधान का वैश्विक ऊर्जा कंपनियों को निवेश निमंत्रण, स्थिर नीति का वादा

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को वैश्विक ऊर्जा कंपनियों से देश में निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती ऊर्जा उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में निवेश करें। इसके लिए सरकार स्थिर नीति और बेहतर विनियामकीय प्रशासन मुहैया कराएगी। सेरावीक सम्मेलन के रात्रिभोज के दौरान प्रधान ने कहा कि सरकार 2022 के नए भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। मैं वैश्विक और घरेलू उद्योगों से आह्वान करता हूं कि वह उन समाधानों पर बातचीत करें जो देश के ऊर्जा लक्ष्य के चारों आधार स्तंभों का विस्तार करें। देश के ऊर्जा लक्ष्य के चार आधार स्तंभ ऊर्जा तक पहुंच, बेहतर क्षमता, निरंतरता और ऊर्जा सुरक्षा हैं। भारत दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और अमेरिका एवं चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। उन्होंने कहा, भारत आने वाले दशकों में वैश्विक ऊर्जा मांग को बनाए रखने वाला मुख्य देश बना रहेगा।

## पन्द्रह अक्टूबर रहेगा किसानों के नाम


किसानों के प्रदर्शन में उपस्थित रहेंगे यह अतिथि

**● लखनऊ में किसानों का विशाल प्रदर्शन कल**
**● भाकियू लोकशक्ति के मुख्य सचिव कुं. गजेन्द्र सिंह बुन्देला ने दी जानकारी**

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड सहित प्रदेश भर के लाखों किसानों की ज्वलंत समस्याओं को आधिकारिक रूप से जल्द निस्तारित कराने जैसी कई मांगों को लेकर भाकियू लोकशक्ति के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश स्तरीय विशाल धरना प्रदर्शन राजधानी लखनऊ में 15 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए भाकियू लोकशक्ति राष्ट्रीय के मुख्य सचिव कुँ.गजेन्द्र सिंह बुन्देला ने बताया कि यह आंदोलन बुन्देलखण्ड सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अन्नदाता किसानों की मुखर आवाज बनकर सरकारों तक पहुंचेगा। ताकि सरकार द्वारा किसानों को जमीनी स्तर पर योजनाओं का लाभ मिल सके। किसानों की समस्या अब आमजन की समस्या बनकर सभी के समक्ष उभरेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार को किसानों की समस्याओं से अवगत कराये जाने के लिए बताया कि प्रदर्शन उपरान्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संगठन द्वारा एक ज्ञापन सौंपा जाये, जिसका निस्तारण जल्द नहीं होता है तो आंदोलन को अग्रिम रूप दिया जायेगा।

## दहेज प्रथा उन्मूलन के लिए युवा आगे आएंः घनश्यामदास सेन

**● सेन समाज का अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन फरवरी 2020 में ● सम्मेलन में होगा सेन मिलन स्मारिका का प्रकाशन ● भारत वर्ष के प्रत्येक प्रदेश से होगा सजातीय बंधुओं का आगमन**

**ललितपुर।** जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति उ.प्र. की एक बैठक प्रदेश सचिव घनश्यामदास सेन के मुख्य आतिथ्य एवं मुन्नालाल सेन ठेकेदार झांसी की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में ललितपुर में सेन समाज के प्रथम अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन फरवरी 2020 में रूपरेखा तैयार की गयी। राष्ट्रीय स्तर की सेन मिलन स्मारिका प्रकाशन की रूपरेखा तय की गयी। इस अवसर पर संपूर्ण भारतवर्ष के हर प्रान्त से सजातीय बंधुओं को आमंत्रित करने पवर विचार-विमर्श किया गया। करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव घनश्यामदास सेन ने कहा कि इस मंहगाई के दौर में अखिल भारतीय स्तर पर युवक युवती परिचय सम्मेलन कराना अति आवश्यक है। समाज के सजातीय बंधुओं को अपने-अपने युवक-युवतियों के वैवाहिक कार्यक्रम अग्रिम दिशा की ओर बढ़ेंगे। परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज प्रतिभावान युवक-युवतियों की भी जानकारी प्राप्त होती है, जो समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने में सहायक होती है। अध्यक्षता करते हुये मुन्नालाल सेन ने कहा कि समाजोत्थान के प्रयास समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। जो समाज जितना शिक्षित होगा, उसे उतने जल्दी अधिकार प्राप्त होगा। समाज के विकासशील प्रयास विकास की गति को आगे बढ़ाते हैं। राजेन्द्र सेन बीना, लखनलाल सेन प्रबंधक अशोकनगर, सीताराम सेन पिछोर, मुन्नालाल सेन शिक्षक, रामप्रकाश सेन ग्वालियर, हरीराम सेन, कन्हैयालाल सेन, हरिश्चंद्र वर्मा, मूलचंद्र सेन, रमेश सेन, राकेश कुमार सेन, स्वामी प्रसाद सेन, मोहन सेन, राजाराम सेन, अमृतलाल, महेश, काशीराम, अशोक सेन, रामनारायन सेन, हरचरन सेन, विनोद कुमार सेन, दयाराम सेन, अशोक कुमार, सुखलाल सेन, राकेश कुमार सेन, प्रभूदयाल सेन, मुन्नालाल सेन, बृजनंदन सेन, विनोद कुमार, भूपेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, पूरनलाल सेन, काशीराम, संजय सेन, दयाराम नापित, नाथूराम, कन्हैयालाल सेन, श्रीराम सेन, राकेश सेन, बद्रीप्रसाद सेन, ग्रीस सविता, देवेन्द्र सेन, राजेन्द्र सेन, उमाकान्त आदि उपस्थित रहे। संचालन अशोक सेन एड. ने किया व आभार दयाराम नापित ने व्यक्त किया।

## नेमवि की महिला हैण्डवाल टीम ने किया धमाकेदार प्रदर्शन

**● लगातार पांचवीं बार बनी चैम्पियन**


विजयी प्रतिभागियों के साथ नेमवि के प्राचार्य व प्राध्यापक

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विवि की अंर्तमहाविद्यालयीय महिला हैण्डवाल प्रतियोगिता का आयोजन भगवत प्रसाद मेमोरियल महिला महाविद्यालय अर्तरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नपाध्यक्ष, भगवत प्रसाद मेमोरियल महिला महाविद्यालय के डायरेक्टर शिवशरण कुशवाहा ने किया। इसमें नेहरू महाविद्यालय की टीम में प्रतिभाग किया एवं धमाकेदार प्रदर्शन कर लगातार पांचवीर बार बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय अंर्त महाविद्यालय प्रतियोगिता की चैम्पियन टीम बनी।

नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डा.अवधेश अग्रवाल ने बताया कि बुंदेलखण्ड विवि झाँसी द्वारा अंर्त महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नेहरू महाविद्यालय की टीम ने भगवत प्रसाद मेमोरियल महिला महाविद्यालय अर्तरा पहुंचकर हैण्डबाल प्रतियोगिता खेली और सेमीफाइनल में बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की टीम को 6-2 से हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद सम्पन्न हुए फाइनल मैच में पहलवान गुरूदीन महिला महाविद्यालय को हराकर 2 के मुकाबले 5 से हराकर जीत दर्ज की और चैम्पियनशिप जीत ली। इस हैण्डबाल टीम को वार्षिक प्रतियोगिता में सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर विजयी टीम को बधाई देते हुए संस्कृत विभागाध्यक्ष डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि विद्यार्थी प्रतियोगिता के माध्यम से स्वस्थ तन एवं स्वस्थ मन के माध्यम से अपनी क्षमता में वृद्धि कर सकते हैं एवं अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते है। स्वस्थ मस्तिष्क में स्वस्थ मन निवास करता है। यदि हम स्वस्थ होगे तो हमारा मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा.आशा साहू ने कहा कि अध्ययन के अलावा बुद्धि के विकास के लिए खेलों का भी जीवन में अत्याधिक महत्व है। छात्राओं का आह्वान किया कि खेल के मैदान में नियमित अभ्यास कर शरीर मन तथा बुद्धि को स्वस्थ्य बनायें। क्रीड़ाधिकारी डा.अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को अंर्त विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में शिमला विश्वविद्यालय शिमला हिमाचल प्रदेश में आयोजित हैण्डबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि हैण्डबाल टीम में रिया श्रीवास, प्रियंका राजपूत, सोनम लोधी, पूनम लोधी, दीपशिखा वर्मा, स्वाति रजक, आरती कुशवाहा, भावना कुशवाहा, प्रीति कुमारी, सुहानी, अभिलाषा राजा, समरीन खान, शिवानी पटेल, राजकुमारी आदि ने प्रतिभाग किया। विजयी टीम को डा. सुभाष जैन, डा. संजीव शर्मा, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा. राजेश तिवारी, डा. शैलेन्द्र सिंह चौहान, डा. रिचाराज सक्सेना, कविता पैजवार, डा.धीरेन्द्र तिवारी, डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा, डा. अरिमर्दन सिंह, डा. जगत कौशिक, डा. बलराम द्विवेदी, डा. अरिमर्दन सिंह, डा.विनीत अग्निहोत्री, फहीम बख्श, विवेक पाराशर, दीपक रावत, अंकित चौबे, संजय शर्मा, श्रीपत, अरविंद भार्गव, शिवांस सोनी आदि ने बधाई दी है। क्रीड़ाधिकारी डा.अनिल सूर्यवंशी ने सभी का आभार जताया।

## पूर्व डीपीओ की पत्नी प्रियंका ने लोक सेवा आयोग की अधीनस्थ सेवा में किया टॉप

**● नायब तहसीदार के लिए हुआ चयन**

संवाददाता। एटा


प्रियंका त्रिपाठी पांडेय नायब तहसीदार हेतु चयन

**जिले के** आईसीडीएस विभाग में कार्यरत अफसर सत्यप्रकाश पांडेय की पत्नी प्रियंका त्रिपाठी पांडेय ने उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग की अधीनस्थ सेवा परीक्षा को पास आउट कर प्रदेश में टॉप किया है। परीक्षा परिणाम यह वर्ष 2017 का है।परीक्षा पास आउट करने के बाद राजस्व विभाग में नायव तहसीलदार के पद पर चयनित कर ली गई हैं।

प्रियंका त्रिपाठी पांडेय गोंडा निवासी वर्तमान में एटा के बाल विकास विभाग के पूर्व डीपीओ/सीडीपीओ सत्यप्रकाश पांडेय की धर्मपत्नी हैं। जनपद बलरामपुर के सरकारी स्कूल में शिक्षिका है। प्रियंका की इस शानदार सफलता पर जहां उनके पैतृक जनपद गौंडा, बलरामपुर में खुशी की लहर दौड़ गई है वही एटा जनपद में अफसर पति सत्यप्रकाश पांडेय के शुभ चिंतकों ने हर्ष जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाईयां दी है। इस अवसर पर राजू उपाध्याय, दिनेश यादव, कासगंज के डीपीओ अजय सिंह एटा के वर्तमान डीपीओ संजय कुमार सिंह, मंजू सिंह, मधुबाला, सत्यभान सिंह, विश्वेश्वर शर्मा, राकेश सिंह, रूप सिंह सहित जिले के अनेक प्रशासनिक अफसरों ने भी हर्ष जताया है।

## नगर निगम कर्मी के घर पड़ी डकैती

**बरेली।** रात के समय नगर निगम की महिला कर्मचारी के घर में घुसे आधा दर्जन बदमाशों ने घर में सो रहे महिला कर्मचारी और उसकी बेटियों को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर लाखों का जेवर नगदी लूटी जाते समय उन्होंने घर के बाहर मौजूद पोल्ट्री फार्म के कर्मचारियों से भी रकम लूटी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुयाले नगर पानी की टंकी के पास रहने वाली नगर निगम से जलकल विभाग की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सोमवती के घर में घुसे बदमाशों ने घर के संदूक और अलमारी आदि में रखें लाखों के जेवर नगदी लूट ली सोमवती ने बताया कि उसे उसके पति बाबूराम की मौत के बाद मृतक आश्रित में नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नौकरी मिली थी। वह अपनी बेटी शीतल दीपाली मुस्कान कोयल के साथ नगर निगम द्वारा आवंटित क्वाटर में रह रही है।

## लेबर का भुगतान न करने के मामले में सीवर का काम कर रहे ठेकेदारों से विवाद

**एटा।** 350 करोड़ के सीवरेज प्लांट का काम कर रही गाजियाबाद की कम्पनी के कुछ ठेकेदारों से एटा के स्थानीय ठेकेदारों से लेबर भुगतान को लेकर विवाद हो गया। एटा के ठेकेदारों ने यू पी पुलिस की 100 डायल को सूचना देकर पुलिस को बुला लिया । कलक्ट्रेट रोड पर चल रहे काम के दौरान हुआ। बताया गया है एटा की लेबर के एक ठेकेदार ने अपनी लेबर से काम कराया परतुं टेक्नो क्राप्ट कम्पनी ठेकेदारों ने पूरा भुगतान न कर हजारों रुपए दबा लिया है जिसको लेकर कम्पनी के फील्ड यूनिट के कार्यकत्ताओं से कलक्ट्रेट रोड पर विवाद हुआ शहर पुलिस 100 डायल सर्विस की 39 एवम 41 नम्बर पुलिस टीम ने मौके पर मामले को समझा। पुलिस के हस्तक्षेप पर कम्पनी की फील्ड यूनिट के कर्मचारी रामानन्द सिंह ने लिखित आश्वासन दिया 22 अक्टूबर तक लेबर का भुगतान दे दिया जाएगा। सुलह पत्र में कम्पनी की ओर से रामानंद सिंह के हस्ताक्षर किए गए वही एटा के ठेकेदार के रूप में अशोक दिवाकर और सुभाष सिंह ने हस्ताक्षर किए है। स्मरण रहे एटा में गाजियाबाद की टेक्नो क्राप्ट कम्पनी सीवर लाइन बिछाने का कार्य कर रही जिसमे अलीगढ़एबुलन्द शहर मेरठ गाजियाबाद के सैकड़ो कर्मचारी श्रमिक काम कर रहे एटा की लेबर भी स्थानीय ठेकेदारों द्वारा उपलब्ध कराई है।


कलक्ट्रेट रोड पर भुगतान को लेकर हुए विवाद में 100 डायल के पुलिस जवान

## युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**● महरौनी कोतवाली पुलिस ने नहीं की कार्रवाई**
**● राजीनामा करने के लिए दबाव बना रहे दबंग**

**ललितपुर।** प्रदेश में कानून व्यवस्था जहां ध्वस्त होने के कारण शासन द्वारा लगातार पुलिस को कड़े निर्देश जारी किये जा रहे हैं, लेकिन वहीं दूसरी ओर ललितपुर जिले की महरौनी कोतवाली पुलिस लगातार पुलिस महकमे व शासन की छवि धूमिल करने में जुटी हुयी है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है, जहां युवक पर दबंगों द्वारा कुल्हाड़ी से गर्दन पर घातक प्रहार करते हुये जानलेवा हमला किया गया, तो वहीं पीड़ित के बड़े भाई की शिकायत पर दर्ज किये गये मुकद्दमे के बावजूद भी महरौनी कोतवाली पुलिस दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही अमल में नहीं ला रही है। यही कारण है कि अब दबंग बेखौफ होकर घूम रहे हैं और राजीनामा करने के लिए पीड़ित व उसके परिजनों को जान से मारने की लगातार धमकियां दे रहे हैं। अब पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक व डीआईजी झांसी को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग उठायी है।

महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मिदरवाहा निवासी जयपाल सिंह पुत्र चन्दन सिंह ने एक शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक को भेजते हुये बताया कि विगत 9 व 10 अक्टूबर 2019 की रात करीब तीन बजे उसका भाई प्रतिपाल सिंह को गांव के सूर्यप्रताप सिंह उर्फ हल्के राजा पुत्र हाकिम सिंह, धर्मेंद्र सिंह उर्फ हल्के राजा पुत्र सोने जू ने फोन लगाकर बुला लिया। प्रतिपाल को साथ लेकर उक्त लोग रात में मछली पकड़ने के लिए कुजान घाट रिपटा पर ले गये। यहां काफी देर तक मछली न पकड़ पाने के कारण सूर्य प्रताप ने केंकड़ा पकड़ने की बात कही। प्रतिपाल ने केंकड़ा पकड़ने से इंकार कर दिया तो सूर्य प्रताप का पारा चढ़ गया। सूर्य प्रताप ने प्रतिपाल सिंह को गाली-गलौच करते हुये नदी में पटक दिया और पत्थर पटककर जान से मारने का प्रयास किया। जब वह पत्थर से पटक कर जान से मारने की नीयत में विफल हो गये तो उन्होंने गर्दन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा प्रहार कर दिया। गर्दन में कुल्हाड़ी लगने से लहूलुहान अवस्था में प्रतिपाल किसी प्रकार भाग निकला। उसने घर पहुंच कर पूरा घटनाक्रम परिजनों को बताया। जयपाल सिंह ने बताया कि घटना की शिकायत महरौनी पुलिस ने मुकद्दमा धारा 324, 323, 504, 506 के तहत दर्ज तो कर लिया, लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। इस बात का पूरा फायदा उठाते हुये दबंग गांव में खुलेआम घूम रहे हैं। जयपाल सिंह का आरोप है कि सूर्य प्रताप सिंह के परिजनों ने उसे कहीं छिपा दिया है और अब प्रतिपाल सिंह व उसके परिजनों पर अपहरण का झूठा मुकद्दमा दर्ज कराने की फिराक में हैं। प्रतिपाल सिंह के भाई जयपाल ने अपने परिजनों की जानमाल को खतरा बताते हुये आलाधिकारियों से मामले की जांच कराते हुये दोषियों को जल्द गिरफ्तार किये जाने की मांग उठायी है।

# जो 70 साल में नहीं हुआ, मोदी ने कर दिखाया: शाह

● अनुच्छेद 370 को लेकर गृह मंत्री ने राहुल गांधी और शरद पवार पर साधा निशाना

एजेंसी। कोल्हापुर



महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान कराड में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में एक रैली के दौरान मंच पर तलवार लहराते भाजपा अध्यक्ष और गृह मंत्री अमित शाह

**अनुच्छेद** 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पिछली सरकारों ने जम्मू-कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ने में 56 इंच के सीने वाले व्यक्ति जैसा साहस कभी नहीं दिखाया।

महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कोल्हापुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि लोगों को कांग्रेस और राकांपा के नेताओं से यह पूछना चाहिए कि क्या वे जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाए जाने संबंधी राजग सरकार के निर्णय का समर्थन करते हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी सरकार के कदम पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राकांपा प्रमुख शरद पवार पर निशाना साधा। शाह ने कहा, देश और महाराष्ट्र के लोगों द्वारा दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें वोट दिए जाने के बाद मोदी जी ने कुछ ऐसा किया, जिसका देश 70 सालों से इंतजार कर रहा था, उन्होंने पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू कश्मीर देश की मुख्यधारा में शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि जनसंघ के दिनों से, वे सुनते रहे हैं कि दो प्रधानमंत्री नहीं हो सकते है, दो चिह्न और दो संविधान नहीं हो सकते है, लेकिन यह कांग्रेस ही थी, जिसने अनुच्छेद 370 को लागू किया और कई वर्षों तक जम्मू कश्मीर को भारत से जोड़ने की प्रक्रिया को रोक दिया। उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप आतंकवाद के कारण हजारों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी लेकिन फिर भी अनुच्छेद 370 को हटाने का किसी पार्टी का कोई इरादा नहीं था। शाह ने कहा, कई सरकारें आई और गई, कई प्रधानमंत्री आए और गए। किसी ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने का साहस नहीं दिखाया था। लेकिन, 56 इंच के सीने वाले व्यक्ति ने इसे एक बार में ही खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि संप्रग शासन के दौरान पाकिस्तान से आतंकवादी घुसपैठ किया करते थे और भारतीय सैनिकों को मार देते थे। भाजपा नेता ने कहा, वे हमारे सैनिकों के सिर काट दिया करते थे, लेकिन उस समय के प्रधानमंत्री मौनी बाबा मनमोहन सिंह ने कभी भी एक शब्द नहीं बोला। लेकिन उरी और पुलवामा हमलों के बाद मोदीजी ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिए उनके ठिकानों पर जाकर आतंकवादियों को मारने का साहस दिखाया। उन्होंने तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी सरकार के फैसले पर सवाल उठाने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हमने जब तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाया तो उन्होंने (विपक्ष) विरोध जताया। कोल्हापुर और सांगली में अगस्त में आई बाढ़ को लेकर उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि केन्द्र तथा राज्य सरकार दोनों जिलों का रूपांतरण कर देगी और उन्हें और बेहतर तथा सुंदर बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-राकांपा की पिछली सरकार ने सिंचाई पर 70 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिए लेकिन किसी भी गांव में पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची। शाह ने कहा, लेकिन देवेन्द्र फडणवीस के मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद केवल नौ हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए और जलयुक्त शिवर (जल संरक्षण) योजना की मदद से 11 हजार से अधिक गांव सिंचित हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में कांग्रेस-राकांपा गठबंधन सरकार के दौरान भ्रष्टाचार व्याप्त था। शाह ने लोगों से फडणवीस सरकार को एक बार फिर वोट देने की अपील की ताकि राज्य हर क्षेत्र में नम्बर एक बन सके।

## मुंबई में एक इमारत में लगी भीषण आग, एक की मौत

● छह लोगों ने की दम घुटने की शिकायत

एजेंसी। मुंबई

**मुंबई के** ग्रांट रोड इलाके में पांच मंजिल की एक व्यावसायिक इमारत में रविवार सुबह को भीषण आग लग गई, जिसमें 22 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में छह लोगों ने दम घुटने की शिकायत की, जबकि एक दमकल कर्मी घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमारत से लगभग दस लोगों को बचाया गया।

दमकल विभाग को सुबह करीब छह बजे आदित्य आर्केड इमारत में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस के साथ दमकल विभाग का दल मौके पर पहुंचा। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही आग लगी, परिसर में धुआं भर गया। वहां मौजूद लोगों में से कुछ ने दम घुटने की शिकायत की। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तम कुमार नामक व्यक्ति को सीढ़ी के पास बेहोशी की हालत में पाया गया और उसे पास के नायर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा, एक दमकलकर्मी सहित पांच व्यक्तियों ने दम घुटने की शिकायत की, जबकि बचाव अभियान के दौरान एक दमकलकर्मी के हाथ पर चोटें आईं। सभी छह लोगों को अस्पताल ले जाया गया। इन छह में से तीन व्यक्तियों- दिलीप चौधरी (40), अशोक चौधरी (23) और भरत चौधरी (23) को दम घुटने की शिकायत के बाद सरकारी जे जे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा, उन सभी की हालत स्थिर है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी पी एस राहंगदले ने कहा, दमकलकर्मी सुधन गोरे ने भी दम घुटने की शिकायत की, जबकि दमकलकर्मी नंदकुमार वायल के बाएं हाथ में चोट के निशान थे। उन्हें आगे के इलाज के लिए नायर अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया आग की सूचना सुबह छह बजकर छह मिनट पर मिली।

## मैसेज की राजनीति की आड़ में लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं मोदी : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस के अकाउंटिंग विभाग के कर्मचारियों के घरों पर आयकर विभाग के छापों की कड़ी आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मैसेज की राजनीति की आड़ में लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। गहलोत ने कहा कि इस तरह की राजनीति ज्यादा लंबी नहीं चलती। गहलोत ने जोधपुर में संवाददाताओं से कहा, मोदी जी सफाई करें या मैसेज देना चाहे तो उसमें कोई दिक्कत नहीं है, अगर कोई अच्छा काम करते हैं तो सभी लोग प्रेरित होते हैं। परंतु उसकी आड़ में, अगर मैसेज की राजनीति की आड़ में डेमोक्रेसी को खत्म करोगे तो देश की जनता बहुत समझदार है। वह उठ खड़ी होगी। यह मोदी जी को मैं कहना चाहूंगा, यह मेरा स्पष्ट मत है। उन्होंने कहा, अभी हमने सुना है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दफ्तर के अकाउंट सेक्शन के जो अधिकारी, कर्मचारी हैं उन सबके यहां छापेमारी हो रही है। अगर एआईसीसी दफ्तर के कर्मचारियों ,अधिकारियों पर यह होगा तो उनको पूछो आपका बीजेपी का ऑफिस वहीं पर है उनके किस अधिकारी कर्मचारी के घर पर छापेमारी हो रही है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक देश में लोकतंत्र को कायम रखा इसीलिए मोदी प्रधानमंत्री बन पाए। गहलोत ने कहा, यह उनको समझना चाहिए और जो माहौल बना रखा है राजग सरकार ने उसका अंत आ गया है। लोग समझ गए हैं, लोग सड़कों पर उतरेंगे।

## रवि शंकर प्रसाद ने अर्थव्यवस्था की सेहत को फिल्म की कमाई से जोड़ने वाला बयान वापस लिया

एजेंसी। नई दिल्ली



**बॉलीबुड** की तीन फिल्मों की बॉक्स आफिस पर एक दिन में हुई 120 करोड़ रुपए की कमाई का उदाहरण देकर अर्थव्यवस्था की सेहत अच्छी बताने का बयान देकर विरोधियों के निशाने पर आए केंद्रीय विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रविवार को अपना यह बयान वापस ले लिया। उन्होंने कहा, मेरे बयान के एक हिस्से को संदर्भ से हटकर तोड़ -मरोड़कर पेश किया गया। एक संवेदनशील इंसान होने के नाते मैं अपनी इस टिप्पणी को वापस लेता हूं। प्रसाद ने शनिवार को तीन फिल्मों की बॉक्स आफिस पर एक दिन में हुई 120 करोड़ रुपए की कमाई का उदाहरण देते हुए अर्थव्यवस्था की सेहत अच्छी बताई। उन्होंने बेरोजगारी को लेकर एनएसएसओ रिपोर्ट की भी आलोचना की और उन्हें आधा-अधूरा बताया। उनके इस बयान की विपक्षी दलों समेत सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हुई।

रविवार को जारी बयान में प्रसाद ने दावा किया कि उनके बयान के एक हिस्से को संदर्भ से हटकर पूरी तरह से तोड़ - मरोड़कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा, एक संवेदनशील इंसान होने के नाते, मैं अपनी इस टिप्पणी को वापस लेता हूं। प्रसाद ने कहा, मैंने शनिवार को मुंबई में तीन फिल्मों के एक दिन में 120 करोड़ रुपए की कमाई करने की बात कही थी। यह तथ्यात्मक रूप से सही है। मैंने यह बयान दिया था , क्योंकि मैं देश की फिल्म नगरी मुंबई में था। हमें अपने फिल्म उद्योग पर बहुत गर्व है जो लाखों लोगों को रोज़गार देता है और कर भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए सरकार की ओर से उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हमेशा आम लोगों के प्रति संवेदनशील रहती है। मीडिया से बातचीत का पूरा वीडियो मेरे सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। मुझे खेद है कि मेरे बयान के एक हिस्से को पूरी तरह से संदर्भ से हटकर तोड़ - मरोड़कर पेश किया गया। फिर भी एक संवेदनशील व्यक्ति होने के नाते मैं अपने इस बयान को वापस लेता हूं। प्रसाद ने शनिवीर को मुंबई में कहा था कि दो अक्टूबर को अवकाश के दिन बालीवुड की तीन फिल्में 120 करोड़ रुपए का कारोबार करती हैं इससे अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति का पता चलता है। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि दो अक्ट्रबर को तीन हिन्दी फिल्मों ने 120 करोड़ रुपए का कारोबार किया। यदि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं है तो केवल तीन फिल्में कैसे एक दिन में ही इतना कारोबार कर सकती हैं? उन्होंने एनएसएसओ की बेरोजगारी की स्थिति बताने वाली रिपोर्ट को भी गलत बताया।



अमृतसर स्थित स्वर्णमंदिर में चौथे गुरु रामदास की 485वीं जयंती पर सजावट के लिए फूल ले जाता एक सिख श्रद्धालु

## जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग दो दिनों बाद यातायात के लिए फिर से खुला

**जम्मू।** रामबन जिले में भारी भूस्खलन के कारण पिछले दो दिनों से बंद रहने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग रविवार को यातायात के लिए फिर से खुल गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजमार्ग के रखरखाव के लिए जिम्मेदार एर्जेसियों से मंजूरी मिलने के बाद सुबह करीब साढ़े नौ बजे हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) को राजमार्ग पर चलने की अनुमति दे दी गई। सभी मौसमों में देश के बाकी हिस्सों के साथ कश्मीर को जोड़ने वाले एकमात्र 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग को गुरुवार को भूस्खलन के बाद बंद कर दिया गया था। रामबन से जम्मू की ओर दो किलोमीटर दूर स्थित निहड़ में सड़क के चौड़ीकरण के दौरान भूस्खलन हुआ था। आवाजाही बंद होने के कारण राजमार्ग के दोनों ओर हजारों वाहन फंस गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू या श्रीनगर से किसी भी यात्री वाहन को शुक्रवार और शनिवार को राजमार्ग पर जाने की अनुमति नहीं दी गई थी।

## उप्र में हर साल बिजली दरों में वृद्धि की परंपरा समाप्त होगी: श्रीकांत शर्मा

एजेंसी। नर्मदा (गुजरात)



**देश की** सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को हर साल बिजली दरों में बढ़ोतरी से राहत मिलेगी। राज्य सरकार इसके लिए तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान में कमी लाने के साथ संयंत्रों की दक्षता बढ़ाने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने की दिशा में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश के बिजली मंत्री श्रीकांत शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जहां भी तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान (एटी एंड सी) 15 प्रतिशत से कम है, वहां 24 घंटे बिजली दी जा रही है। यहां बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन (11-12 अक्टूबर) के दौरान भाषा से बातचीत में शर्मा ने कहा, हमारा जोर सस्ती और स्वच्छ बिजली पर है। बिजली दरों में हर बार बढ़ोतरी का कारण पूर्व सरकारों में अनियमितताएं, कुप्रबंधन और नुकसान है। उन्होंने कहा कि हम बिजली दरों को सस्ती रखने के लिए जहां एक तरफ नुकसान (एटी एंड सी) में कमी ला रहे हैं वहीं चोरी पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठा रहे हैं। इसके अलावा हम सस्ती बिजली के लिए पीपीए (बिजली खरीद समझौता) कर रहे हैं। सिंगरौली में हमने 2.99 रुपए प्रति यूनिट पर पीपीए किया। अब बिजली बिल में हर साल बढ़ोतरी की परंपरा समाप्त होगी। उल्लखनीय है कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने हाल ही में बिजली की दरों को 8 से 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इसके तहत 500 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर घरेलू ग्राहकों को 7 रुपए यूनिट के हिसाब से भुगतान करना होगा। नुकसान के बारे में शर्मा ने कहा, राज्य बिजली क्षेत्र के विभिन्न मदों में घाटा लगभग 72,000 करोड़ रुपए पहुंच गया है। हमारा लक्ष्य 2032 तक 10,000 करोड़ रुपए से इसे नीचे लाना है। मंत्री के अनुसार, हालांकि सस्ती और 24 घंटे बिजली के लिए लोगों का भी सहयोग जरूरी है। जो भी बिजली खपत हो, उसका भुगतान होना चाहिए। ग्राम पंचायत, प्रधान तय करें कि जो बिजली खपत हो, उसके बिल का भुगतान हो। बिजली चोरी रोके जाने के उपायों बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, स्मार्ट प्रीपेड मीटर इसका समाधान है। अभी लगभग 7 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं और 2022 तक पूरे प्रदेश में सभी ग्राहकों को इसके दायरे में लाया जाएगा।

## मोदी के पास बाढ़ प्रभावित कर्नाटक आने का समय नहीं है: सिद्धरमैया

**बेंगलुरू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके पास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए प्रचार करने का समय है लेकिन बाढ़ प्रभावित कर्नाटक आने का समय नहीं है। भाजपा को फासीवादी और तानाशाह बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सदन की कार्यवाही को कवर करने से मीडिया पर प्रतिबंध लगाने में राज्य सरकार की विधानसभा अध्यक्ष के साथ मिलीभगत है। सिद्धरमैया ने कहा, इस बार राज्य में जबरदस्त बाढ़ आई और कुछ हिस्सों में सूखे की स्थिति रही। केन्द्र सरकार ने 60 दिनों बाद मदद दी और वह भी केवल 1,200 करोड़ रुपए की, मेरे अनुसार नुकसान एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का है। उन्होंने चिकमंगलूर में पत्रकारों से कहा, मोदी ने कर्नाटक का दौरा नहीं किया और इसके बजाय उन्होंने विदेश की यात्रा की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए प्रचार करने गए।

## कांग्रेस का मामल्लापुरम समुद्र तट पर प्लॉगिंग को लेकर मोदी पर निशाना


एजेंसी। चेन्नई

**कांग्रेस की** तमिलनाडु इकाई ने शनिवार को मामल्लापुरम में समुद्र तट पर प्लॉगिंग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए रविवार को पूछा कि यहां उनके दौरे से पहले पूरे इलाके को साफ कर दिया गया था तो क्या यह नाटक था? मोदी शुक्रवार और शनिवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ अपनी दूसरी अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए चेन्नई से करीब 50 किलोमीटर दूर तटीय शहर मामल्लापुरम आए थे।

प्लॉगिंग का मतलब जॉगिंग करते या दौड़ते वक्त प्लास्टिक की उपयोग की हुई बोतल जैसा कूड़ा-कचरा उठाना होता है। शनिवार को वार्ता के दूसरे दिन प्रधानमंत्री को उनकी सुबह की सैर के दौरान समुद्र तट से प्लास्टिक एवं अन्य तरह का कूड़ा बीनते देखा गया था। मोदी ने शनिवार को समुद्र तट पर प्लॉगिंग का अपना तीन मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें वह कूड़ा उठाते और लोगों से सार्वजनिक स्थानों को साफ एवं स्वच्छ रखने की अपील कर रहे हैं। रविवार को टीएनसीसी के अध्यक्ष के. एस. अलागिरी ने मामल्लापुरम में दोनों नेताओं की बैठक और यूनेस्को विरासत स्थलों का दौरा करने का स्वागत करते हुए कहा कि यह तमिलनाडु का गौरव दर्शाता है। मोदी के तीन मिनट के वीडियो का जिक्र करते हुए अलागिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऐसा करके स्वच्छ भारत अभियान में अपनी उत्सुकता जाहिर की। साथ ही उन्होंने कहा कि चूंकि मोदी का दौरा पहले से तय था तो समुद्र तट के साथ ही जहां वह ठहरे हुए थे उस होटल जोन में वातावरण संरक्षण कर्मियों ने मशीनों का इस्तेमाल कर साफ-सफाई के सभी काम पूरे कर लिए थे। अलागिरी ने एक बयान में कहा, इन सबके बाद इलाके में कचरा होने का कोई मतलब ही नहीं बनता। फिर कैसे उनकी सुबह की सैर के दौरान अचानक कचरा आ जाता है?

## दोस्त के आईपैड को लेकर डांट के बाद लड़के ने पिता की रिवाल्वर से खुद को गोली मारी

**रामबनाजम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में पंजाब के 18 वर्षीय छात्र ने दोस्त का आईपैड लेने को लेकर पड़ी डांट के बाद पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिस ने रविवार को इस बारे में बताया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बारहवीं कक्षा का छात्र रणवीर सिंह अमृतसर में सुल्तानपिंड गांव का रहने वाला था। शनिवार को जम्मू -श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामसू के पास उसने सिर में गोली मार ली। उन्होंने बताया कि लड़के को रामबन जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। रामसू थाने के प्रभारी जाविद इकबाल ने बताया कि सिंह के परिवारवालों ने पुलिस को बताया कि ट्यूशन जाने के नाम पर शनिवार दोपहर को वह घर से निकला था। शुरूआती जांच के मुताबिक एक दोस्त से आईपैड लेने के कारण पिता ने उसे डांटा था। थाना प्रभारी ने बताया कि अंत्यपरीक्षण के बाद शव को परिवारवालों के हवाले कर दिया गया।



मुरादाबाद में रविवार को पथ संचलन में भाग लेते राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता

## भारत-चीन को लक्ष्यों को हासिल करने में एक-दूसरे की सहायता करनी चाहिए: राजदूत

**नई दिल्ली।** भारत में चीन के राजदूत ने रविवार को कहा कि अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने में चीन और भारत को एक दूसरे की सहायता करनी चाहिए। दरअसल राजदूत चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के उस बयान को रेखांकित कर रहे थे कि ड्रैगन और हाथी मिल कर उल्लास मनाएं यही उचित विकल्प है। राजदूत सुन वेदोंग ने ट्वीट किया, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा था कि ड्रैगन और हाथी एक साथ उल्लास मनाएं यही दोनों देशों के लिए उचित विकल्प है। भारत और चीन को लक्ष्यों को हासिल करने में एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच मित्रवत माहौल में समग्र, दीर्घावधि, सामरिक अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ और दोनों नेता दोनों देशों के बीच निकट विकासात्मक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमत हुए। गौरतलब है कि मोदी और शी के बीच दूसरी अनौपचारिक वार्ता मामल्लापुरम में हुई जिसमें दोनों नेता चीन के साथ बढ़ रहे भारत के व्यापार घाटे को कम करने के लिए व्यापक आर्थिक तंत्र बनाने के साथ ही आपसी हितों के अनेक मुद्दों पर मिलकर काम करने पर सहमत हुए।

## दीपिका पादुकोण 2020 की शुरुआत में डार्क रोमांटिक फिल्म की शूटिंग करेंगी

एजेंसी। मुंबई



**बॉलीवुड** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने रविवार को कहा कि वह छपाक के बाद एक डार्क रोमांटिक फिल्म के लिए अगले साल की शुरूआत से शूटिंग शुरू करेंगी। अभिनेत्री ए जवानी है दीवानी, कॉकेटल, गोलियों की रासलीला: रामलीला जैसी रोमांटिक फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि चरित्रों के नकारात्मक पक्ष एवं उनके रोमांस पर आधारित फिल्मों को डार्क रोमांटिक फिल्म कहा जाता है। जियो मामी मूवी मेला विद स्टार, 2019 में जब फिल्म समीक्षक अनुपमा चोपड़ा ने अभिनेत्री से रोमांटिक फिल्म के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, मुझे एक ऐसी फिल्म मिली है जिसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है लेकिन यह कोई हल्की फिल्म नहीं है। यह एक डार्क फिल्म होगी लेकिन रोमांटिक पृष्ठभूमि में होगी। अपनी इस फिल्म से पहले दीपिका छपाक में दिखेंगी और कबीर खान की फिल्म 83 में अतिथि भूमिका में दिखेंगी। फिल्म 83 में वह फिल्म में वह क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में रणवीर सिंह इस क्रिकेटर की भूमिका में होंगे। अभिनेत्री ने कहा, अगर आप रणवीर और मुझे फिल्म सेट पर देखते हैं तो हम वहां सामान्य से अलग होते हैं। हो सकता है कि हम एक साथ कार से फिल्म सेट पर भी न जाएं क्योंकि हमारा अलग-अलग काम है। यह किसी उद्देश्य से नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब आप साथ काम कर रहे होते हैं तो आप से पति-पत्नी और ब्वॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड की तरह व्यवहार करने की अपेक्षा नहीं रखी जाती है।

## क्विक न्यूज

### सीतारमण आज करेंगी सरकारी बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सार्वजनिक बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक करेंगी। इसमें ऋण वितरण मे प्रगति समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि संकटग्रस्त गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र (एनबीएफसी) तथा लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) के लिए ऋण उपलब्धता की समीक्षा किए जाने का अनुमान है।उन्होंने कहा कि बैंक आंशिक ऋण गारंटी योजना तथा पूंजी दायरा बढ़ाने के लिए बाजार से पूंजी जुटाने को लेकर रिपोर्ट कार्ड पेश कर सकते है। यह एक महीने से भी कम समय मे सार्वजनिक बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ वित्तमंत्री की दूसरी बैठक होगी।

### एफपीआई ने अक्टूबर में घरेलू पूंजी बाजार से निकाले 6,200 करोड़

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक मंदी तथा व्यापार युद्ध की आशंकाओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। इस कारण अक्टूबर माह के पहले दो सप्ताह मे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने घरेलू पूंजी बाजार से 6,200 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की। डिपॉजिटरी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, एक अक्टूबर से 11 अक्टूबर के दौरान एफपीआई ने शेयर बाजार से 4,955.20 करोड़ रुपए और ऋणपत्रों से 1,261.90 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। इस तरह आलोच्य अवधि मे उनकी कुल निकासी 6,217.10 करोड़ रुपए की रही। पिछले महीने एफपीआई ने 6,557.80 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की थी। मॉर्निंगस्टार इंवेस्टमेंट के वरिष्ठ विश्लेषक प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि सितंबर में शुद्ध खरीदार रहने के बाद एफपीआई पुनः अक्टूबर मे बिकवाली करने लगे। सरकार द्वारा आर्थिक सुधारों की घोषणा के बाद एफपीआई ने सितंबर में शुद्ध खरीदारी की थी। ग्रो के सह-संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी हर्ष जैन ने कहा, एफपीआई और एफडीआई का नया वर्गीकरण कुछ समय के लिए विदेशी निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर सकता है। मूडीज तथा अन्य संस्थानों द्वारा जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाने से भी विदेशी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा है। देश में बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र के संकट से भी निवेशकों पर प्रभाव पड़ रहा है।

### नुमालीगढ़ रिफाइनरी 2019-20 में सीएसआर गतिविधियों पर 62 करोड़ खर्च करेगी

**गुवाहटी ।** नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) 2019-20 में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत विभिन्न विकास परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश करेगी। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। सीएसआर के तहत नुमालीगढ़ रिफाइनरी ने असम के गोलाघाट जिले मे स्कूली शिक्षा , स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रमों के लिए 60 प्रतिशत सप निर्धारित किया है। एनआरएल के प्रबंध निदेशक एस . के. बरुआ ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए हमारा सीएसआर बजट 62 करोड़ रुपए है। चालू वित्त वर्ष में कुछ आकांक्षी जिलों मे अन्य कार्यक्रमों के अलावा विकास गतिविधियो चलाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होने कहा कि 2018-19 के दौरान एनआरएल का कुल सीएसआर खर्च 54.85 करोड़ रुपए रहा था।

### नए बैंक के लोगो के लिए ली जा सकती है बाहरी विशेषज्ञ की मदद

**कोलकाता।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), यूनाइडेट बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) की विलय प्रक्रिया पूरी होने के बाद बनने वाले नए बैंक के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के लिए किसी बाहरी विशेषज्ञ की सेवाएं ली जा सकती है। एक अधिकारी ने यह बात कही। तीनो बैंकों की विलय प्रक्रिया अगले साल एक अप्रैल तक पूरी होने की उम्मीद है। विलय के परिणामस्वरूप बनाने वाला नया बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक होगा। इस नए बैंक का कुल कारोबार आकार करीब 18 लाख करोड़ रुपए होगा। यूनाइटेड बैंक के शीर्ष अधिकारी ने अलग अलग लोगो से सुझाव आमंत्रित करने के बाद तीनो बैंकों के विलय से बनने वाली एकीकृत इकाई का नया नाम और चिन्ह तय किया जाएगा। हालांकि , नए प्रतीकचिन्ह को तय करने के मामले मे किसी बाहरी विशेषज्ञ की भी सेवाएं ली जा सकती है। उन्होने कहा कि विलय के बाद बनने वाले नए बैंक की पहचान बनाने के लिए उसका प्रतीक चिन्ह काफी महत्वपूर्ण होगा। अधिकारी ने कहा, तीनो बैंक के प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशक अगले सप्ताह बैठक करेंगे। नए बैंक के नाम और चिन्ह पर चर्चा बैठक के एजेंडे मे है।यूनाइडेट बैंक के दूसरे तिमाही के प्रदर्शन पर अधिकारी ने कहा कि बैंक के तिमाही नतीजे अच्छे होने चाहिए।


# भारत व्यापक संभावनाओं वाली तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

## वर्तमान मंदी के बावजूद विश्वबैंक ने कहा

एजेंसी। वाशिंगटन

**वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं** में सुस्ती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है। इससे 2019 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर कम होकर 6 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी व्यापक संभावनाओं के साथ तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्वबैंक के अर्थशास्त्री ने रविवार को यह बात कही।

विश्वबैंक के मुख्य अर्थशास्त्री (दक्षिण एशिया) हंस टिम्मर ने बताया , हालिया सुस्ती के बावजूद भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उसके आर्थिक वृद्धि के आंकड़े दुनिया के अधिकांश देशों से अधिक है। भारत अभी भी व्यापक क्षमता वाली तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस के ताजा संस्करण में विश्वबैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर छह प्रतिशत कर दिया। हालांकि, विश्वबैंक ने कहा कि वृद्धि दर धीरे-धीरे सुधर कर 2021 में 6.9 प्रतिशत और 2022 में 7.2 प्रतिशत पर पहुंच जाने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर पूछे गए सवाल पर टिम्मर ने कहा कि हालिया वैश्विक नरमी से भारत में निवेश और खपत प्रभावित हुए हैं। इसकी वजह से उसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।




भारत की आर्थिक वृदधि दर 2016 में 8.2 प्रतिशत थी और अगले दो साल में यह 2.2 प्रतिशत गिर गई है। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़ी गिरावट नहीं है लेकिन यह 2012 से तुलना करने योग्य है , जहां नरमी का असर था। हालांकि , 2009 में हमने जो गिरावट देखी यह उससे कुछ कम है। लेकिन , यह गंभीर सुस्ती है। यह बात सही है। टिम्मर ने कहा यदि आप घरेलू मांग की वृद्धि को देखते हैं तो यह जीडीपी के मुकाबले अधिक तेजी से नीचे आ रही है क्योंकि इसमें आयात भी तेजी से सुस्त पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में अलग मामला है जहां कंपनियों और घरेलू दोनों स्तरों पर निवेशक निवेश को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं।

टिम्मर ने कहा कि विश्वबैंक ने अनुमान में कहा है कि भारत की 80 प्रतिशत आर्थिक नरमी का कारण अतंरराष्ट्रीय कारक हो सकते हैं।

उन्होंने कहा, हमारे विचार में यह काफी कुछ उसी के अनुरूप है जो कि दुनिया में हो रहा है। इस समय दुनिया में सब जगह निवेश की रफ्तार काफी तेजी से धीमी पड़ रही है। जहां तक रिण की बात है यह एक धारणा से चल रहा है जो कि पूरी दुनिया में फैली हुई और यह धारणा वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता की है। वहीं , विश्वबैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2019 में भारत के मुकाबले बांग्लादेश और नेपाल की अर्थव्यवस्था के अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि , बैंक ने वैश्विक सुस्ती के कारण चालू वित्त वर्ष में दक्षिण एशिया की आर्थिक वृद्धि में गिरावट का अनुमान जताया है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर और गिरकर महज 2.4 प्रतिशत रह सकती है। बैंक ने अपनी हालिया रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में दक्षिण एशिया की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है।

यह अप्रैल 2019 के पूर्वानुमान से 1.1 प्रतिशत कम है। बांग्लादेश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2019 में 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2018 में 7.9 प्रतिशत की दर से अधिक है। इसके 2020 में 7.2 प्रतिशत और 2021 में 7.3 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया गया है। नेपाल के मामले में, जीडीपी की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में औसतन 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## एस्सार ने चुकाया 1.4 लाख करोड़ का कर्जः रुइया

एजेंसी। नई दिल्ली

**एस्सार समूह ने** अपनी संपत्तियों को बेचकर अब तक 1.4 लाख करोड़ रुपए का कर्ज चुका दिया है और बचा 10-15 प्रतिशत कर्ज अगली दो तिमाहियों में चुका दिया जाएगा। एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी।रुइया ने समूह की वेबसाइट पर डाली गई एक आंतरिक बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि पिछले तीन साल में कर्ज से बाहर निकलने की दिशा में प्रयास करने के मामले में हम पहली कंपनी हैं। हमने कर्ज घटाने के मामले में कुछ निर्णयात्मक कदम उठाए हैं। इसकी शुरुआत 12.9 अरब डॉलर में एस्सार ऑयल को रोसनेफ्ट व त्राफिगुरा को बेचने से हुई। उन्होंने कहा, इसके बाद हमने अपनी बीपीओ इकाई एजिस को बेचा। हमने कुछ और भी संपत्तियों की बिक्री की। इससे प्राप्त राशि का इस्तेमाल कर हमने करीब ।,40,000 करोड़ रुपए का कर्ज चुकाया। यह किसी भी कंपनी द्वारा चुकाया गया सर्वाधिक कर्ज है। रुइया ने कहा कि कर्ज चुकाने का कार्य संपन्न करने के बाद समूह पुन: निवेश चक्र शुरू करेगा। उन्होंने सरकार द्वारा हाल ही में कॉरपोरेट कर की दरें घटाने को कॉरपोरेट जगत के लिए बड़ा व सकारात्मक कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल में सरकारी नीतियों में किए गए बदलाव से कई नियामकीय अनिश्चितताएं दूर हुई हैं। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि नए निवेशों के समक्ष वे जोखिम नहीं होंगे, जिनका सामना पुराने निवेशों को करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही घरेलू मांग को देखते हुए नया निवेश करने तथा देश में वृद्धि व निवेश के लिए मजबूत माहौल बना है। रुइया ने कहा कि 2010- 11 में जब भारत की आर्थिक वृद्धि दर 10 प्रतिशत को छू गई थी तब इस उम्मीद में कि देश की आर्थिक वृद्धि इसी स्तर पर बनी रहेगी एस्सार ने 24 अरब डालर का व्यापक निवेश कार्यक्रम बनाया। यह निवेश कार्यक्रम तेल एवं गैस, बिजली, इस्पात और बंदरगाह क्षेत्र के लिए बनाया गया। उन्होंने कहा कि रुकावटों के बावजूद विस्तार कार्यक्रम को अगले कुछ सालों में पूर किया गया।

## ग्राहकों के लिए आकर्षक पेशकश चरम परः मारुति

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी द्वारा त्योहारी मौसम के दौरान ग्राहकों को दी जाने वाली छूट और विभिन्न पेशकश अपने चरम पर पहुंच चुकी है। समय बीतने के साथ अब इनमें कमी ही आएगी क्योंकि लंबे समय तक इतनी भारी छूट देना व्यवहारिक नहीं है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। कंपनी विभिन्न मॉडलों पर ज्यादा अवधि की वारंटी के साथ-साथ नकद रियायतों की भी पेशकश कर रही है। इससे जुलाई-अगस्त के मुकाबले कंपनी की सितंबर की बिक्री में 18 से 20 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। मारुति सुजुकी के विपणन एवं बिक्री निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा से कहा, बाजार में फिर से जान डालने के लिए हमने स्पष्ट तौर पर कोशिश की लेकिन हम हमेशा ऊंचे प्रोत्साहनों को जारी नहीं रख सकते हैं, यह व्यवहारिक नहीं है। इसलिए आगे इन छूट-पेशकशों में कमी ही आने वाली है। कंपनी को पिछले साल अक्टूबर के मुकाबले इस साल अक्टूबर की बिक्री बेहतर रहने की उम्मीद है।श्रीवास्तव ने कहा कि यह संभावित तौर पर अच्छी बिक्री है। यदि हम अक्टूबर के पहले सप्ताह यानी नवरात्र के समय को देखें तो इस साल नवरात्रों पर हुई बुकिंग पिछले साल से बेहतर रही है।उन्होंने कहा कि भारत स्टेज-6 उत्सर्जन मानक वाली आठ और डीजल वाहन मॉडल की मांग बढ़ी है। इसके अलावा कंपनी की हाल में बाजार में उतारी गई एस-प्रैसो के लिए 10,000 से अधिक बुकिंग मिली हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने भारत स्टेज-4 मानक वाले उन वाहनों का उत्पादन रोक चुकी है जिनमें भारत स्टेज-6 उत्सर्जन मानक वाले वाहन पेश कर दिए गए हैं।


## तिमाही परिणाम, वैश्विक संकेतों से तय होगा बाजार



एजेंसी। नई दिल्ली

**रिलायंस इंडस्ट्रीज,** हिंदुस्तान यूनिलीवर्स और विप्रो जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम तथा वैश्विक संकेतों से इस सप्ताह घरेलू बाजार की चाल तय होगी। विशेषज्ञों ने यह राय दी है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, सोमवार को बाजार इंफोसिस के परिणाम पर प्रतिक्रिया देगा। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार वार्ता से संबंधित खबरों पर भी बाजार की नजर होगी। हमें अभी भी मिश्रित संकेत मिल रहे हैं और इस कारण बाजार में कुछ तेजी देखने को मिल सकती है। इंफोसिस ने शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद परिणाम की घोषणा की। कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 2.20 प्रतिशत गिरकर सितंबर तिमाही में 4,019 करोड़ रुपए पर आ गया।सैमको सिक्योरिटीज एंड स्टॉकनोट के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिमीत मोदी ने कहा, हमारा निश्चित तौर पर यह मानना है कि इस सप्ताह तिमाही परिणाम मुख्य तौर पर बाजार की चाल तय करेंगे। उम्मीद है कि इस साल तिमाही परिणाम के सत्र से निवेशकों की धारणा में सुधार होगा और एफपीआई की धारणा को पुनः मजबूत करेगी। इस सप्ताह हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, फेडरल बैंक, विप्रो और रिलांयस इंडस्ट्रीज के परिणाम आने वाले हैं। इस दौरान सोमवार को थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े आने वाले हैं। विश्लेषकों का मानना है कि बाजार पर इसका भी असर होगा।शुक्रवार शाम को औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होंगे। बाजार पर इसका भी असर होगा।




## दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के पहलुओं का अध्ययन करेगा सीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा संबंधी विभिन्न पक्षों का अध्ययन करेगा। दूरसंचार क्षेत्र में हालिया समय में स्थिति में हुए महत्वपूर्ण बदलावों के कारण यह निर्णय लिया गया है। सीसीआई के चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता ने यह जानकारी दी।

गुप्ता ने एक साक्षात्कार में कहा, दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा संबंधी पक्षों के अध्ययन की तैयारी शुरू कर दी गई है। अध्ययन नवंबर में शुरू होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, बाजार नियामक होने के नाते हमें इस अध्ययन से पता चलेगा कि हमें किन बातों को लेकर सजग रहना चाहिए और हमें क्या करने की जरूरत है। यह आयोग को प्रतिस्पर्धा को लेकर रणनीति तैयार करने तथा दूरसंचार क्षेत्र को लेकर सुझाव तैयार करने में मदद करेगा। गुप्ता ने कहा, दूरसंचार सेवाओं की महत्ता तथा अर्थव्यवस्था में इसकी प्रासंगिकता को देखते हुए यह सीसीआई के लिए जरूरी हो गया है कि वह क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर नजर रखे। नई कंपनियों के आने, कंपनियों के एकीकरण होने, प्रतिस्पर्धा संबंधी रणनीतियों में बदलाव तथा दूरसंचार क्षेत्र के बिजनेस मॉडल के कारण हालिया समय में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाजार की नई संरचना से कई सारे सवाल पैदा हुए हैं, जैसे कि क्या प्रतिस्पर्धा का मौजूदा स्तर पर्याप्त है, क्या दूरसंचार कंपनियां क्षेत्र में अपने दबदबे का इस्तेमाल उन क्षेत्रों को प्रभावित करने में कर सकती हैं जो क्षेत्र दूरसंचार पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि अध्ययन से दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को स्पष्ट तरीके से समझने के लिए संबंधित पक्षों से प्रासंगिक सूचनाएं जमा होंगी।

## जीएसटी राजस्व प्राप्ति में सुधार लाने को बनी समिति की बैठक कल

एजेंसी। नई दिल्ली




**माल एवं** सेवा कर (जीएसटी) के तहत राजस्व प्राप्ति बढ़ाने सहित इसकी व्यापक रूप से समीक्षा कर जरूरी सुझाव देने को लेकर गठित एक उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक मंगलवार को होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।जीएसटी परिषद के विशेष सचिव राजीव रंजन ने पीटीआई -भाषा से कहा, समिति की पहली बैठक मंगलवार यानी 15 अक्टूबर को होगी। उन्होंने कहा कि समिति को रिपोर्ट सौंपने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।सरकार ने पिछले सप्ताह इस समिति का गठन किया है। समिति को जीएसटी के तहत राजस्व संग्रह बढ़ाने तथा कर चोरी रोकने के उपायों पर सुझाव देने का काम दिया गया है।जीएसटी की एक जुलाई 2017 को शुरुआत होने के बाद इसकी यह पहली व्यापक समीक्षा होगी।सरकार ने जीएसटी संग्रह तथा इसके प्रशासन को दुरुस्त करने के उपायों पर सुझाव देने के लिए अधिकारियों की 12 सदस्ईय एक समिति गठित की है। समिति को राजस्व प्राप्ति में आ रही गिरावट को रोकने और राजस्व संग्रह बढ़ाने के बारे में आवश्यक उपायों के बारे में सुझाव देने को कहा गया है। समिति के गठन की शर्तों में जीएसटी का दुरुपयोग रोकने के उपायों तथा स्वैच्छिक अनुपालन में सुधार के कदमों समेत जीएसटी में संरचनात्मक बदलावों के बारे में सुझाव देना है। समिति को कर आधार बढ़ाने के उपायों के बारे में भी सुझाव देने की जिम्मेदारी दी गई है। आदेश में कहा गया कि कानून में नीतिगत उपायों तथा संबंधित बदलावों की जरूरत है। आंकड़ों के बेहतर विश्लेषण तथा बेहतर प्रशासनिक समन्वय के जरिए अनुपालन की बेहतर निगरानी तथा अपवंचना रोधी उपायों का सुझाव देना भी गठन की शर्तों में शामिल है। समिति के सदस्यों में महाराष्ट्र, तमिल नाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पंजाब के जीएसटी आयुक्त, इसके अलावा केन्द्र सरकार से जीएसटी प्रधान आयुक्त और संयुक्त सचिव (राजस्व) सहित कुछ अन्य अधिकारी शामिल हैं। राज्यों से कहा गया है कि वह समिति में शामिल होने के साथ साथ लिखित में सुझाव भी दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सितंबर में जीएसटी प्राप्ति घटकर 19 माह के निचले स्तर 91,916 करोड़ रुपए रह गई। यह जीएसटी प्राप्ति में लगातार दूसरी माह नरमी रही।

## पर्यावरण अनुकूल विकास की रणनीति के महत्व को समझता है भारत: आईएमएफ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भारत को एक ऐसे देश के तौर पर देखता है जो पर्यावरण अनुकूल विकास की रणनीति अपनाए जाने की आवश्यकता को समझता है। इसके साथ ही पूरा वेश्विक समुदाय जलवायु परिवर्तन के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार हो रहा है।

आईएमएफ के वित्तीय मामलों के विभाग के निदेशक विटोर गैस्पर ने एक साक्षात्कार में कहा, यदि आप पिछली पीढ़ी में भारत पर गौर करें... भारत में विकास हुआ है। भारत में बदलाव आया है। भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख ताकत बना है। भारत एक बड़ी शक्ति है और हम भारत को एक ऐसे देश के रूप में देखते हैं जो पर्यावरण के अनुकूल विकास रणनीति अपनाए जाने की जरूरत को समझता है। उन्होंने कहा कि विकास की इस प्रक्रिया के संदर्भ में भारत अपनी आबादी की सबसे गरीब श्रेणी को लेकर विशेषतौर पर सजग है। उन्होंने यह समझाया कि उसकी इस नई रणनीति में जलवायु परिवर्तन से किस प्रकार निबटा जा सकता है। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि यहां दो दृष्टिकोण हैं जिनके ऊपर कोई गौर कर सकता है।

# चीन दो साल में नेपाल को 56 अरब नेपाली रुपए की सहायता देगा

एजेंसी। काठमांडू

**चीन ने** अगले दो साल के दौरान नेपाल को उसके संपर्क मार्ग बेहतर बनाने सहित विभिन्न विकास कार्यक्रमों के लिए 56 अरब नेपाली रुपए की सहायता देने का वादा किया। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए नेपाल के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए।शी ने यहां नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के साथ हुई बातचीत के दौरान यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ तमिलनाडु के मामल्लापुरम में अनौपचारिक शिखर वार्ता करने के बाद शनिवार को नेपाल की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। पिछले 23 साल में नेपाल की यात्रा करने वाले वह चीन के पहले राष्ट्र प्रमुख हैं।उन्होंने यहां नेपाल के राष्ट्रपति निवास शीतल निवास में विद्या देवी भंडारी के साथ मुलाकात की। शी ने रविवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली से भी मुलाकात की और प्रतिनिधिमंडल स्तर पर चर्चा की। वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने परिवहन, कृषि, उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 18 समझौतों तथा दो विनिमय पत्रों पर हस्ताक्षर किए। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से कहा, राष्ट्रपति शी और प्रधानमंत्री ओली के बीच हुई बैठक नेपाल-चीन संबंध के सभी पहलुओं पर केंद्रित रही। नेपाल के




राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच दोस्ताना संबंध, आपसी हित तथा अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

अधिकारियों ने बताया कि शी ने बातचीत के दौरान नेपाल को अगले दो साल में 3.5 अरब युआन यानी 56 अरब नेपाली रुपए की सहायता देने की पेशकश की। उन्होंने काठमांडू को तातोपानी ट्रांजिट प्वाइंट से जोड़ने वाले अर्निको राजमार्ग को दुरुस्त करने का भी वादा किया। यह राजमार्ग 2015 के भूकंप के बाद से बंद है। उन्होंने कहा कि ट्रांस-हिमालयन रेलवे की वहनीयता को लेकर अध्ययन शीघ्र शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही चीन केरुंग-काठमांडू टनल रोड के निर्माण में भी मदद करेगा। शी ने विद्या देवी द्वारा शनिवार को दिए सरकारी रात्रिभोज में कहा, हमारी दुनिया की आदर्श दोस्ती है और दोनों देशों के बीच किसी तरह का कोई मुद्दा नहीं है। शी ने कहा कि वह और विद्या देवी दोनों देशों के बीच संबंध, दोस्ती और साझेदारी को विकासित करने पर सहमत हुए हैं, जो नेपाल की समृद्धि व विकास में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में दोनों देशों के बीच अधिक भरोसेमंद व बेहतर संपर्क सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। शी ने कहा, हम नेपाल के चौतरफा दूसरे देशों के भूभाग से घिरे देश के बजाय उसके बेहतर ढंग से जमीनी संपर्क मार्ग से जुड़ा होने के सपने को साकार करने में मदद करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चीन भूकंप के बाद के नेपाल के निर्माण में मदद करेगा, नेपाल की यात्रा वर्ष 2020 को बढ़ावा देगा, शिक्षा क्षेत्र में मदद मुहैया कराएगा और शहरी विकास में भी मदद करेगा। विद्या देवी ने एक चीन नीति को नेपाल का समर्थन दोहराया और कहा कि नेपाल किसी भी शक्ति को चीन के खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं करने देगा। उन्होंने नेपाल के विकास कार्यों में मदद के लिए चीन की सराहना की। उन्होंने रसुआगढ़ी-काठमांडू-लुम्बिनी रेलवे लाइन के निर्माण में चीन से मदद की भी मांग की। शी ने मुख्य विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। वह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के सह अध्यक्ष कमल दहल प्रचंड से भी मिले। दहल के कार्यालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने दोनों देशों व दोनों पार्टियों के बीच संबंध को गहरा बनाने के तरीकों पर चर्चा की।नेपाल की दो दिवसीय यात्रा संपन्न कर शी दोपहर को चीन रवाना हो गए।

# जापान में तूफान हगिबिस ने मचाई तबाही

● अब तक 33 लोगों की मौत, दर्जनों लोग लापता, बाढ़ से जनजीवन अस्तव्यस्त बचाव अभियान शुरू

**एजेंसी।** तोक्यो

**जापान** की राजधानी तोक्यो समेत देश के अन्य हिस्सों में आए प्रचंड तूफान हगिबिस से अब तक कम-से-कम 33 लोगों की मौत हो चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। तूफान हगिबिस ने शनिवार को जापान में दस्तक दी। देश के बड़े हिस्से में भारी बारिश की वजह से आई बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए रविवार को बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। भूस्खलन की भी कई घटनाएं हुईं।

तूफान तोक्यो को अपनी चपेट में लेने के बाद उत्तर की ओर बढ़ गया। जापान के कई हिस्से जलमग्न हो चुके हैं। हगिबिस का अर्थ रफ्तार है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस तूफान में कम-से-कम 33 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता एनएचके ने बताया कि आपदा में एक दर्जन से अधिक लोग लापता हो गए और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हगिबिस से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। वहीं, देश की 14 नदियों में बाढ़ आ गई है।

सरकारी प्रवक्ता योशीहिद सुगा ने बताया, इस भीषण तूफान ने पूर्वी जापान में भारी तबाही मचाई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भूस्खलन का खतरा अभी भी बना हुआ है। तोक्यो क्षेत्र में ट्रेन सेवाएं, जिनमें से अधिकांश रुकी हुई थीं, सुबह फिर से शुरू हो गई। हालांकि अन्य की सुरक्षा जांच चल रही थी और उनके दिन में बाद में शुरू होने की उम्मीद है।

सत्तारूढ़ पार्टी के नेता फुमियो किशिदा ने एनएचके टीवी न्यूज से टॉक शो में कहा, खतरा अभी भी बना हुआ है और यह एक वास्तविकता है जिससे हमें सतर्क रहना चाहिए। हमें अपनी पूरी कोशिश करनी चाहिए। आपदा कभी भी आ सकती है। सरकारी आदेशों के तहत लगभग 27,000 पुलिस कर्मी और सैनिक बचाव कार्यों में लगाया गया है। सैनिक हेलीकॉप्टर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं।

हजारों लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला गया। क्योदो न्यूज ने बताया कि 60 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी जारी की गई थी। तूफान की वजह से रग्बी वर्ल्ड कप के कई मैच रद्द कर दिए गए। कई मैचों के समय को आगे बढ़ा दिया गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भूस्खलन का खतरा अभी भी बना हुआ है। तोक्यो क्षेत्र में ट्रेन सेवाएं, जिनमें से अधिकांश रुकी हुई थीं, सुबह फिर से शुरू हो गई, हालांकि अन्य की सुरक्षा जांच चल रही थी और उनके दिन में बाद में शुरू होने की उम्मीद है। सरकारी आदेशों के तहत लगभग 17,000 पुलिस कर्मी और सैनिक बचाव कार्यों में लगाया गया है। सैनिक हेलीकॉप्टर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं। नागानो शहर के आपातकालीन सेवा के एक अधिकारी यासुहिरो यामागुची ने एएफपी को बताया, रातभर में हमने 427 घरों को खाली कराने और 1,417 लोगों को निकलने के आदेश जारी किए। उन्होंने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसमें कितने घर प्रभावित हुए हैं। तटीय शहरों में निकासी केंद्र स्थापित किए गए हैं, और हजारों लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला गया। इस भयावह आपदा से जापान में सड़क, रेल व हवाई यातायात काफी प्रभावित हुआ है।



जापान के स्व-रक्षा बल के एक हेलीकॉप्टर द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से निवासी को बचाते हुए

## जापान में भयंकर तूफान और बाढ़ के बाद बचाव अभियान शुरू

**एजेंसी।** तोक्यो

**जापान** की राजधानी तोक्यो समेत देश के अन्य हिस्सों में भयंकर तूफान व भारी बारिश की वजह से आई बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए रविवार को बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। शक्तिशाली तूफान हगिबीस ने शनिवार को जापान में दस्तक दे दी। तूफान के आने के बाद देश के बड़े हिस्से में बेतहाशा बारिश हुई, जिससे बाढ़ आ गई और भूस्खलन की कई घटनाएं हुईं। तूफान तोक्यो को अपनी चपेट में लेने के बाद उत्तर की ओर बढ़ गया। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके के अनुसार, इस आंधी-तूफान में चार लोगों की मौत हो गई, 17 लापता हो गए और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हगिबिस से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। हगिबिस का अर्थ है गति। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भूस्खलन का खतरा अभी भी बना हुआ है। तोक्यो क्षेत्र में ट्रेन सेवाएं, जिनमें से अधिकांश रुकी हुई थीं, सुबह से फिर से शुरू हो गई, हालांकि अन्य की सुरक्षा जांच चल रही थी और उनके दिन में बाद में शुरू होने की उम्मीद है। सरकारी आदेशों के तहत लगभग 17,000 पुलिस कर्मी और सैनिक बचाव कार्यों के लिए तैयार हैं। तटीय शहरों में निकासी केंद्र स्थापित किए गए हैं, और हजारों लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला गया।

# पोप फ्रांसिस ने भारतीय नन मरियम थ्रेसिया, चार अन्य को संत घोषित किया



**एजेंसी।** वेटिकन सिटी



**पोप** फ्रांसिस ने वेटिकन सिटी में एक भव्य समारोह में भारतीय नन मरियम थ्रेसिया और चार अन्य को रविवार को संत घोषित किया। मई 1914 में केरल के त्रिसूर में कॉन्ग्रिगेशन ऑफ द सिस्टर्स ऑफ द होली फैमिली (सीएचएफ) की स्थापना करने वाली मरियम थ्रेसिया को सेंट पीटर्स स्क्वायर में एक समारोह के दौरान सदियों पुराने इस संस्थान के सबसे ऊंचे पद का सम्मान दिया गया।

केरल की नन के साथ ही ब्रिटिश कार्डिनल जॉन हेनरी न्यूमैन, स्विस लेवुमन मार्गरेट बेज, ब्राजील की सिस्टर डुल्स लोप्स और इतालवी सिस्टर ग्यूसेपिना वानीनि को भी संत की उपाधि से विभूषित किया गया। पोप फ्रांसिस ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आज अपने नए संतों के लिए हम ईश्वर के शुक्रगुजार हैं। इस समारोह के दौरान सेंट पीटर्स के बेसिलिका से पांच नए संतों की विशाल तस्वीरें लटकाईं गईं। इस समारोह में लाखों लोग शामिल हुए। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने समारोह में भारतीय शिष्टमंडल की अगुवाई की। समारोह में प्रिंस चार्ल्स ने भी शिरकत की। रविवार के कार्यक्रम के साथ ही केरल के साइरो-मालाबार चर्च के संतों की संख्या अब चार हो गई। सबसे पहले 2008 में सिस्टर अल्फोंसा को संत घोषित किया गया था। इसके बाद फादर कुरियाकोस एलियास चावरा और सिस्टर यूफारसिया को 2014 में संत घोषित किया गया। मरियम थ्रेसिया को उनके जीवन के आधे समय तक केवल थ्रेसिया नाम से जाना जाता था। यह नाम उन्हें तीन मई, 1876 को नामकरण संस्कार के दौरान दिया गया। इसके बाद, वर्ष 1904 उन्होंने इच्छा जताई कि उन्हें मरियम थ्रेसिया पुकारा जाए क्योंकि उनका मानना था कि एक सपने में ब्लेस्ड वर्जिन मेरी ने उन्हें उनके नाम में मरियम जोड़ने को कहा था। उन्हें 1914 में यह नाम दिया गया। चर्च ने उन्हें एक असाधारण पवित्र व्यक्ति घोषित किया।

वेटिकन न्यूज ने कहा, ईसा मसीह का अनुसरण करते हुए उन्होंने गरीबों की मदद की, बीमारों की सेवा की और अकेले पड़े लोगों का दर्द दूर किया। उन्होंने दुनिया के पाप मिटाने के लिए खुद दुख झेला। सिस्टर थ्रेसिया का आठ जून, 1926 को 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। पोप जॉन पॉल द्वितीय ने नौ अप्रैल, 2000 को उन्हें धन्य घोषित किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 सितम्बर को अपने मन की बात कार्यक्रम में सिस्टर मरियम थ्रेसिया का जिक्र किया था और कहा था कि 13 अक्टूबर को पोप फ्रांसिस उन्हें संत घोषित करेंगे जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा था, सिस्टर थ्रेसिया ने 50 साल के अपने छोटे से जीवनकाल में ही मानवता की भलाई के लिए जो कार्य किए, वो पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल हैष सिस्टर थ्रेसिया ने जो भी कार्य किया, उसे निष्ठा और लगन के साथ पूरे समर्पण भाव से पूरा किया। मोदी ने कहा था कि समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र से उनका अद्‌भुत लगाव था। उन्होंने कई स्कूल, छात्रावास और अनाथालय बनवाए।

# मिस्र के सिनाई में हमले में एक परिवार के नौ सदस्यों की मौत

**एजेंसी।** एल अरिश

**मिस्र** के अशांत उत्तरी सिनाई प्रायद्वीप में शनिवार को आम नागरिकों को ले जा रहे एक ट्रक पर एक गोला गिरने से एक ही परिवार के कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। सुरक्षा अधिकारियों और चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीर अल-अब्द में गोला फटा। इसमें कम से कम अन्य छह लोग घायल हो गए उनको अस्पताल ले जाया गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गोलाबारी के पीछे किसका हाथ था। हमले के समय परिवार अपने घर लौट रहा था। सुरक्षा का हवाला देते हुए नाम उजागर ना करने की शर्त पर स्थानीय लोगों ने यह जानकारी दी।

इस बीच अधिकारियों ने बताया कि बीर अल-अब्द और रफाह में वाहनों के विस्फोटक की चपेट में आने से सात सुरक्षा कर्मी घायल हो गए। तत्काल किसी समूह ने हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# पाक में अपनी मां डायना के धर्मार्थ कार्यों के प्रति सम्मान प्रकट करेंगे प्रिंस विलियम

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटेन** के प्रिंस विलियम के पाकिस्तान की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान देश में अपनी मां प्रिंसेस डायना द्वारा किए गए धर्मार्थ कार्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करने की संभावना है। उनकी यह यात्रा सोमवार से शुरू हो रही है। प्रिंसेस ऑफ वेल्स डायना पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ के जरिए उनकी करीबी दोस्त थीं और वह कई बार पाकिस्तान आई थीं।

पाकिस्तान की उनकी आखिरी यात्रा पेरिस में उनकी मौत से कुछ वक्त पहले 1997 में हुई थी जब वह लाहौर में खान द्वारा बनाए कैंसर केंद्र के लिए फंड जुटाने में मदद करने के लिए आई थीं।



द संडे टाइम्स ने अपनी खबर में कहा, सुरक्षा के लिहाज से यात्रा की जानकारियां गुप्त रखी गई हैं लेकिन दंपति पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात करेंगे जिन्हें ड्यूक बचपन से जानते हैं। शाही दंपति अपने तीन बच्चों के बिना पाकिस्तान की यात्रा करेगा। खबर में शाही परिवार के सूत्रों के हवाले से कहा गया है, ऐसा माना जा रहा है कि विलियम यात्रा के दौरान अपनी मां के मानवता कार्य के प्रति सम्मान प्रकट कर सकते हैं।

पिछले सप्ताह केनसिंगटन पैलैस ने ड्यूक ऑफ कैमब्रिज विलियम की अपनी पत्नी केट मिडलटन के साथ 14 से 18 अक्टूबर की यात्रा को क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के चलते सबसे जटिल बताया था। संडे टेलीग्राफ की खबर के मुताबिक, ।,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी यात्रा के दौरान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। अखबार ने पाकिस्तान के सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस यात्रा से पाकिस्तान जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने के भारत सरकार के फैसले पर अपनी निंदा पर जोर दे सकेगा।

# ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव कम करने के लिए तेहरान पहुंचे इमरान खान

● प्रधानमंत्री खान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमनेई और राष्ट्रपति हासन रूहानी समेत ईरान के कई नेताओं से मुलाकात की

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान, ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव कम करने में मदद के लिए रविवार को एक दिन की यात्रा के लिए तेहरान पहुचे हुए। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन की तरफ से 2015 में यमन पर हमले शुरू करने और 2016 में एक प्रमुख शिया धार्मिक नेता की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा है।

ईरान और सऊदी अरब उस वक्त युद्ध की कगार पर पहुंच गए थे जब ईरान ने खाड़ी देश के तेल संयंत्रों पर 14 सितंबर को हमला कर दिया था। सऊदी अरब और उसके सहयोगियों ने हमले के लिए ईरान को दोष दिया था। वहीं 11 अक्टूबर को ईरान के स्वामित्व वाले एक तेल टैंकर पर सऊदी अरब तट के पास लाल सागर में हमला हुआ था। विदेश मंत्रालय ने कहा, क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने की अपनी पहल के तहत, प्रधानमंत्री इमरान खान 13 अक्टूबर को ईरान के दौरे पर है। मंत्रालय ने बताया कि इस दौरे में प्रधानमंत्री खान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमनेई और राष्ट्रपति हासन रूहानी समेत ईरान के कई नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान खाड़ी में शांति एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के अलावा द्विपक्षीय मुद्दों और महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय घटनाओं पर भी चर्चा होगी।



ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी और पाकिस्तानी प्रधान मंत्री इमरान खान से ईरान के तेहरान में सादाबाद पैलेस में अपनी बैठक से पहले हाथ मिलाते हुए

# ट्रंप ने सीरिया में मानवीय सहायता के लिए दिए पांच करोड़ डॉलर



**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया में अत्याचार का सामना कर रहे जातीय तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए और मानवीय सहायता को आगे बढ़ाने जैसे कार्यों के लिए पांच करोड़ डॉलर की राशि जारी की है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव स्टेफनी ग्रिशम ने बताया कि यह धनराशि सीरिया में मानवाधिकार रक्षकों, नागरिक संगठनों तथा ऐसे पुनर्वास कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता मुहैया कराएगी जो हिंसा से पीड़ित जातीय तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों की सीधे तौर पर मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस राशि का प्रयोग जिम्मेदारी बढ़ाना, युद्ध से बचे विस्फोटक हटाना, समुदाय की सुरक्षा, मानवाधिकार हनन के मामलों को दर्ज करना, लिंग आधारित हिंसा और प्रताड़ना के शिकार लोगों की मदद करने जैसे कामों में भी किया जाएगा। ग्रिशम ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोगी भी अपना योगदान जारी रखेंगे। जातीय तथा धार्मिक सुरक्षा और आजादी इस प्रशासन की प्राथमिक्ता है।

## फ्रांस, जर्मनी ने तुर्की को हथियार निर्यात पर रोक लगाई

**पेरिस।** सीरिया में कुर्द लड़ाकों के खिलाफ तुर्की के हमले को लेकर फ्रांस और जर्मनी ने तुर्की को किए जाने वाले हथियारों के निर्यात पर शनिवार को रोक लगा दी। यूरोप के कई शहरों में रैलियां कर प्रदर्शनकारियों ने तुर्की की निंदा की है। तुर्की के सैनिकों ने कुर्द लड़ाकों के खिलाफ बुधवार को सीमा पार से हमले करने शुरू कर दिए थे। तुर्की इन लड़ाकों को आतंकवादियों की तरह देखता है। रक्षा एवं विदेश मंत्रालयों की ओर से जारी संयुक्त बयान में फ्रांस ने कहा कि उसने तुर्की को हथियार सामग्रियों की नियोजित निर्यात पर रोक लगा दी है। यह रोक इस आशंका के बीच लगाई गई है कि इन हथियारों का प्रयोग सीरिया पर किए जा रहे हमलों में किया जा सकता था। जर्मनी के उस बयान के बाद फ्रांस ने बयान जारी किया कि उसने हथियार निर्यात पर रोक लगा दी है। जर्मनी तुर्की का मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता है। कई देशों ने तुर्की के हमले की निंदा की है और फिनलैंड, नॉर्वे और नीदरलैंड पहले ही तुर्की को हथियार निर्यात पर रोक लगाने की घोषणा कर चुका है।

# न्यू ऑर्लीन्स में निर्माणाधीन होटल का एक हिस्सा ढहा, दो लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

**एजेंसी।** न्यू ऑर्लीन्स

**न्यू** ऑर्लीन्स के पास निर्माणाधीन हार्ड रॉक होटल के एक बड़े हिस्से के ढहने से दो लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं बचाव कर्मी अब भी एक लापता व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं। दमकल अधिकारियों ने बताया कि पास की इमारतों को भी खाली करा लिया गया है। सुरक्षा कारणों से रात के समय लापता लोगों के लिए जारी तलाश अभियान रोक दिया गया था। परियोजना के ठेकेदार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार उसके कर्मचारी इमारत को स्थिरता प्रदान करने की कोशिश के तहत आपात अधिकारियों के साथ रात भर काम करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि 18 लोगों को अस्पताल ले जाया गया और कई लोग खुद अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायलों में से किसी की जान को कोई खतरा नहीं है। दमकल विभाग के प्रमुख टिम मैककोनेल ने बताया कि नगरीय तलाश और बचाव दल ने शनिवार को इमारत के एक हिस्से में प्रवेश किया, ताकि दो लापता लोगों को जिंदा बचाया जा सके। बाद में हालांकि उनमें से एक का शव बरामद हुआ।

## पूर्वी चीन के रेस्तरां में विस्फोट, नौ की मौत:

**पूर्वी** चीन के एक रेस्तरां में हुए गैस विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। चीन के सरकारी टीवी सीसीटीवी ने यह जानकारी दी है। यह विस्फोट तटीय प्रांत जिआंग्सू के वुशी शहर के रेस्तरां में हुआ। इस विस्फोट में रेस्तरां जलकर खाक हो गया और आसपास की दुकानों को भी खासा नुकसान पहुंचा। सीसीटीवी ने रिपोर्ट दी है कि घटना में 10 अन्य जख्मी भी हुए हैं और उनकी हालात स्थिर है। मौके पर 200 से ज्यादा बचाव कर्मियों को भेजा गया है।

## केन्या : बम विस्फोट में 11 पुलिस अधिकारियों की मौत

**नैरोबी।** केन्या में सोमालिया के साथ लगने वाली दक्षिणी सीमा पर सड़क किनारे हुए बम विस्फोट में पुलिस के 11 अधिकारियों की मौत हो गई। पुलिस प्रमुख ने यह जानकारी दी। महानिरीक्षक हिलेरी मुत्यमबई ने शनिवार को बताया कि अधिकारियों की गश्ती कार को लिबोई कस्बे के पास दामाजले हारे हारे मार्ग पर धमाका कर उड़ा दिया गया। अब तक किसी ने इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन संदेह है कि सोमालिया के अल शबाब आतंकवादियों ने इसे अंजाम दिया है।

# ब्रिटेन ने कहा: जानलेवा हादसे की संदिग्ध को नहीं मिलेगी राजनयिक छूट

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटेन** की मीडिया में खबरें आई हैं कि सड़क पर जानलेवा हादसे में संलिप्त एक अमेरिकी अधिकारी की पत्नी को ब्रिटेन छोड़ने के कारण राजनयिक छूट नहीं मिलेगी। बीबीसी और स्काई न्यूज ने रविवार को कहा कि ब्रिटिश विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने दुर्घटना के शिकार बने हैरी डन के परिवार से कहा कि छूट अब प्रासंगिक नहीं है क्योंकि संदिग्ध ब्रिटेन से जा चुकी है। विदेश कार्यालय ने इस संबंध में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

गौरतलब है कि अगस्त में दक्षिणी इंग्लैंड में ब्रिटिश वायु सेना अड्डे के बाहर मोटरसाइकिल-कार में टक्कर के बाद हैरी डन (19) की मौत हो गई थी। इस कार का इस्तेमाल अमेरिकी सेना कर रही थी। इस घटना के बाद कथित कार ड्राइवर एनी सकूलस ब्रिटेन से भाग निकलीं। एन्नी ने एक अमेरिकी अधिकारी से शादी की थी। सकूलस के वकील एमी जेफरेस ने बताया कि इस त्रासद दुर्घटना के कारण एनी की जिंदगी उजाड़ हो गई और वह डन के अभिभावकों से मिलना चाहती है।

# बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों का कमाल, भारत चमका

● दूसरा टेस्ट भी हारा दक्षिण अफ्रीका
● भारत ने पारी व 137 रन के अंतर से जीता
● श्रृंखला झोली में डाली
● अपनी सरजमीं पर भारतीय टीम ने यह रिकार्ड लगातार 11वीं श्रृंखला जीती

एजेंसी। पुणे

अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे क्रिकेट टेस्ट में चौथे ही दिन रविवार को एक पारी और 137 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। अपनी सरजमीं पर भारतीय टीम ने यह रिकार्ड लगातार 11वीं श्रृंखला जीती है। दक्षिण अफ्रीका को 2008 के बाद किसी टेस्ट श्रृंखला में फालोआन खेलने पर मजबूर करने वाली भारत पहली टीम बन गई। फालोआन खेलते हुए वेर्नोन फिलैंडर और केशव महाराज ने आखिर में जीत के लिए भारत का इंतजार लंबा कराने की कोशिश की लेकिन तेज गेंदबाज उमेश यादव ने 67वें ओवर में फिलैंडर (37) और कैगिसो रबाडा (चार) को पवेलियन भेजा। इसके अगले ओवर में रविंद्र जडेजा ने दूसरी ही गेंद पर महाराज (22) को पगबाधा आउट किया। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला गेंदबाज के पक्ष में रहा। पहली पारी में 275 रन बनाने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम दूसरी पारी में 189 रन पर आउट हो गई। भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 601 रन (घोषित) की थी। दक्षिण अफ्रीका का शीर्षक्रम दूसरी पारी में भी नाकाम रहा। भारत के लिए जडेजा ने 21 . 2 ओवर में 52 रन देकर तीन, यादव ने आठ ओवर में 22 रन देकर तीन और रविचंद्रन अश्विन ने 21 ओवर में 45 रन देकर दो विकेट लिए। मोहम्मद शमी और ईशांत शर्मा को एक एक विकेट मिला। लंच के बाद रविंद्र जडेजा ने क्विंटोन डिकाक (पांच) और तेम्बा बावुमा (38) को आउट किया। वहीं मोहम्मद शमी ने सेनुरान मुथुस्वामी (नौ) को पवेलियन भेजा। सुबह के सत्र में डीन एल्गर ने 72 गेंद में 48 रन बनाकर अकेले किला लड़ाने की कोशिश की लेकिन रविचंद्रन अश्विन ने उन्हें पवेलियन भेजा। अश्विन आठ ओवर में आठ रन देकर दो विकेट ले चुके हैं। पहली पारी में विकेट नहीं ले सके ईशांत शर्मा ने दूसरी ही गेंद पर एडेन मार्कराम (0) को पवेलियन भेजा। दूसरे छोर पर खड़े एल्गर से लंबी बातचीत के बाद मार्कराम ने रिव्यू नहीं लिया हालांकि टीवी रिप्ले से जाहिर था कि गेंद लेग स्टम्प के बाहर से जा रही थी। पहली पारी में भी शानदार कैच लपकने वाले विकेटकीपर रिधिमान साहा ने थ्यूनिस डि ब्रून का एक और दर्शनीय कैच लपका। एल्गर और कप्तान फाफ डु प्लेसी (54 गेंद में पांच रन) ने 49 रन जोड़े। डु प्लेसी को अश्विन ने आफ ब्रेक पर आउट किया। वहीं एल्गर ने मिडआफ पर खड़े उमेश यादव को कैच थमाया।



जीत के बाद भारत की टीम




### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : पांच विकेट पर 601 रन (घोषित), दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 275 रन, दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : फालोआन खेलते हुए ,एडेन मार्कराम पगबाधा बो ईशांत 0, डीन एल्गर का यादव बो अश्विन 48, थ्यूनिस डि ब्रून का साहा बो यादव 8,फाफ डु प्लेसी का साहा बो अश्विन 5, तेम्बा बावुमा का रहाणे बो जडेजा 38, क्विंटोन डिकाक बो जडेजा 5,सेनुरान मुथुस्वामी का रोहित बो शमी 9, वेर्नोन फिलैंडर का साहा बो यादव 37, केशव महाराज पगबाधा बो जडेजा 22, कैगिसो रबाडा का रोहित बो यादव 4, एनरिच नोर्जे नाबाद 0, **अतिरिक्त** : 13 रन, **कुल योग** : 67 . 2 ओवर में 189 रन, **विकेट पतन** : 1-0, 2-21, 3-70, 4-71, 5-79, 6-125, 7-129, 8-185, 9-189, **गेंदबाजी** : ईशांत 5-2-17-1,उमेश 8-3-22-3, शमी 9-2-34-1, अश्विन 21-6-45-2, जडेजा 21.2- 4 -52-3, रोहित 2-0 -4-0, कोहली 1-0-4-0

## रांची टेस्ट के लिए महाराज की जगह लिंडे दक्षिण अफ्रीकी टीम में



**पुणे।** बाएं हाथ के स्पिनर जार्ज लिंडे को चोटिल केशव महाराज की जगह भारत के खिलाफ शनिवार से रांची में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की विज्ञप्ति के अनुसार महाराज दूसरे मैच के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गए थे और उनके दाएं कंधे में चोट लगी है। एमआरआई परीक्षण से पता चला कि वह अंतिम मैच के लिए फिट नही हो पाएंगे। टीम के चिकित्सक रामजी हर्शेंद्र ने कहा, एमआरआई स्कैन से पता चला कि केशव के दाएं कंधे में चोट लगी है और उन्हें पट्टी बांधकर बल्लेबाजी करनी पड़ी। उन्होंने कहा, उनका आज सुबह फिर से परीक्षण किया गया और वह भी सहज महसूस नही कर रहे है। इसके बाद चिकित्सा दल को लगा कि वह अगले मैच तक फिट नही हो पाएंगे। उन्हें वापसी करने में दो से तीन सप्ताह का समय लग सकता है।

## अमेरिका की कोको गॉफ को आस्ट्रिया ओपन का खिताब

**लिंज (आस्ट्रिया)।** अमेरिकी किशोरी कोको गॉफ ने रविवार को यहां अपर आस्ट्रिया लेडीज टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे एलेना ओस्टापेंको को हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता। विबंलडन के चौथे और यूएस ओपन के तीसरे दौर मे पहुंचने वाली 15 वर्षीय किशोरी गॉफ ने ओस्टापेंको को 6-3,I-6, 6-2 से हराया। गॉफ ने दूसरा सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की। उन्होंने निर्णायक सेट में 5-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद उन्होंने अपनी दो सर्विस गंवाई लेकिन आखिर मे जीत दर्ज करने मे सफल रही।

## पेस ने टीपीएल नीलामी में युवाओं पर लगाया दांव

**मुंबई।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और मुंबई लियोन आर्मी टीम के सह मालिक लिएंडर पेस और कोच सुखवंत बसरा ने दूसरे टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) की नीलामी में रविवार को युवा खिलाड़ियों निक्की पूनाचा और आर्यन गोवियास को क्रमशः 2.25 और 1.25 लाख रुपए में खरीदा। निक्की ने पिछले सप्ताह आर्यन को हराकर फेनेस्टा नेशनल्स का खिताब जीता था। युवा खिलाड़ियों में जहां टीमों ने दिलचस्पी दिखाई वही टीमों में देश के चोटी के खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धा देखी गई। पुरूष वर्ग में साकेत मयनेनी (दिल्ली बिन्नी ब्रिगेड), सोमदेव देववर्मन (गुजरात पैथर्स), विष्णु वर्धन (बेंगलुरु हॉक्स), जीवन नेदुचेझियन (पंजाब बुल्स) और पुरव राजा (पुणे वारियर्स) को समान कीमत 2.25 लाख रुपए में खरीदा गया। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार अंकिता रैना (दिल्ली बिन्नी ब्रिगेड), प्रांजला एदलापल्ली (पंजाब बुल्स), महक जैन (गुजरात पैथर्स) और रुतुजा भोंसले (पुणे वारियर्स) में से प्रत्एक 1.5 लाख रुपए में विभिन्न टीमों से जुड़ी। टीपीएल का दूसरा टूर्नामेंट 12 से 15 दिसंबर के बीच खेला जाएगा जिसमें आठ . आठ खिलाड़ियों की आठ टीमें भाग लेंगी।

# ढिलाई नहीं बरतेंगे, श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने उतरेंगे : कोहली



एजेंसी। पुणे

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका को आगाह करते हुए रविवार को कहा कि उनकी टीम श्रृंखला में आगे ढिलाई नहीं बरतेगी और रांची में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करके क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी। भारत ने दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 137 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। कोहली ने मैच के बाद कहा, टेस्ट चैंपियनशिप पर गौर करने पर हर मैच महत्वपूर्ण बन गया है चाहे वह स्वदेश में हो या विदेश में। प्रारूप ऐसा ही है। इसलिए हम तीसरे टेस्ट मैच में भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेंगे। कोई भी किसी भी समय ढिलाई नहीं बरतेगा। हम तीसरे टेस्ट में भी जीत के लिए उतरेंगे और उम्मीद है कि 3-0 से श्रृंखला जीतेंगे। उप कप्तान अंजिक्य रहाणे के साथ चौथे विकेट के लिए 178 रन की साझेदारी के बारे में कोहली ने कहा, मैं जिंक्स (रहाणे) के साथ बल्लेबाजी का वास्तव में लुत्फ उठाता हूं। हम जब साझेदारी निभाते हैं तो हम मैच को आगे ले जाते हैं। आपको सुबह नई गेंद का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। जब परिस्थितियां मुश्किल थी तब हमने अच्छा खेल दिखाया। जब भी मैंने गलत किया उसने मुझे बताया और इसी तरह से मैं उसे बताता रहा। कोहली ने ऋद्धिमान साहा के बारे में कहा, वह विशाखापत्तनम में वापसी करने पर थोड़ा नर्वस था लेकिन इस मैच में उसने शानदार विकेटकीपिंग की। अश्विन ने भी शानदार वापसी की। जब हमने टीम के रूप में शुरुआत की तो हमारी टेस्ट रैंकिंग सात थी। हमारे पास आगे बढ़ना ही एकमात्र रास्ता था। हमने कुछ चीजें तय की और प्रत्एक को कड़ी मेहनत और अभ्यास करने के लिए कहा। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास पिछले तीन चार साल से खिलाड़ियों का एक अच्छा समूह है। सभी खिलाड़ियों में लगातार सुधार के लिए भूख और जुनून देखकर अच्छा लगता है। दक्षिण अफ्रीकी कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने स्वीकार किया कि भारत श्रृंखला जीतने का हकदार था। उन्हें स्वदेश में हराना बेहद मुश्किल है और रिकार्ड इसका गवाह है। हम जानते हैं कि उप महाद्वीप में आपकी पहली पारी महत्वपूर्ण होती है। अच्छे स्कोर से आपकी संभावना बन जाती है। लेकिन जिस तरह से भारत ने बल्लेबाजी की विशेषकर विराट का दोहरा शतक। इसके लिए काफी मानसिक मजबूती चाहिए। दो दिन तक मैदान पर क्षेत्ररक्षण करने से आप थक सकते हो। विशेष दूसरे दिन शाम को बल्लेबाज मानसिक रूप से कमजोर थे। टेस्ट मैच में स्पिनर के बजाय अतिरिक्त तेज गेंदबाज उतारने के बारे में उन्होंने कहा, इस पिच के लिहाज से यह सही फैसला था। वर्नोन फिलैंडर और कैगिसो रबादा ने पहले कुछ दबाव बनाया लेकिन हमें एक और गेंदबाज की जरूरत थी जो दबाव बना सके। एक युवा तेज गेंदबाज (एनरिच नोर्जे) जो पदार्पण कर रहा हो उससे यह बहुत उम्मीद लगाना अनुचित है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी की।

## राष्ट्रीय टीम में आने के लिए युवाओं को हमसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा : उमेश

**पुणे।** तेज गेंदबाज उमेश यादव का मानना है कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन युवाओं को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें वर्तमान टीम के सदस्यों ने बेहतर प्रदर्शन करना होगा। विदर्भ के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि वर्तमान टीम में शामिल खिलाड़ियों ने पिछले वर्षों में बहुत अनुभव हासिल किया है और भावी खिलाड़ियों के लिए मानदंड स्थापित किए हैं। उमेश ने मैच के बाद कहा, इस टीम में सात से आठ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने 40 से अधिक टेस्ट मैच खेले हैं। इसलिए जब देखते हैं कि सीनियर ने कितने कड़े मानदंड स्थापित किए हैं तो उनके लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना आसान नहीं होता है। वे जानते हैं कि टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें हमसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उमेश ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में छह विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह की वापसी के बाद वह चौथी पसंद के तेज गेंदबाज हो जाएंगे। उन्होंने कहा, यह मेरे हाथ में नहीं है। मैं यह नहीं कह सकता कि मैं सभी टेस्ट मैचों में खेलूंगा। सभी गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और हर किसी को किसी ने किसी मुकाम पर मौका मिलेगा। मैं इसके लिए तैयार हूं और मैंने खुद को मानसिक तौर पर इसी तरह से तैयार किया है। उमेश ने कहा, जब मैं वेस्टइंडीज में नहीं खेला तो चयनकर्ताओं ने दक्षिण अफ्रीका ए श्रृंखला के लिए मुझे भारत ए टीम में शामिल किया। लेकिन जब वनडे और टी20 को खेले हुए लंबा समय बीत गया तो मैंने चयनकर्ताओं से कहा कि जो भी मैच हो उसमें मुझे मौका दें क्योंकि मेरे लिए मैच अभ्यास महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आपको अचानक ही कोई मैच खेलना पड़ता है, यह तेज गेंदबाज के लिए मुश्किल हो सकता है। उमेश ने कहा कि सभी गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका को फालोआन देने के पक्ष में थे। उन्होंने कहा, हमने छोटे छोटे स्पेल में गेंदबाजी की और हमें थकान नहीं लगी। सभी गेंदबाजों ने कहा कि हम गेंदबाजी करके जल्द से जल्द से मैच का परिणाम हासिल करना चाहते हैं। हम आराम नहीं चाहते थे। हम नहीं चाहते थे कि बल्लेबाज कुछ समय तक मैच को आगे खींचें। उमेश ने खुशी जताई कि सपाट पिच पर टीम प्रबंधन ने पांच गेंदबाजों को उतारने का फैसला किया। विकेट में उछाल थी लेकिन तेजी नहीं। हमें तेजी के लिए गेंद को जोर से पिच कराना पड़ रहा था। तेज गेंदबाज अपनी पूरी ताकत से तीन ओवर करेंगे और फिर स्पिनर आएंगे, यह अच्छा विचार था। हम जैसा चाहते थे हमने वैसा ही किया।




## शानदार कैच के लिए साहा की पार्टी तो बनती है

**पुणे।** तेज गेंदबाज उमेश यादव ने कहा कि उनकी तरफ से ऋद्धिमान साहा के लिए पार्टी बनती है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान इस विकेटकीपर ने लेग साइड पर दो शानदार कैच लिए जबकि चूकने पर वे सीमा रेखा पार चार रन के लिए जा सकते थे। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उनके पहले दो विकेट का पूरा श्रेय साहा को जाता है जिन्होने विकेट के पीछे बेहतरीन प्रदर्शन किया। उमेश ने मैच के बाद, मेरा मानना है कि मुझे उन्हें लेग साइड के उनके विकेट और उस पहले कैच के लिए उन्हे (साहा) पार्टी देनी चाहिए। मुझे लगता है कि वे दो विकेट असल में ऋद्धि भाई के विकेट थे। साहा ने बेहतरीन विकेटकीपिग की। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी मे तीसरे दिन उन्होने थेनिस डि ब्रूएन का पहली स्लिप में बेहतरीन कैच लिया जबकिचौथे दिन साहा ने उमेश की गेंदों पर लेग साइड मे दो शानदार कैच लेकर डि ब्रूएन और वर्नोन फिलैडर को आउट किया। उमेश ने साहा के बारे मे कहा, जब आप लेग स्टंप के बाद गेद पिच कराते हो तो आपको लगता है कि यह बाउंड्री चली जाएगी लेकिन अगर कैच लेने की थोड़ी भी संभावना होती है तो हम जानते है कि वह ले लेगा। साहा ने पीठ दर्द से उबरने के बाद एक साल से भी अधिक समय बाद टीम मे वापसी की है। उन्होने कहा कि नेट्स पर अच्छे तेज गेंदबाजों के सामने विकेटकीपिग करने से उनके लिए मैच के दौरान स्थितियां आसान हो जाती है। साहा ने कहा, तीनो तेज गेंदबाजो उमेश, इशांत (शर्मा) और (मोहम्मद) शमी की गेद घूम रही थी। हम ने इसके लिए अभ्यास किया था। लेकिन आपको मैच मे इसको अमली जामा पहनाना होता है।

# फाइनल में पाल्सेवा से हारी मंजू रानी




● विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण से चूकीं

एजेंसी। उलान उदे

भारतीय मुक्केबाज मंजू रानी को महिला विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में मिली पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा की इस मुक्केबाज को लाइट फ्लायवेट (48 किलो) वर्ग के फाइनल में रूस की एकातेरिना पाल्सेवा ने 4-1 से हराया। शनिवार को 20 बरस की होने जा रही रानी फाइनल में एकमात्र भारतीय थी। इससे पहले छह बार की चैम्पियन एम सी मेरीकोम (51 किलो), जमुना बोरो (54 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बोरगोहेन का यह लगातार दूसरा कांस्य पदक था।

रानी और उनकी प्रतिद्वंद्वी ने पहले दौर से ही आक्रामक खेल दिखाया। पहले तीन मिनट में रूसी मुक्केबाज ने दमदार मुक्के लगाए। दूसरे दौर में रानी ने अच्छे जवाबी हमले किए और स्थानीय मुक्केबाज पर भारी पड़ी। आखिरी तीन मिनट में दोनों ने संभलकर खेला। रूसी मुक्केबाज को बेहतर रिफ्लैक्सेस के कारण विजेता घोषित किया गया। रानी ने इस साल पंजाब के लिए राष्ट्रीय खिताब जीतकर राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाई थी। उसने इस साल पहली बार स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट खेलते हुए रजत पदक जीता। रोहतक के रिठाल फोगाट गांव की रहने वाली रानी के पिता सीमा सुरक्षा बल में अधिकारी थे जिनका कैंसर के कारण 2010 में निधन हो गया था।

## खुद की पहचान बनाने के जज्बे ने मंजू रानी को सफल बनाया

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मंजू रानी को खुद की पहचान बनाने की ललक ने मुक्केबाजी दस्ताने पहनने को प्रेरित किया और रिंग मे उतरने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नही देखा। पहली बार महिला विश्व चैम्पियनशिप मे भाग लेने वाली उन्नीस साल की मंजू को रविवार को उलान उदे मे हुए फाइनल मे पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। गृह राज्य हरियाणा से मौका नही मिलने पर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मे पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली मंजू विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय थी। इससे पहले छह बार की चैम्पियन एम सी मेरीकोम (51 किलो), जमुना बोरो (54 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बोरगोहेन का यह लगातार दूसरा कांस्य पदक था। शनिवार को 20 बरस की होने जा रही मंजू ने पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे यह जन्मदिन का समय से पहले मिलने वाले तोहफे की तरह है। रोहतक के रिठाल फोगाट गांव की रहने वाली मंजू के लिए चीजें इतनी आसान नही थी। सीमा सुरक्षा बल मे अधिकारी के पद पर तैनात उनके पिता का कैंसर के कारण 2010 मे निधन हो गया था। इसके बाद उनकी मां इशवंती देवी ने उनके चार भाई-बहनो का लालन पालन किया। मंजू ने कहा, मैंने करियर की शुरुआत कबड्डी खिलाड़ी के तौर पर की थी लेकिन वह टीम खेल है। मुक्केबाजी ने मुझे आकर्षित किया क्योंकि यह व्यक्तिगत खेल है। यहां जीत का श्रेय सिर्फ आपको मिलता है। मां ने कैरियर चयन के मामले में मेरा पूरा समर्थन किया। उन्होंने हर समय मेरा साथ दिया। मंजू को ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह और एम सी मेरीकोम से प्रेरणा मिलती है। विजेन्द्र भईया और मेरीकोम दीदी ने कई लोगो को प्रेरित किया है और मै भी उनमे से एक हूं। उनकी उपलब्धियो को देखकर आपको और मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। मै उनके खेल को देखती थी और फिर इससे जुड़ने के बारे में सोचा। मंजू ने इस मौके पर आपने चाचा साहेब सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा वह उनके कारण ही आक्रामक मुक्केबाज बनी। मजेदार बात यह है कि वह (साहेब सिंह) मुक्केबाजी के बारे में ज्यादा कुछ नही जानते थे। ऐसे मे मुझे सिखाने के लिए वह पहने खुद सीखते थे। लेकिन इस खेल का सीखना मेरे लिए अच्छा रहा। उन्होंने बताया कि खेल को सीखने के बाद उन्हें मौके की तलाश थी और हरियाणा से मौका नही मिलने पर उन्होंने कही और से खेलने का फैसला किया। मैंने पंजाब विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया और प्रतियोगिता मे भाग लेना शुरू किया। राज्य टीम मे जगह बनाने के बाद राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मे जगह पक्की की और जनवरी मे भारतीय शिविर का हिस्सा बनी। उन्होंने इस साल पहली बार स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट खेलते हुए रजत पदक जीता।

# संजय के दो गोल, भारत की जीत

● सुल्तान जोहोर कप :न्यूजीलैंड को 8-2 से रौंदा

एजेंसी। जोहोर बाहरू

संजय के दो गोल तथा अन्य खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय जूनियर हाकी टीम ने सुल्तान जोहोर कप में रविवार को यहां न्यूजीलैंड पर 8-2 से बड़ी जीत दर्ज की। संजय ने 17वें और 22वें गोल किए। उनके अलावा दिलप्रीत सिंह (छठे मिनट), शैलानंद लाखड़ा (14वें), मनदीप मोर (22वें), सुमन बेक (45वें) प्रताप लाकड़ा (50वें) और सुदीप चिरमाको (51वें मिनट) ने भी गोल दागे। न्यूजीलैंड की तरफ से दोनों गोल डायलन थामस (28वें और 44वें मिनट) ने किए। भारत की यह टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। राउंड रोबिन टूर्नामेंट में उसका अगला मुकाबला मंगलवार को जापान से होगा। भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्राम रवैया अपनाया। उसे दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन न्यूजीलैंड ने उसे बचा दिया लेकिन दिलप्रीत सिंह ने जल्द ही मैदानी गोल करके भारत का खाता खोल दिया। इसके बाद भी भारतीय टीम ने दबाव बनाए रखा और इसका फायदा उठाकर शैलानंद ने 14वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर के शुरू में ही तीसरो गोल भी दाग दिया। न्यूजीलैंड ने इसके तुरंत बाद पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षकों के सामने उसकी एक नहीं चली। कप्तान मनदीप मोर ने 20वें मिनट में चौथा गोल किया। इसके दो मिनट बाद भारत को पेनल्टी कार्नर मिला जिसे संजय ने गोल में बदला। थामस ने आखिर में न्यूजीलैंड का खाता खोला लेकिन भारतीय टीम मध्यांतर तक 5- । की बढ़त से शानदार स्थिति में थी। न्यूजीलैंड ने तीसरे क्वार्टर में कुछ अच्छे प्रयास किए और थामस ने एक और गोल करके अंतर कम कर दिया। भारत ने हालांकि जवाबी हमला करके अगले ही मिनट में फिर से एक और गोल दाग दिया। भारत को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक भी मिला लेकिन न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने उसे रोक दिया लेकिन वह उत्तम सिंह और सुदीप को गोल करने से नहीं रोक पाए।



# उत्तराखंड ने सिक्किम को 253 रन से रौंदा

● विजय हजारे वनडे ट्रॉफी

एजेंसी। देहरादून



●सन्नी राणा ने 26 रन देकर पांच विकेट हासिल किए



●उन्मुक्त ने 54 रन जोड़े, शीर्ष पर पहुंची टीम

तेज गेंदबाज सन्नी राणा (पांच विकेट पर 26 रन) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर उत्तराखंड ने विजय हजारे एकदिवसीय टूर्नामेंट के प्लेट ग्रुप के मुकाबले में रविवार को यहां सिक्किम को 52 रन पर आउट कर 253 रन की बड़ी जीत दर्ज की। सिक्किम के लिए 306 रन का लक्ष्य काफी बड़ा साबित हुआ जिसका पीछा करते हुए पूरी टीम महज 21.1 ओवर में ही पवेलियन लौट गई। राणा को मयंक मिश्रा (दो रन पर दो विकेट) और प्रदीप चमोली (15 रन पर दो विकेट) का भी अच्छा साथ मिला। इस जीत के साथ ही उत्तराखंड के 26 अंक हो गए है और टीम प्लेट ग्रुप की तालिका पुड्डुचेरी से दो अंक की बढ़त के साथ में शीर्ष पर पहुंच गई है। पुड्डुचेरी ने हालांकि एक मैच कम खेला है। इससे पहले कप्तान उन्मुक्त चंद और करण कौशल ने पहले विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी कर उत्तराखंड को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने 54-54 रन बनाए। अवनीश सुधा (69) और तन्मय श्रीवास्तव (53) ने भी चौथे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। ग्रुप के दूसरे मुकाबले में असम ने अरूणाचल प्रदेश को 10 विकेट से हराया। रियान पराग के चार और प्रितम दास के तीन विकेट से असम ने अरुणाचल प्रदेश की पारी को 40.1 ओवर में 112 रन पर समेट दिया। असम ने बिना किसी नुकसान के 14.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। पल्लवकुमार दास ने नाबाद 76 रन बनाए। मणिपुर ने ग्रुप के तीसरे मुकाबले में मिजोरम को नौ रन से पराजित किया।

## महाराष्ट्र ने हिमाचल को तीन विकेट से हराया



अजीम काजी

**वडोदरा।** अजीम काजी के अर्धशतक की मदद से महाराष्ट्र ने विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में रविवार को यहां हिमाचल प्रदेश पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। महाराष्ट्र के सामने 202 रन का लक्ष्य था लेकिन उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया। ऐसे समय में अजीम ने 82 गेंदों पर 84 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने नौशाद शेख (36) के साथ 109 रन की साझेदारी की। इससे पहले हिमाचल प्रदेश की टीम नौ विकेट पर 201 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अमित कुमार ने सर्वाधिक 62 रन बनाए। महाराष्ट्र के लिए समद फल्लाह, निकित धूमल और अजीम ने दो-दो विकेट लिए।

# खेल मंत्रालय ने दिल्ली के चार स्टेडियम सभी के लिए खोले

एजेंसी। नई दिल्ली



एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए खेल मंत्रालय ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज समेत दिल्ली के चार स्टेडियम बिना किसी शुल्क के सभी महासंघों और खिलाड़ियों के लिए एक नवंबर से खोलने का फैसला किया है। यह फैसला फिट इंडिया आंदोलन को बढ़ावा देने और देश भर में खिलाड़ियों को खेल के मैदान और बुनियादी ढांचा मुहैया कराने की कवायद में लिया गया है। पहले चरण में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम और कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज राज्य और खेल महासंघों के लिए प्रतिस्पर्धाएं और लीग आयोजित कराने के लिए उपलब्ध होंगी। नेहरू स्टेडियम में फुटबाल लीग होती आई है जबकि आई जी स्टेडियम में कुश्ती, मुक्केबाजी , जूडो और बैडमिंटन खेला जाता रहा है। नेशनल स्टेडियम में हाकी और तैराकी स्पर्धाएं होती है जबकि कर्णी सिंह रेंज निशानेबाजी के लिए है। खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने इस बारे में कहा , मंत्रालय के पास खेलों का सर्वश्रेष्ठ बुनियादी ढांचा है। देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी इरादे से हमने मौजूदा खेल बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल अगले तीन महीने में तीन गुना बढाने का फैसला किया है। उम्मीद है कि इससे न सिर्फ फिटनेस को बढ़ावा मिलेगा बल्कि युवा भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित होंगे। मंत्रालय के सूत्र ने बताया कि बिजली का शुल्क उपयोग के आधार पर महासंघ को देना होगा। वैसे प्रतिस्पर्धा राष्ट्रीय स्तर की होने पर भारतीय खेल प्राधिकरण भी खर्च उठा सकता है। नई नीति के तहत साइ से बाहर के कोच भी अपने छात्रों को निशुल्क इन स्टेडियमों में प्रशिक्षण दे सकेंगे बशर्ते उनके पास कम से कम दस छात्र हों। कोच आनलाइन अभ्यास सत्र बुक कर सकते है। कोच अपने छात्रों से अभ्यास शुल्क ले सकता है।

# राष्ट्रीय हाकी शिविर के लिए 22 खिलाड़ियों का चयन

● एक और दो नवंबर को भुवनेश्वर में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर तैयारी

एजेंसी। नई दिल्ली

हाकी इंडिया ने एक और दो नवंबर को भुवनेश्वर में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर से पहले पुरूष हाकी टीम के राष्ट्रीय शिविर के लिए 22 खिलाड़ियों का चयन किया। खलाड़ी सोमवार से कलिंगा स्टेडियम पर लगने वाले शिविर में मुख्य कोच ग्राहम रीड को रिपोर्ट करेंगे। भारतीय टीम हाल ही में बेल्जियम के सफल दौरे से लौटी है जहां उसने मेजबान को तीन और स्पेन को दो मैचों में हराया।



भारत को अगले महीने तोक्यो ओलंपिक क्वालीफायर में रूस से खेलना है। रीड ने एक बयान में कहा , बेल्जियम दौरे से टीम का आत्मविश्वास बढा है। इस दौरे से काफी कुछ सीखा जिसका फायदा क्वालीफायर में मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह अच्छा दौरा था जिसमें हम पेनल्टी कार्नर के अलावा फील्ड गोल करने में भी कामयाब रहे। बेल्जियम और स्पेन जैसी उम्दा टीमों के खिलाफ खेलने से आत्मविश्वास बढा है। हम इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। **टीम : पी आर श्रीजेश, कृष्णन पाठक, हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुरेंदर कुमार, बीरेंद्र लाकड़ा, रूपिंदर पाल सिंह, गुरिंदर सिंह, अमित रोहिदास, कोथाजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, विवेक सागर प्रसाद, सिमरनजीत सिंह, आकाशदीप सिंह, रमनदीप सिंह, एस वी सुनील, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरसाहिबजीत सिंह , शमशेर सिंह।**

# ज्वेरेव को हराकर मेदवेदेव बने शंघाई मास्टर्स विजेता

एजेंसी। शंघाई

शानदार लय में चल रहे रूस के दानिल मेदवेदेव ने शंघाई मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव को एकतरफा मुकाबले में हराकर साल का चौथा खिताब जीता। लगातार छठे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे 23 साल के इस खिलाड़ी ने 74 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के खिलाड़ी को 6-4, 6-1 से हराया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज मेदवेदेव के लिए 22 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ पिछले पांच मुकाबलों में यह पहली जीत है। ज्वेरेव ने नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर जैसे दिग्गजों को हराकर फाइनल में जगह पक्की की थी।



# छात्रों ने फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर किया क्वालीफाई

संवाददाता। अंबेडकरनगर



शिक्षण संस्थान तक्षशिला एकेडमी ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए प्रयागराज में चल रहे क्लस्टर प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर क्वालीफाई कर जिले का मान बढ़ाया। मुकाबले के प्रथम राउंड में 8-0 से सनबीम मिर्जापुर, द्वितीय राउंड में 1-0 से खेल गांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज एवं तृतीय राउंड में दयावती मोदी पब्लिक स्कूल वाराणसी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में 5-0 से प्रेस सेंट कॉन्वेंट स्कूल दिलदारनगर को हराया। सेमीफाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल गोरखपुर को 2-1 से हराकर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया। टीम के कोच जितेंद्र कुमार एवं मुकेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि समाज में रहने वाले ये वही छात्र हैं जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर हैं जिनको प्रबंधक रितेश पांडेय जी ने अपने विद्यालय में निशुल्क शिक्षा एवं खेल प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। इसी कड़ी में विद्यालय की मुस्कान गुप्ता ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिफाई कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य वैभव वांटू ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भारत को सैफ अंडर-15 महिला फुटबाल में बांग्लादेश ने ड्रा पर रोका

**थिम्पू।** भारतीय अंडर-15 महिला फुटबाल टीम को सैफ चैम्पियनशिप के आखिरी लीग मुकाबले में रविवार को यहां बांग्लादेश ने 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। अमिशा बाक्स्ला ने 24वें मिनट में गोलकर भारत को बढ़त दिला दी थी लेकिन टीम इस बढ़त को दो मिनट तक ही बरकरार रख पाई। बांग्लादेश की सपना रानी के 26वें मिनट में किए गए गोल से स्कोर 1-1 हो गया। इसके बाद दोनों टीम को गोल करने का मौके मिले लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। दोनों टीमें हालांकि पहले ही मंगलवार को खेले जाने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। इस मुकाबले के ड्रा होने के बाद दोनों टीमों के एक समान सात अंक है। बेहतर गोल अंतर के कारण भारतीय टीम शीर्ष पर है।

# बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले के लिए भारतीय टीम कोलकाता पहुंची

## विश्व कप क्वालीफायर में दबाव भारत पर होगा: बांग्लादेश गोलकीपर कोच

**कोलकाता।** बांग्लादेश के गोलकीपिंग कोच बाबी मिमंस ने रविवार को यहां कहा कि विश्व कप क्वालीफायर के मंगलवार को यहां खेले जाने वाले ग्रुप ई के मुकाबले में भारतीय टीम पर दबाव होगा क्योंकि वे अपने घरेलू मैदान पर खेलेंगे। फीफा विश्व रैंकिंग में 104वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम बांग्लादेश से 83 स्थान आगे है। ग्रुप ई से क्वालीफाई करने के उम्मीदों को बनाए रखने के लिए भारतीय टीम को इस मुकाबले को जीतना होगा। मिमंस ने कहा, भारतीय टीम पर ज्यादा दबाव होगा क्योंकि वे दर्शकों से खचाखच भरे घरेलू मैदान में खेलेंगे। अगर भारतीय टीम हारती है तो यह बड़ा उलटफेर होगा। उन्हें (भारतीय टीम) इस बात का एहसास है इसलिए वे काफी दबाव में होंगे। हमारे लिए काफी प्रेरणा देने वाला होगा क्योंकि जब आप कोलकाता में खेलने के लिए आते है तो साल्टलेक स्टेडियम दर्शकों से भरा होगा। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छत्री को रोकने की योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमें अपनी खेल योजना पर बने रहना होगा और उम्मीद करनी होगी कि हर खतरे को कम कर सकें।



गोलकीपर गुरजीत संधू

एजेंसी। कोलकाता



अभ्यास करते हुए भारतीय टीम के सदस्य

बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को साल्टलेक स्टेडियम में होने वाले विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले के लिए मुख्य कोच इगोर स्टिमक के नेतृत्व में 23 सदस्यीय भारतीय फुटबाल टीम रविवार को यहां पहुंची। भारतीय टीम आठ साल के लंबे अंतराल के बाद यहां कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी। मैच को लेकर लोगों में जबरदस्त दिलचस्पी है जो टिकटों की बिक्री में भी दिख रहा है। भारतीय मिडफिल्डर उदांता सिंह ने कहा, यह शानदार है। कोलकाता में भव्य स्वागत हुआ है। अब हमारी बारी है। चलिए साथ मिलकर कोलकाता में कोलकाता के लिए जीतते है। एशियाई चैम्पियन कतर को गोलरहित ड्रा पर रोकने के बाद भारतीय टीम का मनोबल काफी ऊंचा है। टीम के मुख्य को स्टिमक ने कहा, हमें सेट-पीस , संयोजन और सर्वश्रेष्ठ 11 खिलाड़ियों को चुनने पर काम करना होगा। पूरी टीम रोमांचित है। इस शानदार स्वागत के लिए कोलकाता को धन्यवाद किया।

# मैकवेल हॉस्पिटल ने जीता उद्घाटन मैच

●शर्मिला नियोगी 'टी-20 कॉर्पोरेट कप 2019 का सी.एस.डी. सहारा क्रिकेट एकेडमी में शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी, बख्शी का तालाब के तत्वावधान में शर्मिला नियोगी 'टी-20 कॉर्पोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता' का शुभारम्भ सहारा इंडिया परिवार की वाइस चेयरमैन श्रीमती स्वप्ना रॉय ने किया। प्रतियोगिता में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, मैक्वेल हॉस्पिटल, वोडाफ़ोन, डी.एच.ई.एल., लखनऊ टाइटन, बड़ौदा उप्र ग्रामीण बैंक, तूलिका आर्ट्स स्टूडियो और अपना वर्ल्ड जैसी कॉर्पोरेट जगत की टीमें भाग ले रही हैं। दो माह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 17 दिसम्बर, को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में देश के कई नामी क्रिकेट खिलाड़ियों का भी प्रदर्शन देखने को मिलेगा, जिसमें पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडे, कामरान खान प्रमुख हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच मैकवेल हॉस्पिटल एवं बड़ौदा उप्र ग्रामीण बैंक के मध्य खेला गया, जिसमें मैकवेल हॉस्पिटल ने 92 रन से अपनी जीत दर्ज की। इस अवसर पर सहारा इंडिया परिवार के अशोक रॉय चौधरी, श्रीमती कुमकुम रॉय चौधरी,अनिल विक्रम सिंह, सुमित रॉय, सम्राट नियोगी, श्रीमती तृषा नियोगी, श्रीमती पुखराज नियोगी आदि उपस्थित रहे। सी.एस.डी. सहारा क्रिकेट अकादमी में आल राउंड प्रशिक्षण देने के लिए 14 पिचें हैं ताकि प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न पिच परिस्थितियों पर प्रैक्टिस मिल पाए। यहां 2 पूरी तरह कवर्ड व बॉक्स नेट युक्त इंडोर एस्ट्रो टर्फ़ 3 सेंटर टर्फ़ पिचें, 7 टर्फ़ व 2 सीमेंट वाली प्रैक्टिस पिचें हैं। इस एकेडमी में सिटिंग गैलरी युक्त पैवेलियन, इमरजेंसी केस के लिए इन्फ मर्री जहां फिजियोथेरेपिस्ट, फर्स्ट ऐड व एम्बुलेंस उपलब्ध होंगे। साथ ही ऑडियो विजुअल युक्त कॉन्फ्रेंस रूम, बॉलिंग मशीन व स्पीड गन होंगे ताकि वास्तविक खेल के मैदान की करीबी नकल तैयार की जा सके। कोच को प्रोग्रेस रिपोर्ट में सहायता हेतु वीडियो व टेक्निकल एनॉलिसिस सुविधाएं, प्रैक्टिस मैच और ऑल इंडिया टूर्नामेंट आदि भी होंगे। यह कैम्पस 24 घंटे सुरक्षा घेरे में है ताकि बाहरी तत्वों के खतरे का भय न रहे। भविष्य में एकेडमी में फ्लड लाइट सुविधा, चुनिंदा क्रिकेटिंग प्रतिभाओं के लिए छात्रवृत्ति व प्रशिक्षार्थियों को देश-विदेश में दौरें पर ले जाने की सुविधाएं भी होंगी ताकि खिलाड़ी देश की विभिन्न क्रिकेटिंग परिस्थितियों के अनुकूल खेल सकें।




## जेएनपीजी और क्रिश्चयन कालेज सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** सुंदरी देवी मेमोरियल इंटर पीजी कालेज क्रिकेट के क्वार्टर फाइनल में जेएनपीजी कालेज ने इस्लामिया कालेज को 134 रनों जबकि लखनऊ क्रिश्चयन कालेज ने मुमताज कालेज को 4 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। पहले में पहले खेलते हुए जेएनपीजी 192 रन बनाए। मैन आफ द मैच अरविंद ने 117 रन जोड़े। विकासदीप-41 व भूपेंद्र ने 21 रन बनाए। नसीम व आदिल ने 1-1 विकेट लिया।जवाब में उतरी इस्लामिया की टीम 58 रन पर ढेर हो गई। आदिल-22, नवील ने 16 रन जोड़े। सुरेंद्र ने 4 व विकास ने 3 विकेट प्राप्त किए। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुमताज कालेज ने 138 रन बनाए। मनीष-61, अरीब-15, मनीष व यश ने 12-12 रनों का सहयोग किया। जवाब में उतरी लखनऊ क्रिश्चियन कालेज ने रोहित-89, दानिश के 21 रन की मदद से लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक ने 5 विकेट चटकाए। मैन आफ द मैच रोहित रहे। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य जेएनपीजी कालेज एसडी शर्मा थे।

# ग्रामीण खेलों में बच्चों ने दिखाया दम



## ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

संवाददाता। करनैलगंज-गोंडा

**प्राथमिक** एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को सरयू डिग्री कॉलेज परिसर में किया गया। जिसमें न्याय पंचायत स्तर पर हुई प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक शिक्षा निदेशक व डायट प्राचार्य विनय मोहन वन ने फीता काटकर किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मॉडल स्कूल करनैलगंज व पूर्व माध्यमिक विद्यालय करनैलगंज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। इस ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में पहले हो चुके विद्यालय स्तर उसके बाद न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका दिया गया।

कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अलावा लोकगीत, उत्सव गीत, भजन, देशभक्ति गीत, शिक्षाप्रद नाटक एवं खेल में 100 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, गोला फेंक, डिस्कस फेंक, सुलेख, हिंदी लेखन, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, खो खो आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक शिक्षा निदेशक ने छात्र छात्राओं के लिए खेल के महत्व को रेखांकित करते हुए उनके सर्वांगीण विकास में ऐसे आयोजन कराए जाने पर बल दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद कोतवाल करनैलगंज राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आज हुए खेल की बदौलत थी इस मुकाम तक पहुंचे हैं। यह खेल प्रतियोगिता देर शाम तक चलती रही और खंड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह स्वयं की मौजूदगी में प्रतियोगिताओं का आयोजन वह निर्णय खुद करते रहे। संचालन श्याम नारायन पांडेय ने किया।

## खेलकूद15 व 16 को

**शाहजहांपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीमती वंदना सिंह ने 15 व 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाली मदरसा खेलकूद प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मदरसा प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अध्यापकों को स्पोर्ट्स स्टेडियम जरूर भेजें। निर्देश का पालन न करने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के मुख्य निर्णायक अनुदानित मदरसों के प्रधानाचार्य होंगे।

**Public Notice**

It is notified to General Public that our clients Sh. Sumit Kakkar, S/o Arun Kumar Kakkar, r/o T-1 Palika Nilay Building, RK Ashram Marg, Delhi-1 are purchasing a Built-up free hold property No. D-14-B first floor, Vijay Nagar Delhi-110009 without roof right consisting of ground floor, first floor & second floor admeasuring area 100 sq. yards without roof/ terrace rights situated at Vijay Nagar, New Delhi-110009 vide agreement to sell with Sh. Sh. Kiran Kumar, S/o Sh. late Shri Mool Chand. All persons claiming an interest in the said built up flat or plot or any part thereof by way of sale, gift, lease, inheritance, exchange, mortgage charge, lien, trust, possession, easement, attachment or otherwise howsoever are hereby required to make the same known to the undersigned at his office at:- 20, Old Market Ramesh Nagar, New Delhi-110015 within 15 days from the date hereof, failing which the said sale will be completed, without any reference to such claim and the same, if any, shall be considered as waived.

Saksham Bhayana (Advocate)
20, Old Market, Ramesh Nagar,
New Delhi-110015 # +91-9999904687




# इंटर्नशिपः सफलता की गाड़ी

**नीतिना दुआ कहते हैं कि इंटर्नशिप वो तरीका है कि बच्चे सीखते हैं कि व्यावहारिक उपयोग के साथ कक्षायी ज्ञान को कैसे संतुलित किया जाए। यह निजी विकास को प्रोत्साहित भी करता है और उन्हें बेहतर आजीविका चुनने में उनकी सहायता करता है-**

अच्छी शिक्षा के सार को बेंजामिन फ्रेंकलिन के कथन में सार संकलित किया जा सकता है: 'मुझे बताओ और मैं भूल जाता हूं और मैं याद रख सकता हूं, मुझे शामिल करो और मैं सीखता हूं।' इसीलिए सर्वोत्तम किस्म का शिक्षण हमेशा करने से आता है।

कक्षाओं में सैद्धांतिक शिक्षाओं से मन को पोषित करना केवल एक खास हद तक छात्र को प्रोत्साहित कर सकता है। उन्हें एक जिम्मेदार, दृढ़ व परिपक्व वयस्क में रूपांतरित करने, प्रतिस्पर्धी कार्यबलों में बदलने हेतु पूर्णतया तैयार करने तथा जीवन में किसी भी चुनौती से निपटने के लिए, उन्हें आसरायुक्त स्कूली परिवेश से बाहर निकलने तथा वास्तविक दुनिया में जाने की आवश्यकता है। 'स्कूल जो पुरस्कार देता है और दुनिया जो पुरस्कार देती है।' के बीच अत्यंत महीन रेखा होती है। जितनी जल्द हमारे बच्चे इसे सीख लेते हैं उतनी ही जल्द वे इसके लिए बेहतर तैयार हो जाते हैं।

इंटर्नशिप यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि बच्चे सीख रहे हैं कि व्यवहारिक उपयोग व अनुभवों के साथ क्लासरूम ज्ञान को कैसे संतुलित किया जाए। सही उम्र में सही इंटर्नशिप वैयक्तिक विकास को प्रोत्साहित करती है, स्वयं के बारे में बेहतर समझदारी प्रदान करती है, अपनी प्राथमिकताओं की पुनर्पड़ताल के जरिए बेहतर आजीविका विकल्प चुनने में सहायता करती है और यहां तक कि आदर्श तथा पेशेवर गुरुओं को तलाशने में भी सहायता कर सकती है।

## धीमी गति से भागें:

जीहां, दुनिया पहले से कहीं अधिक तेज गति से भाग रही है और प्रतियोगिता, जैसा कि वे कहते हैं, गलाकाटू है। लेकिन सफलता की राह पर आगे बढ़ने के लिए सीखना तेज करने की आवश्यकता नहीं है। ठहरने, विचार करने, मंथन करने व प्रयोग करने की प्रक्रिया समान रूप से लाजिमी है। वूका (वीयूसीए) यानी तीव्रता, अनिश्चितता, जटिलता व संशयता भरी दुनिया के बावजूद जिसमें कि हम आज रहते हैं, बदलाव को गले लगाने तथा अपने खुद के अनुभवों से सीखने के लिए वर्तमान में बने रहना अत्यावश्यक है। इंटर्नशिप एक ऐसा अनुभव है जो आपको समय के पार ले जाता है और फिर भी आपको अपने फैसलों को सुधारने का अवसर देता है, यदि आप विफल होते हैं।

## सुधार है दिशा :

शिक्षण प्रक्रिया के चरणों को गाह्यता, छांटने, रचने व ज्ञान को लागू करने के रूप में पहचाना जाता है। विभिन्न परिवेशों में ज्ञान को सीखने व लागू करने के उद्देश्य को बच्चों द्वारा बेहतर समझा जाना चाहिए। स्कूल में, हमें छात्र भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए जो विभिन्न स्थितियों में अपने बच्चों के काम को देखने में हमारी सहायता करेगी। इस तरह हम प्रत्येक बच्चे के लिए उपयोगी उपचार प्रदान कर सकते हैं। ईंटर्नशिप विभिन्न परिप्रेक्ष्यों में अपने ज्ञान लागू करने में छात्रों की सहायता करेगी जहां वे साझा उद्यम, आलोचनात्मक चिंतन, संप्रेषण, गतिविधियों व लक्ष्यों के बीच बेहतर परस्पर निर्भरता जैसी योग्यताओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित होंगे। यह शिक्षण एवं क्रियान्वयन के बीच खाई को भरने में उनकी सहायता करेगी। यह ज्ञान से अज्ञात की खोज करना है।

> “ एक ऐसा पाठ्यक्रम सूत्रबद्ध करने की अनिवार्य आवश्यकता है जो जीवन के लिए शिक्षा का लक्ष्य पूर्ण करता है और सभी अन्य लक्ष्यों को इस लक्ष्य के सहायक अवयवों के रूप में देखता है और इंटर्नशिप इसका एक घटक हो सकती है।



## इच्छा को साकार करना:

हर चीज में विशेषज्ञ एक समय आरंभकर्ता था। ईंटर्नशिप उन विभिन्न आजीविकाओं की झलक प्रदान करती है जो छात्र बनना चाहता है, इस तरह एक धीरे धीरे ईंधन जगत में बदलाव में आगे रहने तथा उसमें ढलने में उन्हें शुरुआती योग्यताएं देती है। यह स्पष्टता लाता है और सीखने व भुलाने की ढांचागत व गैरढांचागत प्रक्रिया के मिथक को तोड़ता है।

## सिद्धांत को व्यवहार में बदलना:

इंटर्नशिप का सबसे महत्वपूर्ण तत्व यह है कि ये कक्षा के ज्ञान तथा सिद्धांत को व्यवहारिक अमल के साथ तथा पेशेवर व सामुदायिक ढांचे में विकसित योग्यताओं को आपस में जोड़ती है। पेशेवर दायरे में उपयोगी होना एक अकाट्य अनुभव है। आखिरकार एक अवधारणा को सर्वोत्तम समझा जाता है जब इसका अमल होता है।

## उचित मेल :

क्षेत्र में अनुभव हासिल करने तथा जानकारी हासिल करने के अलावा, इंटर्नशिप यह देखने का अवसर भी प्रदान करती है कि उक्त आजीविका क्षेत्र बच्चे के लिए उचित है या नहीं। यह विकल्प तलाशने तथा चुनाव करने में भी उनकी सहायता करती है जिससे उन्हें एक समृद्धशाली कार्य जीवन जीने में सहायता मिलेगी।

## मार्गदर्शक रोशनी:

निश्चित रूप से, सफलता अधिकांशतया व्यक्ति पर निर्भर करती है, लेकिन मजबूत सहायता प्रणाली पास होना एक विशेष दुनिया निर्मित करता है। ऐसा सहायक एक गुरू तलाशने से हासिल हो सकता है और ईंटर्नशिप एक अच्छा पेशेवर मार्गदर्शक पाने का शानदार अवसर हैं। हालांकि किसी तजुर्बेकार से चढ़ना सीखने के दौरान वे युवा मनों की रचनात्मक आलोचना के साथ सहायता भी करते हैं। हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जो निरंतर परिवर्तनशील गति की विशेषता लिए हुए है। टिकने के लिए, व्यक्ति को जीवन भर हमेशा सीखने की अवस्था में बने रहना व योग्यताएं विकसित करते रहना चाहिए जो एक अनिश्चित भविष्य में उपयोगी रहेंगी। इसीलिए, एक ऐसा पाठ्यक्रम सूत्रबद्ध करने की अनिवार्य आवश्यकता है जो जीवन के लिए शिक्षा का लक्ष्य पूर्ण करता है और सभी अन्य लक्ष्यों को इस लक्ष्य के सहायक अवयवों के रूप में देखता है और इंटर्नशिप इसका एक घटक हो सकती है।

– लेखक करियर डेवलेपमेंट सेंटर, शिव नादर स्कूल, नोएडा में अग्रणी हैं।

## स्कॉलरशिप




### इंटरनेशनल लाइफ स्किल्स ओलिम्पियाड

**दुनिया** का पहला और एकमात्र ओलिम्पियाड है जो छोटे बच्चों के लाइफ स्किल्स एप्टीट्यूड की परीक्षा लेता है। यह वैश्विक परीक्षा खास तौर पर तीसरी कक्षा से लेकर 12वीं तक के स्कूल छात्रों या होम-स्कूल छात्रों के लिए डिजाइन की गयी है।




**कैसे पंजीकरण कराएंः** पूर्ण विवरण के साथ ऑनलाईन पंजीकरण आवश्यक है। स्कूल में आकर पंजीकरण कराने का कोई प्रावधान नहीं है। इच्छुक छात्र इसे सीधे कर सकते हैं। इसके अलावा, अभिभावक अपने बच्चों के नामों का पंजीकरण करा सकते हैं। परीक्षा फीस 7.99 डॉलर (499 रूपए) है।

**परीक्षा तिथिः** 14-15 दिसंबर, 2019।

परीक्षा परिणाम वेबसाईट पर प्रकाशित किए जाएंगे और मेल द्वारा सूचित किए जाएंगे। इसमें विश्व भर के कक्षा तीसरी से लेकर कक्षा 12वीं के छात्र भाग ले सकते हैं।

आईएलएसओ वेबसाइट में लाइफ स्किल्स गाइड तथा अभ्यास प्रश्नों तथा कृत्रिम परीक्षा संबंधी ग्रेड समूह का उल्लेख है। ये केवल उन छात्रों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर ली है।

प्रत्येक समूह के टॉप रेंक धारकों को हार्वर्ड युनिवर्सिटी आने के टिकट मिलता है। उनसे कम रैंकधारकों को आईपैड्स व किंडल्स जैसे पुरस्कार दिए जाएंगे। दुनिया भर से भागीदारों को डिजीटल प्रमाणपत्र दिए जाएंगे और प्रायोजकों व पार्टनरों से 9.99 डॉलर की धनराशि के पुरस्कार दिए जाएंगे।

अधिक जानकारी या पंजीकरण कराने के लिए कृपया http://www. lifeskillsolympiad.org पर जाएं।

**आवेदन की अंतिम तिथिः** 30 नवंबर, 2019।

---

### द आरएमआईटी युनिवर्सिटी

को इंटरनेशनल छात्रों के लिए मेडिबैंक स्कालरशिप में आवेदन करने क लिए आस्ट्रेलिया, मलेशिया व इंडोनेशिया के अत्यंत महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों की तलाश है।



**योग्यताः** इस आवेदन की अर्हता पाने के लिए आपको आरएमआईटी द्वारा आयोजित मेडिबैंक कांप्रीहेंसिव ओएसएचसी का हिस्सा बनना, अपनी उच्चतम स्तर की शैक्षिक परीक्षा में औसतन 70प्रतिशत धारक होना आवश्यक है तथा आप पहले से आरएमआईटी छात्र न हों व 1 सिंतबर , 2020 में पाठ्यक्रम में एसोसिएट डिग्री, स्नातक डिग्री या मास्टर डिग्री के लिए पंजीकृत हों।

**स्वीकृत कोर्स या विषय :** युनिवर्सिअी द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम द्वारा किसी भी विषय में एसोसिएट डिग्री, बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री।

आपको आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट या आईडी, प्रमाणपत्र संबंधी प्रतिलिपियां, मंतव्य कथन, प्रस्तावना- पत्र एवं सीवी के रूप में आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

**भाषा शर्तेंः** आरएमआईटी में प्रवेश के लिए आपको अपनी अंग्रेजी भाषा दक्षता का ताजा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

**आवेदन की अंतिम तिथिः** 24 जनवरी, 2020।

# शिक्षा के तरीकों पर पुनर्विचार आवश्यक

**गौतम राजगढ़िया** कहते हैं कि छात्र केन्द्रित कक्षा छात्र शिक्षण को सुधारने का एक तरीका है जो स्वतंत्र समस्या समाधान में सक्षम भी बनाता है –



शिक्षा हमेशा एक आधार मानी गयी है जिस पर भविष्य का मार्ग प्रशस्त होता है। हालांकि, शिक्षा, प्रक्रिया तथा वाहक दोनों रूपों में, निरंतर विकासमान है। भले ही शिक्षक पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों व सिद्धांतों को अद्यतन करते हैं, मगर छात्रों को शिक्षित करने के तरीके व्यवहारिक रूप में वहीं रह जाते हैं। इसीलिए, छात्र शिक्षण को सुधारने के लिए, यह जरूरी है कि हम छात्रों को पढ़ाने में उपयोग आने वाले तरीकों पर पुनर्विचार करें।

छात्र केन्द्रित कक्षा होना छात्र शिक्षण को सुधारने का एक तरीका है। ऐसी कक्षाओं में, शिक्षक दोयम स्थिति निभाते हैं, वे केवल मार्गदर्शन के लिए उपस्थित होते हैं तथा छात्रों को सही दिशा में प्रेरित करते हैं। यह तरीका दूरगामी शिक्षण तथा स्वतंत्र समस्या समाधान करने में सक्षम बनने में सहायता करता है।

छात्र-केन्द्रित कक्षाएं सहपाठी-शिक्षण पर ध्यान देती हैं , एक शैक्षणिक अभ्यास जिसमें छात्र अपने शिक्षण लक्ष्य पूरे करने के लिए अपने सहपाठी के साथ संवाद करते हैं। सहपाठी के साथ शिक्षण एक द्विमार्गी पथ है जो पारस्परिक शिक्षण के लिए प्रोत्साहित करता है। छात्र, या तो समूहों में या जोड़ों में, दूसरे छात्रों को अवधारणाएं समझाते हैं और अपनी समझ बढ़ाने के लिए उनमें बहसें होती हैं। इस तरीके के द्वारा, छात्र सीखते हैं कि कैसे उस ज्ञान को साझा करें जिसे उन्होंने समझा है, ताकि उसमें उनकी समझदारी और भी गहन हो सके।

> “ ऐसी कक्षाएं पारंपरिक शिक्षण एवं आधुनिक शिक्षण अभ्यासों के बीच की बाधाओं को तोड़ती हैं और अपनी शिक्षा द्वारा सर्वोत्तम बनने में छात्रों की सहायता करती हैं।


आगे बढ़ने की संभावना बनाए रखने के साथ सीखने के लिए एक सुरक्षित स्थान निर्मित करने के लिए छात्र केन्द्रित कक्षाओं को निम्न तरीके अपनाने चाहिए:

- **परियोजना आधारित असायनमेंट्सः** छात्रों को सीखने की खुली छूट दी जाती है, लेकिन उन्हें परियोजनाओं के जरिए अपनी शिक्षाएं प्रदर्शित करनी चाहिए। प्रोजेक्ट्स विभिन्न विषयों पर छात्रों के बीच संवाद प्रोत्साहन में सहायता करते हैं।
- **तकनीक का उपयोगः** आज के छात्र आधुनिक तकनीक से परिचित हैं। शिक्षा में अपनी रुचि बनाए रखने के लिए तथा अपनी योग्यताओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए, छात्रों को प्रोजेक्टों व अन्य असायनमेंट्स के लिए मोबाइल तथा वेब उपकरणों का उपयोग करने का अवसर दिया जाता है।
- **कक्षा में होने वाली गतिविधियांः** कक्षा के लिए भागीदारीपूर्ण गतिविधियों का उपयोग किया जाता है जिससे कि छात्रों को अतिरिक्त शिक्षाओं के प्रति अपनी हिचक पर नियंत्रण पाने में सहायता मिल सके। यह सीखने के नाम पर सीखने के विचार को लागू करती हैं।
- **छात्र मूल्यांकनः** छात्र शिक्षण के लिए वातावरण निर्मित करने के दौरान, छात्रों के लिए अपने काम का मूल्यांकन करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाता है। आत्म-आंकलन अपनी कमजोरियों को समझने व उन पर काबू पाने में छात्रों की सहायता करते हैं।

छात्र केन्द्रित कक्षाएं विमर्श आधारित शिक्षण पर जोर देती हैं तथा ऐसे प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करती हैं जो आलोचनात्मक चिंतन, निर्णय लेने तथा समस्या समाधान करने संबंधी समझदारी विकसित करने में छात्रों की सहायता करते हैं। ऐसी कक्षाएं पारंपरिक शिक्षण एवं आधुनिक शिक्षण अभ्यासों के बीच की बाधाओं को तोड़ती हैं और अपनी शिक्षा द्वारा सर्वोत्तम बनने में छात्रों की सहायता करती हैं।

– लेखक दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी के डायरेक्टर हैं।

# यदि कोई खंड कठिन है तो परेशान न हों



**कक्षा** 11वीं व 12वीं के फिजिक्स, कमेस्ट्री व गणित के अध्यायों की जेईई में समान अहमियत है। हालांकि, जब आप फीजिक्स, कमेस्ट्री और गणित के सभी अध्यायों की तैयारी कर रहे हैं तो ध्यान व जोर इन बिन्दुओं पर विशेष दिया जा सकता है:

**गणितः** अल्जेब्रा में क्वाड्रेटिक इक्वेशंस एंड एक्प्रेशंस, कांप्लेक्स नंबर्स, प्रोबेबिलिटी, वेक्टर्स, तथा मेट्रिक्स, कोआर्डिनेट जोमेट्री में, सर्किल, पेराबोला, हायपरबोला, केलकुलस में फंक्शंस, लिमिट्स, निरंतरता एवं विविधता, एप्लीकेशन आफ डेरीवेटिव्स, डेफिनिट इंटीग्रल।

**क्या करें :** ठोस आत्मविश्वासपूर्ण स्तर विकसित करने के लिए यथासंभव अधिकतम गुणवत्तापूर्ण प्रश्न हल करें।

**फीजिक्सः** काइनेमेटिक्स, ग्रेविटेशन, फ्ल्यूड्स, हीट एंड थर्मोडायनामिक्स, वेव्स एंडसाऊंड, केपेसिटर्स एंड इलेक्ट्रोस्टेटिक्स, मेग्नेटिक्स, इलेक्ट्रोमेग्नेटिक इंडक्शन, ऑप्टिक्स एंड माडर्न फीजिक्स।

**क्या करें :** गुणवत्तापूर्ण प्रश्नों का अभ्यास करना इस विषय में सफलता की कुंजी है। यदि अवधारणाएं स्पष्ट हैं तो यह विषय सर्वाधिक दिलचस्प बन जाता है।

**कमेस्ट्रीः** कोआर्डिनेशन कमेस्ट्री एंड केमिकल बांडिंग इन इनआर्गनिक कमेस्ट्री, इलेक्ट्रोकमेस्ट्री, केमिकल एंड इयोनिक इक्विलीब्रियम, फिजिकल कमेस्ट्री एवं आर्गेनिक कमेस्ट्री की मोल या चिन्ह अवधारणा।

**क्या करें :** आर्गेनिक कमेस्ट्री के लिए एनसीईआरटी पुस्तक पढ़ें व आम तौर पर पीरियाडिक टेबल का अध्ययन करें। आर्गेनिक कमेस्ट्री के लिए, पहले अपनी मूल अवधारणाएं स्पष्ट करें और फिर उनका अधिकतम अभ्यास करें। फिजिकल कमेस्ट्री के लिए, अधिकतम न्यूमेरिकल आधारित प्रश्नों को हल करने का अभ्यास करें। छात्रों को सलाह है कि वे फीजिक्स, कमेस्ट्री व गणित में चुनींदा अध्ययन न करें। आम तौर पर, सिलेबस में उल्लिखित सभी टापिक्स पढ़े जाने हैं। अब यह कि न्यूमेरिकल आधारित प्रश्न होंगे उसमें छात्रों को अभ्यास के लिए इंटीगर टाइप उत्तरों के साथ सब्जेक्ट टाइप प्रश्न हल करने की सलाह है।



**रमेश बाटलिश,** एक्सपर्ट, एफआईआईटीजेईई

## रणनीति जेईई ( मेन ) पेपर

कभी कभी सही रणनीति व समय प्रबंधन उम्मीदवार के लिए रैंक निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए, व्यक्ति को पेपर के स्तर को समझने और तदनुरूप हल करने में पर्याप्त तत्पर रहना होगा। हालांकि प्रश्नों को हल करते समय निम्न बातों को दिमाग में रखना पड़ सकता है:

### यह करें

- पहले आसान प्रश्न हल करें।
- उन खंडों को चुनें जिनमें कम जोखिम हो तथा अधिक लाभ प्राप्ति हो।
- शुरुआती पांच मिनट में समूचे प्रश्न पत्र को सावधानी से देख लें।
- पेपर हल करते समय समय का निरंतर ध्यान रखें।
- सभी न्यूमेरिकल आधारित प्रश्नों को हल करें क्योंकि उनमें नंबरों की कटौती नहीं की जाती है।

### यह मत करें

- उन प्रश्नों से शुरुआत न करें जिन्हें आप नहीं जानते हैं।
- अगर कोई खंड कठिन है तो परेशान न हों। आप अन्य खंडों में अंक पा सकते हैं।
- अगर प्रश्न संबंधी अवधारणा के बारे में नहीं मालूम है तो अंदाजा न लगाएं।
- यदि पेपर कठिन लगता है तो निराश न हों, चूंकि यह सापेक्ष प्रदर्शन है जो महत्व रखता है। इसलिए, अपने सर्वोत्तम विश्लेषणकारी मन का उपयोग करें, यह आपको आगे ले जाएगा।

**मुख्य बिन्दुओं को याद रखें जो जेईई मेन ( पेपर-1 )में आपकी रैंक का फैसला करेंगे। वे इस प्रकार होंगे:**

- आपने फीजिक्स, कमेस्ट्री व गणित सभी विषयों के महत्वपूर्ण अध्यायों में कितनी प्रवीणता हासिल की है।
- जेईई मेन में पूछे गए प्रश्नों से मिलते जुलते प्रश्नों का आपने कितना अधिक अभ्यास किया है।
- बहुविकल्पीय किस्म के प्रश्न हल करने में आपने अपनी समयावधि का कितना सुधार किया है।
- अपने सिलेबस को कवर करने के अलावा समय प्रबंधन व रणनीति पर आपने कितना अधिक ध्यान दिया है।
- जब आप वास्तविक परीक्षा देते हैं तो आप कितना अधिक शांत व स्थिर होते हैं।

हालांकि छात्रों को अपना सर्वोत्तम प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है क्योंकि आखिरकार यह वास्तविक परीक्षा में सापेक्ष प्रदर्शन है जो आपको जेईई 2020 में अच्छी रैंक दिलाएगा।